आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 38 | उज्जैन, रविवार 22 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 5 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मायावती-अखिलेश बोले- एआई समिट में कांग्रेस का प्रदर्शन गलत


**नई दिल्ली/मुंबई/गुजरात।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा चीफ मायावती ने दिल्ली के भारत मंडपम में एआई समिट में शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदर्शन को गलत बताया है। अखिलेश ने कहा, जब दुनियाभर से डेलीगेट्स आये हो तो ऐसा हंगामा नहीं करना चाहिए। सरकार से लड़ाई हमारा इंटर्नल मामला है, फॉरेन डेलीगेट्स के सामने हमारे देश का अपमान होता है। मायावती ने एक्स पर लिखा- कांग्रेस का प्रदर्शन निन्दनीय है। अगर यह सम्मेलन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन एआई समिट के दौरान ऐसा व्यवहार करना चिन्ता की बात है। इधर, कांग्रेस के एआई समिट में हंगामा करने के विरोध में भाजपा ने दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर में प्रदर्शन किया।

### अमेरिकी टैरिफ डील, राहुल बोले- मोदी ने विश्वासघात किया

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ डील पर विपक्ष फिर मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पीएम मोदी पर समझौता करने का आरोप लगाया। कहा कि उनका विश्वासघात अब उजागर हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि पीएम इस व्यापार समझौते में फिर से आत्मसमर्पण कर देंगे। उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना मोदी सरकार इतनी जल्दबाजी में ट्रैप डील में शामिल क्यों हुई, जिसने भारत से भारी रियायतें छीन लीं। बता दें अमेरिका ने 2 फरवरी को भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ घटाकर 18% किया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 20 फरवरी को बताया कि अमेरिका के साथ 'अंतरिम व्यापार समझौता' फरवरी के अंत तक फाइनल हो जाएगा।

### काबिल 2 की स्क्रिप्ट तैयार

### ऋतिक रोशन की हरी झंडी मिलते ही शुरू होगी शूटिंग



**डायरेक्टर संजय गुप्ता का दावा- सीक्वल होगा पहले से ज्यादा खतरनाक**

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर संजय गुप्ता ने फिल्म काबिल 2 की स्क्रिप्ट तैयार होने की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। यह घोषणा हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान की गई, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर ऋतिक रोशन और उनकी फैमिली से ग्रीन सिग्नल मिलता है तो वे फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू कर देंगे। संजय गुप्ता ने कहा कि एक निर्देशक और लेखक के रूप में वे पूरी तरह से तैयार हैं और उनके पास काबिल 2 की स्क्रिप्ट पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि अगर कोई पहले पार्ट का सीक्वल बनाता है तो उसे पहले के मुकाबले बेहतर और खतरनाक होना चाहिए ताकि दर्शकों को एक नई और रोमांचक कहानी मिल सके। 2017 में रिलीज हुई काबिल में ऋतिक रोशन ने एक अंधे व्यक्ति रोहन भटनागर का किरदार निभाया था, जो अपनी पत्नी के साथ हुए अन्याय के बाद बदला लेने के सफर पर निकलता है। उस समय फिल्म को आलोचक और दर्शकों दोनों का समर्थन मिला था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में जगह बनाई थी। फिल्म में यामी गौतम ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जबकि रोनित रॉय एवं रोहित रॉय जैसे कलाकारों ने महत्वपूर्ण किरदार निभाए थे। काबिल की पटकथा, गाने, एक्शन और भावनात्मक दृश्यों को खास तौर पर सराहा गया था, जिससे फिल्म एक यादगार अनुभूति बन गई थी।

### मोबाइल की बैटरी में ब्लास्ट होने से दो भाई घायल

**रीवा।** रीवा जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में मोबाइल की पुरानी बैटरी ब्लास्ट होने से दो मासूम भाई घायल हो गए। पढ़ाई के दौरान हुए इस धमाके ने पूरे गांव को दहला दिया, बड़े बेटे की उंगलियां उड़ गईं और सर्जरी की नौबत आ गई। हादसे के समय दोनों भाई घर के कमरे में बैठकर पढ़ाई कर रहे थे। बड़े बेटे के हाथ की उंगलियों की सर्जरी करने के लिये जबलपुर रेफर किया गया है। धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग भी घबरा गए। विस्फोट में बड़े बेटे का अंगूठा और चार उंगलियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि छोटा बेटा भी घायल हुआ। घटना के बाद दोनों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बस्तर में नक्सलियों पर बड़ा प्रहार, 173 स्मारक ध्वस्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ का बस्तर इलाका कभी नक्सलियों का मजबूत गढ़ माना जाता था। घने जंगल, दूर-दराज के गांव और सुरक्षा बलों की सीमित पहुंच इन सबके बीच माओवादी संगठन ने वर्षों तक यहां अपना असर बनाए रखा। इस दौरान नक्सलियों ने अपने नेताओं और मारे गए साथियों की याद में कई स्मारक बनवाए। ये स्मारक उनके प्रभाव और दबदबे का प्रतीक बन गए थे। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों ने बस्तर में बड़े पैमाने पर अभियान चलाए हैं। नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ उनके बनाए गए स्मारकों को भी निशाना बनाया गया है। आंकड़े बताते हैं कि 2018 से अब तक करीब 173 नक्सली स्मारक ध्वस्त किए जा चुके हैं।

---

तीन राज्यों में एसआईआर की फाइनल लिस्ट प्रकाशित, गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी आ सकती है

# राजस्थान में 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ वोटर रजिस्टर्ड

एजेंसी ▶▶ जयपुर/रायपुर

देश के 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव आयोग के वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का दूसरा फेज अपने अंतिम चरण में है। शनिवार को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हुई। इसके बाद राजस्थान में कुल 5.15 करोड़, छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ और केरल में 2.69 करोड़ वोटर दर्ज हैं।

आज गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी आ सकती है। अब तक कुल 6 राज्यों-यूटी की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। इससे पहले लक्षद्वीप, पुडुचेरी और गुजरात की अंतिम मतदाता सूची जारी हुई थी। 23 फरवरी को तमिलनाडु और मध्य प्रदेश की लिस्ट आएगी।



देश में एसआईआर प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थी। 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के लिए आवेदन लिए गए, जिनका निपटारा करने के बाद फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित की जा रही है। 12 राज्यों-यूटी में वोटर लिस्ट के एसआईआर में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं।

#### 1 हफ्ते में 6 राज्यों की फाइनल लिस्ट पब्लिश

**21 फरवरी-** एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी होने के बाद राजस्थान में 5,15,19,929 वोटर हैं। राज्य में 31,36,286 वोटर के नाम कट गए हैं। छत्तीसगढ़ में कुल 1,87,30,914 वोटर दर्ज हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के मुकाबले फाइनल लिस्ट में 2,34,994 नए वोटर बढ़े हैं। केरल में कुल 2,69,53,644 वोटर्स हैं, जबकि पिछले साल अक्टूबर में एसआईआर शुरू होने से पहले 2,78,50,855 वोटर्स थे।
**17 फरवरी-** गुजरात की फाइनल वोटर लिस्ट के बाद राज्य में कुल 4,40,30,725 वोटर दर्ज हैं।
**14 फरवरी-** केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 9,44,211 मतदाता और लक्षद्वीप में कुल 57,607 मतदाता रजिस्टर्ड हैं।
**10 फरवरी:** असम में फाइनल लिस्ट प्रकाशित
ईसी ने असम में हुए स्पेशल रिवीजन 2026 के तहत फाइनल वोटर लिस्ट जारी की थी। ईसी के मुताबिक, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की तुलना में 2.43 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं। अब राज्य में कुल 2,49,58,139 वोटर्स रजिस्टर्ड हैं।
ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 2,52,01,624 थी। स्पेशल रिवीजन प्रक्रिया के बाद लिस्ट में 2,43,485 नाम हटाए गए हैं। अब फाइनल लिस्ट में 1,24,82,213 पुरुष, 1,24,75,583 महिलाएं और 343 थर्ड-जेंडर शामिल हैं।

#### एसआईआर के बारे में जानें

यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है। जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है। बीएलओ घर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं। 1951 से लेकर 2004 तक का एसआईआर हो गया है, लेकिन पिछले 21 साल से बाकी है। इस लंबे दौर में मतदाता सूची में कई परिवर्तन जरूरी हैं। जैसे लोगों का माइग्रेशन, दो जगह वोटर लिस्ट में नाम होना। डेथ के बाद भी नाम रहना। विदेशी नागरिकों का नाम सूची में आ जाने पर हटाना। कोई भी योग्य वोटर लिस्ट में न छूटे और कोई भी अयोग्य मतदाता सूची में शामिल न हो। पहले फेज में बिहार में हुआ। फाइनल लिस्ट में 7.42 करोड़ वोटर्स हैं।

---

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ रद्द किए

# भारत पर 18% टैरिफ भी खत्म ट्रम्प ने 10% नया टैरिफ लगाया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले से भारत पर लगा 18% रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हो गया है।

दरअसल, ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए आईईईपीए कानून का इस्तेमाल कर अप्रैल 2025 में दुनिया के करीब 100 देशों से पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रम्प को आईईईपीए कानून का इस्तेमाल करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।

कोर्ट के इस फैसले के 3 घंटे के बाद ट्रम्प ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर के देशों पर नए कानून (सेक्शन-122) का इस्तेमाल कर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।



#### 24 फरवरी से लागू होगा 10% टैरिफ

- ट्रम्प ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर दुनियाभर के देशों पर 10% का टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ 24 फरवरी से लागू हो जाएगा।
- बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय यूनियन समेत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब 10% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। यानी कि भारत पर अब टैरिफ 18% की जगह घटकर 10% रह जाएगा।
- उन्होंने टैरिफ को अवैध बताने वाले जजों की भी आलोचना की। ट्रम्प ने कहा- मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है। भारत के साथ ट्रेड डील पर ट्रम्प ने कहा कि, इस डील में कोई बदलाव नहीं होगा। पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं।

- सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं है। मैं इन्हें राष्ट्रपति के मिले अधिकारों के जरिए लागू कर सकता हूं।
- सुप्रीम कोर्ट में रिफंड को लेकर कोई साफ बात नहीं कही गई है। इसलिए अमेरिकी सरकार किसी भी कंपनी को टैरिफ के रूप में वसूला गया पैसा वापस नहीं करेगी।
- जज ने बहुत ही घटिया फैसला सुनाया है। मुझे लगता है कि अब इस मामले पर अगले दो साल तक कोर्ट में मुकदमा चलेगा। हम अगले 5 साल तक कोर्ट में ही रहेंगे।
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विदेशी ताकतों का असर पड़ा है। अगर टैरिफ नहीं लगाए गए, तो विदेशी देश कुछ उद्योगों में अमेरिका से आगे निकलते रहेंगे।
- टैरिफ लगाने का यह कदम कई साल पहले के राष्ट्रपतियों को उठा लेना चाहिए था। उन्होंने हमारे देश को कमजोर होने दिया और दूसरे देशों को फायदा उठाने दिया।

---

इतनी बड़ी आबादी है कि रोज नॉर्मल डेथ भी हो रही थी

## पीएम किसका कराते, दो की जगह चार नहीं हम पांच लाख देने को तैयार : मुख्यमंत्री

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

विधानसभा बजट सत्र में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि माननीय अध्यक्ष जी यह ऐसा विषय है पर नेता प्रतिपक्ष जी को सीताशरण जी प्रहलाद पटेल ने बताया कि वैसे इस विषय पर चर्चा नहीं कराई जानी थी। लेकिन यह बात भी सही है कि हमने तत्परतापूर्वक एक ऐसे विषय पर जिस विषय के बारे में प्रश्न आया है, हमने हर तरह से प्रशासनिक दृष्टि से तत्परतापूर्वक संवेदनशील तरीके उसका समाधान करने का भी प्रयास किया। चूंकि यह ऐसा घटना क्रम था जिस घटना क्रम में पीएम पर प्रश्न था कि पीएम किसका कराएं और इतनी बड़ी आबादी है कि रोज नॉर्मल डेथ भी हो रही थी। ऐसे में आपने कहा दो की जगह चार लाख दो, हम पांच लाख देने को तैयार हैं, पैसे का प्रश्न नहीं है।



---

188 करोड़ के बैंक घोटाले में

## उद्योगपति शाहरा की पत्नी की 5.13 करोड़ रुपए की जमीन अटैच

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

रुचि ग्लोबल लिमिटेड से जुड़े 188 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नीता शाहरा की 5.13 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन अटैच कर दी है। कंपनी का नाम अब एग्रोटेड इंटरप्राइजेस लिमिटेड हो गया है।

नीता शाहरा, कंपनी से जुड़े उद्योगपति उमेश शाहरा की पत्नी हैं। जांच में सामने आया कि बैंक से धोखाधड़ी कर प्राप्त रकम का इस्तेमाल संपत्तियां खरीदने में किया गया था, इसी आधार पर पीएमएलए के तहत यह कार्रवाई की गई। यह केस भोपाल में सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर के बाद ईडी ने अपने



हाथ में लिया था। बैंकों के कंसोर्टियम, जिसकी अगुवाई बैंक ऑफ बड़ौदा कर रहा था, ने कंपनी पर 188.35 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। कंपनी ने क्रेडिट सुविधाएं और लेटर ऑफ क्रेडिट हासिल करने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेज लगाए और गलत व्यापारिक लेन-देन दिखाकर लोन स्वीकृत कराया।

## प्रदेश में अप्रैल से महंगी होगी शराब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

एमपी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई आबकारी नीति को कैबिनेट की मंजूरी के बाद गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह नीति शराब की बिक्री और वितरण व्यवस्था में बड़े बदलाव लाएगी। सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था सामाजिक संवेदनशीलता, पारदर्शिता और राजस्व वृद्धि के बीच संतुलन बनाएगी। माना जा रहा है कि 1 अप्रैल से शराब की कीमतों में भी वृद्धि हो जायेगी। नीति के तहत प्रदेश में कोई नई मदिरा दुकान नहीं खोली जाएगी। साथ ही मौजूदा 3553 दुकानों के नवीनीकरण की पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है।

## देश में बड़े आतंकी हमले का हाई अलर्ट

**लाल किला और प्रसिद्ध मंदिर लश्कर के निशाने पर, खुफिया एजेंसियां सतर्क**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को एक बार फिर दहलाने के लिए सरहद पार से नापाक साजिशें रची जा रही हैं। देश की राजधानी समेत कई प्रमुख धार्मिक नगरियों को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने एक बेहद गंभीर अलर्ट जारी किया है। खुफिया विभागों को मिले पुख्ता इनपुट्स इशारा कर रहे हैं कि पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा खून-खराबे की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस बार आतंकियों के सीधे निशाने पर देश की ऐतिहासिक धरोहरों के साथ-साथ हिंदुओं के प्रमुख आस्था केंद्र हैं, ताकि देश का माहौल बिगाड़ा जा सके।

#### धार्मिक स्थलों पर मंडरा रहा खतरा

खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस आतंकी संगठन का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले इलाकों और पवित्र धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर देश के सांप्रदायिक सौहार्द को गहरी चोट पहुंचाना है। आतंकवादी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के आसपास के क्षेत्रों और घनी आबादी वाले चांदनी चौक इलाके में मौजूद मंदिरों को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के जरिए निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। राजधानी के अलावा उत्तर प्रदेश के अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे शहरों के प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिर भी आतंकियों के हिट लिस्ट में शामिल बताए जा रहे हैं, जिसके बाद इन सभी जगहों की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है।

अलर्ट में इस बात का भी सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि भारत में दहशत फैलाने की यह साजिश असल में बदले की आग का नतीजा है। बताया जा रहा है कि बीते 6 फरवरी को पाकिस्तान के इस्लामाबाद स्थित एक मस्जिद में हुए जोरदार धमाके के बाद से ही लश्कर के ऑपरेटिव पूरी तरह से बौखलाए हुए हैं। इसी घटना का बदला लेने के लिए वे भारत के किसी बड़े और संवेदनशील हिस्से में बड़ा आतंकवादी हमला करने की योजना बना रहे हैं, ताकि आम जनता के बीच खौफ का माहौल पैदा किया जा सके।

---

गुजरात : डिवाइडर से टकराकर कार के उड़े परखच्चे

# एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ महेसाणा

गुजरात के मेहसाणा जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, एक परिवार राजस्थान में शादी में शामिल होने के बाद ईको कार से अहमदाबाद के रामोल वापस लौट रहा था। इस दौरान ऊंझा के उनावा के पास कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा होते ही मौके पर ही चीख-पुकार मच गई और कार के परखच्चे उड़ गए। हादसा होते ही मौके पर भीड़ लग गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू किया।

### प्रदेश के भिंड में बस और कार की भीषण टक्कर से 5 की मौत, 7 गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भिंड

प्रदेश के भिंड जिले में ग्वालियर हाईवे से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-719 पर शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी देर रात बरात से ग्वालियर लौट रही बस ने कार को मारी टक्कर दी। जिससे हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 7 लोग घायल हैं। सूचना मिलते ही गोहद चौराहा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों में से 2 की बेहद गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि, एक तेज रफ्तार बस भिंड में बारात छोड़कर वापस ग्वालियर की ओर जा रही थी। इसी दौरान जिले के छीमका



के पास उसने यात्रियों से भरी एक ईको कार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद हाईवे पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, जिसे बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। इधर, पुलिस ने सभी शवों का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# छत्रीचौक पानी की टंकी से ढाबा रोड तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ

## भवन स्वामी द्वारा स्वयं द्वारा अपने मकान के चिन्हित भाग को हटाने की कार्यवाही की जा रही है







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को नगर निगम द्वारा छत्रीचौक पानी की टंकी से होते हुए ढाबा रोड, सत्यनारायण मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण की कार्यवाही प्रारंभ की गई है जिसमें भवन स्वामियों द्वारा मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में सहयोग करते हुए स्वयं द्वारा अपने मकान के चिन्हित भाग को हटाने की कार्यवाही की जा रही है, उक्त स्थल पर चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ होने से ट्रैफिक डायवर्शन रहेगा नागरिकों से अपील है कि अन्य मार्गों से आवागमन करें और असावधानी से बचें।

निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा मार्ग चौड़ीकरण कार्य में संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि चौड़ीकरण कार्य भवन स्वामी द्वारा स्वयं द्वारा शहर विकास में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रारंभ किया गया है कार्य में गति लाने हेतु अपने संसाधनों का उपयोग करें रात्रि में भी कार्य किया जाए साथ ही संबंधित क्षेत्र के नागरिकों को समस्या ना हो इसलिए जितना तोड़ाई का कार्य होता जा रहा है तत्काल मलवा उठाने का कार्य करें, नालियों की नियमित सफाई करवाई जाए, किसी भी प्रकार से पानी का लीकेज ना हो इसके लिए लीकेज संधारण की टीम उपस्थित रहे प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रहे इस बात का विशेष ध्यान रखें।

शनिवार से प्रारंभ किए गए मार्ग चौड़ीकरण कार्य का अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल, कार्यपालन यंत्री श्री लक्ष्मण प्रसाद साहू, सहायक यंत्री श्री डीएस परिहार द्वारा निरीक्षण किया गया साथ ही दुकानदारों को शीघ्र दुकान खाली करने के निर्देश दिए ताकि कार्य को प्रारंभ किया जा सके।

## "प्रतिष्ठा" में दाग...

इंसान हो या फिर कोई प्रतिष्ठान अगर कर्म काले हों तो फिर उसकी ह्लप्रतिष्ठाह्व में दाग लगना तय है। इसके बाद आप कितने ही अच्छे कर्म कर लें। वर्तमान समाज में एक बार ह्लप्रतिष्ठाह्व पर दाग लग गया तो फिर वह ही याद रखा जाता है आपके अच्छे कर्म नहीं । उदाहरण के तौर पर ऐसे कई नाम एवं प्रतिष्ठान हैं। शुक्रवार को जिले के बडे साहब छात्रावास की जांच करने पहुंच गए थे। मूलतः साहब को जाना था ' चिन..' और वे जापान पहुंच गए ङ्क समझ गए ना ? छात्रावास में रहने वाले बच्चों की ' चिंता मन' में समाई थी । ससम वर्ष में, चटाई फर्श पर 'आशुतोष' ने अपने कर्म से ऐसी आग लगाई कि ' कृत्य ' की भनक अभिभावकों के कानों तक घडघडाई है। जय का 'विरु पक्ष' ले रहा है। क्योंकि जय का द्वार 'पाल' ही महीनों से कमाल दिखा रहा है। इसमें धर्म नगरी को दुहाई है। खुसूर-फुसूर है कि नाबालिगों की आवाज नक्कारखाने में तुती की तरह दब कर रह गई है। उपर से अनेक आवरण उस पर चढा दिए गए हैं। कागजों में दबी आवाज अभी विद्रोह नहीं बन पाई है। राख में चिंगारी सुलग रही है।जली आग पर अब राख बची है। इस राख से बारूद बनने की कवायद जन्म ले रही है।

खुसूर फुसूर

## आज से बोर्ड परीक्षा के साथ 12 वीं का मूल्यांकन कार्य भी,शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण, करीब 150 मुल्यांकनकर्ता पहुंचेंगे समन्वयक संस्था में कापियों की जांच के लिए

# दशहरा मैदान में जंचेगी आज से 5 विषयों की कापियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के साथ रविवार से जिले की समन्वयक संस्था दशहरा मैदान कन्या स्कूल में 12 वीं की कापियों के मुल्यांकन का कार्य भी शुरू होने जा रहा है। मुल्यांकन कार्य के लिए शनिवार को शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स ने जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री की उपस्थिति में प्रशिक्षण देते हुए नियम एवं निदेशों से अवगत करवाया है।

रविवार से बोर्ड की समन्वयक संस्था दशहरा मैदान मुल्यांकन केंद्र पर करीब 150 के लगभग पहले दिन मुल्यांकनकर्ता पहुंचेंगे। मुल्यांकन के प्रारंभिक दिवस पर 12 वीं कक्षा की 5 विषयों की कापियों की जांच के कार्य को अंजाम दिया जाएगा।

### दो सत्रों में प्रशिक्षण

शनिवार को मुल्यांकन कार्यों को लेकर उत्कृष्ट विद्यालय में बोर्ड की कापियों के मुल्यांकन कार्य करने वाले शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया । जिला शिक्षाधिकारी महेन्द्र खत्री के आतिथ्य में यहां करीब 300 से अधिक शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स ने मुल्यांकन कार्य की बारिकी से अवगत करवाते हुए नियम एवं निदेशों के साथ त्रुटि रहित कार्य करने की जानकारी दी गई। दो सत्रों में आयोजित प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए श्री खत्री ने कहा कि मुल्यांकन के दौरान शिक्षक को अब न्याय करना है। जज की भूमिका में कार्य करते हुए मुल्यांकनकर्ता को मुल्यांकन के रूप में अपना सही निर्णय देना है।



### मुल्यांकन केंद्र रहेगा बोर्ड की निगरानी में

इधर सामने आ रहा है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की निगरानी में उत्तर पुस्तिकाएं संबंधित सेंटर पर रखवाई गई हैं। इसके बाद शिक्षकों द्वारा इन्हें चेक किया जाएगा। इस बार शिक्षकों की जिम्मेदारी विभाग ने अधिक बढ़ा दी है। क्योंकि, अभी तक उन्हें प्रतिदिन 30 उत्तरपुस्तिकाएं जांचनी थी। लेकिन, अब उन्हें रोजाना 45 से 60 कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा। संबंधित जगह पर उत्तरपुस्तिकाओं का सुरक्षित भंडारण और जांच की पूरी व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यालय के बाहर से आने वाले शिक्षकों को 180 रुपए वाहन भत्ता और स्थानीय शिक्षकों को 130 रुपए भत्ता दिया जाएगा।

### प्राचार्य व्यास के लिए कर्म प्रथम बना

मुल्यांकन केंद्र की जिम्मेदारी समन्वयक संस्था प्राचार्य अभिमन्यू व्यास ने संभाल रखी है। खास बात यह है कि हाल ही में उनके घर में गमी की स्थिति रही है। उसके बावजूद कर्म प्रधान श्री व्यास ने मान्यताओं को दरकिनार करते हुए अपने कर्म को प्राथमिकता दी है। वे बराबर मुल्यांकन कार्य की व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं बोर्ड के नियमों एवं निदेशों के अनुसार मुल्यांकन करवाने के लिए केंद्र की प्रबंधकीय व्यवस्था जुटाने का कार्य कर रहे हैं ।शिक्षा विभाग में उनके कर्म प्रधानता की सर्वत्र चर्चा है एवं विभागीय जिला सहित संभागीय मुख्यालय के अधिकारी भी उनके कार्यों की प्रशंसा करते नहीं अघा रहे हैं।

### शिक्षकों को रोज जांचनी होगी 60 कापिया

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा के साथ ही अब मूल्यांकन की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। मंडल की ओर से कक्षा 10 वीं व 12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य फिलहाल दो चरणों में होगा, इसमें जिला स्तर पर मूल्यांकन कार्य का प्रथम चरण 22 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। जबकि, दूसरा चरण तीन मार्च से शुरू होगा। डीईओ श्री खत्री के अनुसार प्रारंभिक दिन से तो नहीं पर कुछ दिनों के अंतराल से बोर्ड के नियम निदेशों के अनुसार 45-60 कापियों की जांच का काम शुरू हो जाएगा।

### आज से इन विषयों का मुल्यांकन

रविवार से दशहरा मैदान समन्वयक मुल्यांकन केंद्र पर बोर्ड के कार्यक्रम अनुसार कक्षा 12 वीं की अंग्रेजी,भौतिक,अर्थशास्त्र,गृह विज्ञान के एनिमल हसबेंड्री,एलीमेंट आफ साइंस की कापियों की जांच का काम शुरू हो रहा है। बकौल डीईओ श्री खत्री करीब 150 के लगभग शिक्षकों को प्रारंभिक स्थिति में मुल्यांकन कार्य के लिए लगाया गया है। इसमें विषयवार शिक्षकों की संख्या कापियों के आधार पर रखी गई है।

### ऐप से लगेगी हाजिरी, तभी मिलेगी कॉपी

इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया को तकनीक से जोड़ा गया है। शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य शुरू करने से पहले मोबाइल ऐप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी। बिना ऐप पर उपस्थिति दर्ज किए उन्हें उत्तरपुस्तिकाएं नहीं दी जाएंगी। इतना ही नहीं, प्रतिदिन जांची गई कॉपियों का रिकॉर्ड ऐप और रजिस्टर दोनों में अपडेट करना अनिवार्य होगा। निरीक्षण दल भी ऐप आधारित डाटा से मूल्यांकन केंद्रों की निगरानी करेगा, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

### दो चरणों में होगा मूल्यांकन

- प्रथम चरण (22 फरवरी से) : अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, इतिहास, कृषि और विज्ञान विषयों की कॉपियां जांची जाएंगी।
- द्वितीय चरण (3 मार्च से) अन्य विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होगा।

## ट्रैंडिंग




## आज संघ कार्यालय टावर चौक पर बी.पी. डे कार्यक्रम का आयोजन




**उज्जैन।** आज 22 फरवरी को प्रातः 9बजे बी.पी. डे (विचार दिवस) कार्यक्रम का आयोजन जिला संघ कार्यालय टावर चौक फ्रीगंज उज्जैन में किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम में सहभागिता हेतु सादर निवेदन है कि भारत स्काउट एवं गाइड के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बेडन-पॉवेल दम्पति के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 22 फरवरी को बी.पी. डे (विचार दिवस) मनाया जाता है। इसी क्रम में 22 फरवरी को जिला संघ उज्जैन द्वारा बी.पी. डे का आयोजन गरिमामय रूप से किया जा रहा है।

## मालीपुरा में 2 मार्च को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**उज्जैन।** होलिका उत्सव की पूर्व संध्या पर मालीपुरा सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में 2 मार्च को 79वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। समिति के संरक्षक सत्यनारायण चौहान और अध्यक्ष राकेश चौहान ने बताया कि कवि सम्मेलन 2 मार्च की रात 9 बजे से मालीपुरा चौराहे पर आयोजित किया जाएगा। इस साहित्यिक आयोजन में देश के कई ख्याति प्राप्त कवि अपनी कविताओं और हास्य-व्यंग्य की रचनाओं का पाठ करेंगे। समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।समिति के सदस्य संजय देवधर ने बताया कि सतत अनवरत इतने सालो से किसी भी सार्वजनिक आयोजन को चलाना अपने आप में बहुत बड़ी बात है उसके लिए समिति के सभी कार्यकर्ता, स्थानीय निवासी, समाज के लोग बधाई के पात्र है।

## पत्रकार शर्मा मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला सचिव नियुक्त



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश व उज्जैन जिला अध्यक्ष राहुल कटारिया की अनुशंसा पर प्रदेश महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने उज्जैन के वरिष्ठ के पत्रकार नीलेश शर्मा को श्रमजीवी पत्रकार संघ उज्जैन जिले का सचिव नियुक्त किया है। श्री शर्मा की नियुक्ति पर नगर के पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया। इस नियुक्ति पर श्री शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष श्री भदौरिया एवं जिला अध्यक्ष श्री कटारिया का आभार व्यक्त किया है। पत्रकार श्री शर्मा करीब 25 साल से उज्जैन में पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

# देवासगेट चौराहे के ट्रैफिक सिग्नल बंद , रोज लग रहा जाम

## यातायात को ठीक करने की बात केवल बैठकों तक ही सीमित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास गेट क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए यहां पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए हैं। लेकिन पिछले एक महीने से यहां के ट्रैफिक सिग्नल खराब पड़े हैं। इस कारण यहां की यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है और रोज वाहनों का लंबा जाम लग रहा है। देवास गेट बस स्टेशन के नजदीकी रेलवे स्टेशन है। ऐसे में देवास गेट चौराहे पर हमेशा वाहनों का अधिक दबाव रहता है। लेकिन यातायात का दबाव अधिक होने के बावजूद भी यहां की व्यवस्था नहीं सुधारी जा रही है व्यस्ततम चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल की जरूरत महसूस की जा रही है लेकिन यहां नए लगाना तो दूर, बंद पड़े सिग्नलों को भी चालू नहीं किया जा रहा है। यातायात को ठीक करने की बात केवल बैठकों तक ही सीमित होकर रह गई है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में बाहर के श्रद्धालु सड़क व रेल मार्ग से होते हुए महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते है। ऐसे में शहर के अधिकांश मार्गो पर वाहनों का अधिक दबाव रहता है। इस कारण इन मार्गो पर वाहनों का लंबा जाम लग रहा है। इसी तरह पिछले 1 महीने से देवास गेट चौराहे की भी यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है।

### वाहन आपस में गुत्थम गुत्था हो रहे

देवास गेट चौराहे पर लगे यातायात सिग्नल पिछले 1 महीने से खराब पड़े हैं। इस कारण प्रतिदिन वाहनों का लंबा जाम लग रहा है और पूरे दिन चौराहे पर वाहन आपस में गुत्थम गुत्था होते रहते हैं साथ ही सिग्नल बंद होने की वजह से वाहन चालक जल्दी निकलने की होड़ में आपस में टकरा रहे हैं और विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है। लेकिन यहां बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए कोई जवान भी तैनात नहीं किया गया है। इसके अलावा अन्य चौराहे पर लगे सिग्नल रात में जल्दी बंद हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में इन चौराहों से रात में निकलना खतरे से खाली नहीं है। प्रशासन को जिन चौराहों पर सिग्नल जल्दी बंद हो जाते हैं उन सिग्नलों को रात में भी चालू रखना चाहिए ताकि कोई भी दुर्घटनाएं ना हो।

# उज्जैन में प्रदेशभर के पुलिस जवानों को देंगे क्राउड मैनेजमेंट की ट्रेनिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सिंहस्थ-2028 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी के तहत इंदौर के अफसर अगले हफ्ते से उज्जैन में शुरू होने वाले विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रदेशभर के 550 पुलिस जवानों को ट्रेंड करेंगे। इस दौरान वे जवानों को प्रयागराज, नासिक और हरिद्वार कुंभ के दौरान सामने आई चुनौतियों और सफल मैनेजमेंट के बारे में बताएंगे।

भीड़ बढ़ने पर ट्रैफिक कंट्रोल करने के साथ ही आग लगने की घटनाओं को रोकने और काबू पाने के लिए फायर सेफ्टी पर अलग से मॉक ड्रिल भी होगी। ट्रेनिंग सेशन में प्रदेशभर के हर जिले से 10 पुलिस जवान शामिल होंगे। ये जवान उज्जैन से ट्रेंड होकर अपने-अपने जिले में सिंहस्थ के लिए टीमों को तैयार करेंगे। ट्रेनिंग अलग-अलग सेशन में अगले दो साल तक चलेगी। इसमें उज्जैन और भोपाल के अफसर भी ट्रेनिंग देंगे।

### ट्रेनिंग का पूरा फोकस मैदानी चुनौतियों पर रहेगा

शाही स्नान के दौरान लाखों की भीड़ को कैसे संभालना है, किस तरह बैरिकेडिंग और रूट प्लानिंग करना है, ट्रैफिक डायवर्शन कैसे लागू करना है। इन सब पर विस्तार से अभ्यास कराया जाएगा। पांडालों की सुरक्षा, भोजन वितरण की व्यवस्था, लापता लोगों की ट्रैकिंग और आपात स्थिति में तुरंत रेस्क्यू जैसे विषय भी शामिल हैं।

# इस बार ग्रहण में पानी से होली खेलने की मनाही, गेर निकाल सकेंगे

## चंद्रमा जल का कारक अनिष्ट होने की आशंका, सिर्फ गुलाल से खेली जाएगी होली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फाल्गुन पूर्णिमा पर इस वर्ष होली और चंद्र ग्रहण एक ही दिन पड़ रहे हैं। 3 मार्च को ग्रस्त उदित चंद्र ग्रहण रहेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार ग्रहण का सूतक प्रातः 6:47 बजे से प्रारंभ होकर ग्रहण मोक्ष तक प्रभावी रहेगा। शाम 6:47 बजे तक धुलेंडी पर्व पर सूतक का साया रहेगा। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि चंद्रमा को जल का कारक माना जाता है, इसलिए इस बार सूखी होली खेलना ही मंगलकारक है। पानी का उपयोग करने से कई अनिष्ट हो सकते हैं।

### गैर निकलेगी, लेकिन पानी से नहीं खेलेंगे होली

उज्जैन के सिंहपुरी, कार्तिक चौक सहित प्रदेश के कई हिस्सों में धुलेंडी पर पारंपरिक गैर निकालने की मान्यता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार सूतक काल में भी परंपरागत गैर निकाली जा सकेगी, क्योंकि मान्यता है कि परंपरा के कार्य एक प्रहर में किए जाएं तो दोष नहीं लगता।

हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि चंद्र ग्रहण के दिन जल से होली खेलने से बचना चाहिए। चंद्रमा को जल का कारक माना जाता है, इसलिए इस दिन केवल गुलाल से होली खेलना ही उचित रहेगा। जल से होली खेलने पर मानसिक अशांति या नकारात्मक प्रभाव की आशंका बताई गई है।

### भद्रा में होगा होलिका दहन

2 मार्च की रात होलिका दहन किया जाएगा। शाम 5:55 बजे से भद्रा काल प्रारंभ होगा, जो 3 मार्च की सुबह 4:28 बजे तक रहेगा। पंडित डिब्बेवाला के अनुसार भद्रा भू-लोक पर मानी जा रही है, ऐसे में प्रदोष काल में होलिका पूजन करना श्रेष्ठ रहेगा। इस दौरान दान-पुण्य भी किया जा सकता है।

### ग्रहण और सूतक का समय

चंद्र ग्रहण दोपहर 3:19 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। ग्रहण समाप्ति से 12 घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। सूतक के दौरान शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं और मंदिरों के पट बंद रखे जाते हैं। ज्योतिषाचार्य ने सलाह दी कि सुबह 6:30 से 9:30 बजे तक बुजुर्ग और मरीज भोजन कर सकते हैं, लेकिन दिन और शाम के समय संयम रखकर भजन-पूजन करना उचित रहेगा।



### ग्रहण का राशियों पर प्रभाव

- मेष- अनुकूल रहेगा, मित्रों के माध्यम से सफलता मिल सकती है।
- वृषभ- प्रयास बढ़ाने होंगे।
- मिथुन- वाणी और क्रोध पर नियंत्रण करना होगा।
- कर्क- जलीय राशि होने चलते फायदा रहेगा ज्यादा नहीं सोचें।
- सिंह- ग्रहण इसी काल खंड में होना है, कोई भी लीगल दस्तावेज बिना सोचे-समझे और पढ़े साइन न करें।
- कन्या- नई नौकरी और व्यवसाय के आसार बनेंगे।
- तुला- विशेष व्यक्ति के माध्यम से कार्य पूर्ण हो सकेंगे।
- वृश्चिक- भूमि भवन के कार्य संपादित होंगे।
- धुन- नए आयाम और कार्य शुरू कर सकेंगे।
- मकर और कुम्भ- न्यायिक दृष्टि से अनुकूल समय।
- मीन- धार्मिक आस्था के कार्य संपादित हो सकेंगे।

# 4 मार्च से बदलेगी भगवान महाकाल की दिनचर्या, ठंडे जल से करेंगे स्नान

चैत्र कृष्ण प्रतिपदा पर 4 मार्च से गर्मी की शुरूआत मानी जाती है

इसके साथ ही अवंतिकानाथ महाकाल ठंडे जल से स्नान करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा पर 4 मार्च से गर्मी की शुरूआत होगी। अवंतिकानाथ महाकाल ठंडे जल से स्नान करेंगे। मंदिर में प्रतिदिन होने वाली पांच में से तीन आरती का समय बदलेगा। भगवान महाकाल की गर्मी के अनुसार दिनचर्या का अनुक्रम शरद पूर्णिमा तक चलेगा। महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में साल में दो बार भगवान महाकाल की दिनचर्या व आरती का समय बदलता है। कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से फाल्गुन पूर्णिमा तक छह माह भगवान की दिनचर्या सर्दी के अनुसार रहती है तथा भगवान महाकाल गर्म जल से स्नान करते हैं। वर्तमान में अवंतिकानाथ की सेवा पूजा सर्दी के अनुसार ही की जा रही है। होली के अगले दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से भगवान की दिनचर्या गर्मी के अनुकूल रहेगी। पुजारी भगवान को ठंडे जल से स्नान कराएंगे। इसके साथ ही आरती का समय बदलेगा।



## डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक का लड्डू प्रसाद बिका

महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि पर डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का लड्डू प्रसाद बिका है। मंदिर प्रशासन के अनुसार दो दिन में आठ लाख से अधिक भक्तों ने भगवान महाकाल को शीश नवाया। देशभर से आए श्रद्धालु अपने साथ भगवान महाकाल का लड्डू प्रसाद भी खरीदकर ले गए हैं। मंदिर प्रशासन के अनुसार इस बार महाशिवरात्रि 1 करोड़ 95 लाख 82 हजार 200 रुपये का लड्डू प्रसाद बिका है।

### आरटीओ बोले- छूट भी मिलेगी और वेरिफिकेशन भी होगा

# उज्जैन वाहन मेले में पोर्टल पर अटकी टैक्स छूट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में चल रहे विक्रमोत्सव व्यापार मेले में वाहन खरीदी पर दी जा रही टैक्स छूट नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर के पोर्टल पर अटक गई है। मेले के पांचवें दिन तक 2965 वाहन बिक चुके हैं, जिनमें फोर व्हीलर की संख्या सबसे अधिक है। टैक्स छूट की प्रक्रिया बाधित होने से डीलर और ग्राहकों के बीच असमंजस की स्थिति बन गई है। आरटीओ का कहना है कि टैक्स छूट प्रभावित नहीं होगी और वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी है।

दरअसल रोड टैक्स जमा करने के लिए उपयोग होने वाले एनआईसी के केंद्रीय पोर्टल में एक समय में केवल एक शहर को ही टैक्स छूट का प्रावधान है। मध्यप्रदेश में इस समय दो वाहन मेले चल रहे हैं, पहला ग्वालियर में जो 25 दिसंबर से 25 फरवरी तक आयोजित है और दूसरा उज्जैन में, जो 15 फरवरी से शुरू हुआ है। पोर्टल पर अभी ग्वालियर मेले की छूट सक्रिय है, जिससे उज्जैन में बिके वाहनों का टैक्स जमा नहीं हो पा रहा है।




### क्या है प्रक्रिया

मेले या शोरूम से वाहन खरीदते समय बीमा और टैक्स दोनों का भुगतान करना होता है। बीमा के सात दिन के भीतर टैक्स जमा करना अनिवार्य है, अन्यथा 10 प्रतिशत पेनल्टी लगती है। चूंकि उज्जैन में मेला 15 फरवरी से शुरू हुआ है, इसलिए बीमित वाहनों का टैक्स 22 फरवरी तक भरना आवश्यक है।

डीलरों ने ग्राहकों से टैक्स छूट के अनुसार भुगतान लेकर वाहन डिलीवर कर दिए हैं। यदि सात दिन के भीतर टैक्स जमा नहीं होता तो पेनल्टी का भार डीलरों पर पड़ सकता है। वहीं ग्राहक भी आशंकित हैं कि कहीं उनसे अतिरिक्त राशि की मांग न कर ली जाए।

ऐसे में उज्जैन में बिके 2000 से अधिक वाहन बिना टैक्स जमा हुए ही सड़कों पर उतर चुके हैं। कई वाहनों का बीमा हो चुका है लेकिन टैक्स प्रोसेस पूरी न होने से डीलरों को पेनल्टी का डर सता रहा है।

### विशेषज्ञों की राय

परिवहन विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मेलों में टैक्स छूट बिक्री बढ़ाने का बड़ा आकर्षण होती है लेकिन तकनीकी अड़चनों से उपभोक्ताओं का भरोसा प्रभावित होता है। उज्जैन का यह मेला विक्रमोत्सव का हिस्सा है जो पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देता है। यदि समस्या जल्द नहीं सुलझी तो बिक्री पर असर पड़ सकता है। कई ग्राहक इंदौर, देवास और आसपास के जिलों से आए हैं और फिलहाल स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार कर रहे हैं।

### आरटीओ का पक्ष

आरटीओ संतोष मालवीय का कहना है कि सभी वाहन खरीदारों को टैक्स छूट मिलेगी। वाहनों का वैरिफिकेशन जारी है और दिल्ली स्तर पर तकनीकी टीम काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि शुक्रवार से टैक्स जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

फॉर्म-7 के दुरुपयोग का आरोप

## उज्जैन-दक्षिण में 33 हजार से अधिक नाम कटने पर शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम काटे जाने का विवाद अब और गहरा गया है। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल द्वारा उठाई गई आपत्तियों के बाद, अब इस मामले में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने हस्तक्षेप किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखकर इस पूरे प्रकरण की सघन जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।

उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) अभियान के दौरान 33,256 मतदाताओं के नाम विलोपित (काटे) गए हैं। एक ही विधानसभा से इतनी बड़ी संख्या में नाम कटने पर कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई थी।

भरत पोरवाल ने आरोप लगाया कि नाम काटने की प्रक्रिया में 'फॉर्म 7' का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया और झूठी आपत्तियों के आधार पर मतदाताओं को सूची से बाहर कर दिया गया। इतनी बड़ी संख्या में नाम काटे जाने के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की थी। भरत पोरवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त से मांग की थी कि 21 फरवरी 2026 को होने वाले मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इसको लेकर सांसद दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा को एक पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने उज्जैन जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल के मूल आवेदन को संलग्न किया है।

# इंदौर की सियासत का संग्राम.. नारे से पत्थर तक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की पहचान आमतौर पर स्वच्छता, सुव्यवस्था और जागरूक नागरिकता से जोड़ी जाती है, लेकिन शनिवार दोपहर शहर का राजनीतिक तापमान कुछ इस कदर बढ़ा कि गांधी भवन के बाहर लोकतांत्रिक विरोध सड़कीय टकराव में बदल गया। दिल्ली में आयोजित एआई समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में भाजपा ने देशभर में कांग्रेस कार्यालयों के घेराव की रणनीति बनाई थी। इसी क्रम में इंदौर में भी गांधी भवन घेरने की घोषणा की गई।

उधर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा में दिए गए बयान को लेकर पहले से ही कांग्रेस कार्यकताओं में आक्रोश था। नतीजा यह हुआ कि घेराव से पहले ही दोनों दलों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ खड़े हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता पहले से मौजूद थे और भाजपा के जत्थे के पहुंचते ही नारेबाजी शुरू हो गई। माहौल में राजनीतिक आक्रोश था, लेकिन कुछ ही मिनटों में यह आक्रोश उग्रता में बदल गया। बैरिकेडिंग के बावजूद दोनों ओर से पत्थर, पानी की बोतलें और टमाटर एक-दूसरे की ओर उछाले जाने लगे। लोकतांत्रिक असहमति की जगह दृश्य किसी सड़क संघर्ष जैसा दिखाई देने लगा। पुलिस ने संभावित टकराव को भांपते हुए पहले से अतिरिक्त बल तैनात किया था। सड़क के दोनों ओर बैरिकेड लगाए गए थे और दंगा नियंत्रक वाहन ह्यवज्रह्व भी मौके पर मौजूद था। हालात बिगड़ते देख वॉटर कैनन का उपयोग किया गया, हालांकि पानी का दबाव इतना प्रभावी नहीं था कि भीड़ तुरंत छंट जाती। पुलिस की मंशा भी घेरे में लगी..करीब आधे घंटे तक चली इस अफरा-तफरी में एक मीडियाकर्मी और एक कांग्रेस नेता को चोट आई। सौभाग्य से चोटें गंभीर नहीं थीं, लेकिन यह घटना इस बात का संकेत जरूर दे गई कि राजनीतिक उग्रता किस हद तक जा सकती है। दिल्ली के एआई समिट से उपजा विवाद और प्रदेश की राजनीति में मंत्री के बयान को लेकर जारी विरोध..दोनों ने मिलकर इंदौर की सड़कों को राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का मंच बना दिया। सवाल यह भी उठता है कि क्या देशव्यापी रणनीतियों का स्थानीय सामाजिक ताने-बाने पर असर पड़ना स्वाभाविक है, या राजनीतिक दलों को अपने विरोध के तौर-तरीकों पर पुनर्विचार करना चाहिए।

इंदौर ने कई बार यह साबित किया है कि वह संगठित नागरिक भागीदारी से बड़े लक्ष्य हासिल कर सकता है। ऐसे में सियासी मतभेदों का पत्थरबाजी में बदल जाना शहर की उस छवि के विपरीत है, जिस पर यहां के लोग गर्व करते हैं। लोकतंत्र में विरोध की आवाज जरूरी है,किंतु संवाद का स्थान टकराव ले लेता है, तो नुकसान केवल किसी एक दल का नहीं, पूरे शहर की प्रतिष्ठा का होता है।

## हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने जिला पंचायत सभागृह में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभाग द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा विशेष रूप से की, जिसमें जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना, मातृ वंदना योजना एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। अठउ पंजीयन की स्थिति एवं लफ्छह (हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं) की पहचान एवं नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, दोनों विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। श्री जैन ने हितग्राहियों की भुगतान की स्थिति की समीक्षा करते हुए आधार सीडिंग एवं बैंक लिंकिंग संबंधी त्रुटियों का शीघ्र निराकरण तथा लंबित प्रकरणों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में पोर्टल संबंधी प्रविष्टियों को 24 घंटे के भीतर अद्यतन करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया।

### वनमंडल में गिद्धों की तीन दिवसीय गणना शुरू

# पहले दिन गिने गए 97 गिद्ध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश में गिद्धों की घटती संख्या पर नजर रखने और उनके संरक्षण के लिए वन विभाग द्वारा शुरू किए गए द्विवार्षिक गिद्ध गणना अभियान के तहत इंदौर वनमंडल में 20 फरवरी से तीन दिवसीय शीतकालीन गणना शुरू हो गई है। यह अभियान 22 फरवरी तक चलेगा।

पहले दिन खराब मौसम और कहीं-कहीं बारिश के बावजूद वन विभाग की टीमों ने इंदौर, महू, मानपुर और चोरल फॉरेस्ट रेंज में केवल बैठे हुए गिद्धों की गणना की। नियम के अनुसार सिर्फ बैठे हुए गिद्धों की गिनती ही मान्य है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के इस अभियान के पहले दिन 97 गिद्ध दर्ज किए गए, जो सभी ईजिप्शियन वल्चर प्रजाति के हैं। यह गणना प्रदेशव्यापी है और पहली बार कुछ क्षेत्रों में मोबाइल ऐप का उपयोग भी किया जा रहा है ताकि डेटा अधिक पारदर्शी और सटीक हो। वन अधिकारियों ने बताया कि गिद्ध संरक्षण के लिए जागरूकता और डाइक्लोफेनाक जैसी दवाओं पर प्रतिबंध जैसे प्रयास जारी हैं। अगले दिनों की गणना के आंकड़े भी जल्द जारी किए जाएंगे।



### 6 से 8 बजे तक किया गया सर्वे

वन विभाग के अनुसार इंदौर वनमंडल में 38 चिन्हित स्थानों (जैसे तिंछा फाल, देवगुराड़िया ट्रेंचिंग ग्राउंड, पेडमी, पातालपानी आदि) पर 16 टीमों ने सुबह 6 से 8 बजे तक सर्वे किया। गिद्धों को पर्यावरण के प्राकृतिक क्लीनर के रूप में जाना जाता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उनकी संख्या में कमी आई है। इसी कारण अब साल में दो बार (फरवरी और अप्रैल में) गणना की जा रही है ताकि बेहतर संरक्षण रणनीति बनाई जा सके।

### 86 गिद्ध दर्ज हुए थे

पिछले वर्षों के आंकड़ों से तुलना करें तो 2025 में इंदौर में केवल 86 गिद्ध दर्ज हुए थे, जबकि 2023 में 114 और 2021 में 117 थे। विभाग उम्मीद कर रहा है कि अगले दो दिनों में और गिद्ध नजर आ सकते हैं।

### सिंहस्थ-2028 की तैयारी: 550 पुलिस जवानों को ट्रेंड करेंगे

# उज्जैन में प्रदेशभर के पुलिस जवानों को फायर सेफ्टी, क्राउड मैनेजमेंट की ट्रेनिंग देंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी के तहत इंदौर के अफसर अगले हफ्ते से उज्जैन में शुरू होने वाले विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रदेशभर के 550 पुलिस जवानों को ट्रेंड करेंगे। इस दौरान वे जवानों को प्रयागराज, नासिक और हरिद्वार कुंभ के दौरान सामने आई चुनौतियों और सफल मैनेजमेंट के बारे में बताएंगे।

भीड़ बढ़ने पर ट्रैफिक कंट्रोल करने के साथ ही आग लगने की घटनाओं को रोकने और काबू पाने के लिए फायर सेफ्टी पर अलग से मॉक ड्रिल भी होगी। ट्रेनिंग सेशन में प्रदेशभर के हर जिले से 10 पुलिस जवान शामिल होंगे। ये जवान उज्जैन से ट्रेंड होकर अपने-अपने जिले में सिंहस्थ के लिए टीमों को तैयार करेंगे। ट्रेनिंग अलग-अलग सेशन में अगले दो साल तक चलेगी। इसमें उज्जैन और भोपाल के अफसर भी ट्रेनिंग देंगे।

### ट्रेनिंग का पूरा फोकस मैदानी चुनौतियों पर रहेगा



शाही स्नान के दौरान लाखों की भीड़ को कैसे संभालना है, किस तरह बैरिकेडिंग और रूट प्लानिंग करना है, ट्रैफिक डायवर्शन कैसे लागू करना है। इन सब पर विस्तार से अभ्यास कराया जाएगा। पांडालों की सुरक्षा, भोजन वितरण की व्यवस्था, लापता लोगों की ट्रैकिंग और आपात स्थिति में तुरंत रेस्क्यू जैसे विषय भी शामिल हैं। इस बार एआई तकनीक की भी बड़ी भूमिका होगी। भीड़ का दबाव किस क्षेत्र में बढ़ रहा है, ट्रैफिक कहां जाम हो रहा है या कौन-सी जगह संवेदनशील बन रही है। इसकी जानकारी एआई आधारित सिस्टम से मिलेगी। रियल टाइम मॉनिटरिंग से मौके पर तैनात अधिकारी तुरंत फैसला ले सकेंगे।

### सिंहस्थ के दौरान हजारों श्रद्धालु इंदौर-ओंकारेश्वर भी जाते हैं

सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आने वाले हजारों श्रद्धालु घूमने के लिए इंदौर और ओंकारेश्वर भी जाते हैं। ऐसे में यहां भी होटल, धर्मशालाएं, ट्रैफिक और सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने होंगे। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, इंदौर रेलवे स्टेशन और शहर के बस स्टैंडों पर यात्रियों की भारी संख्या के अनुमान को देखते हुए इंदौर में भी अतिरिक्त पुलिस बल, हेल्प डेस्क और मार्गदर्शन व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। इस बार लक्ष्य सिर्फ भीड़ संभालना नहीं, बल्कि पूरे मालवा क्षेत्र में सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन का उदाहरण पेश करना है।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया गया अंतिम छोर तक


दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने एवं आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में सेंधवा जनपद की 34 ग्राम पंचायतों में छठवाँ कलस्टर अनुश्रवण शिविर का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जिले में सफलतापूर्वक 5 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, और इसी कड़ी में यह आयोजन ग्रामीणों के लिए समाधान का केन्द्र साबित हुआ जिसमें उन्हें अपने ही ग्राम में समस्याओं का निराकरण प्राप्त हुआ। संकल्प से संकल्प अभियान के द्वितीय चरण के तहत जनपद पंचायत सेंधवा के 3 क्लस्टर सेंधवा, धनोरा, चाचरिया की 34 पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए।

# भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच पथराव

एक दूसरे पर फेंके गए पत्थर, टमाटर और पानी की बोतल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में शनिवार को भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। भाजपा द्वारा गांधी भवन घेराव की घोषणा के बाद दोनों पक्षों में जमकर पत्थरबाजी और नारेबाजी हुई, जिसमें एक मीडियाकर्मी और एक कांग्रेस नेता घायल हो गए।

दिल्ली में एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन घेरने की घोषणा की थी, लेकिन वहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी विरोध स्वरूप एकत्र होकर उनका सामना किया। दोनों तरफ से पत्थर, पानी की बोतलें और टमाटर एक-दूसरे पर फेंके गए। पुलिस ने आमने-सामने हुए दोनों दलों के प्रदर्शनकारियों को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस पथराव में छह लोगों सहित एक मीडियाकर्मी और एक पुलिस अधिकारी को चोटें आई हैं। एक महिला नेत्री बिंदू चौहान को पथराव में गंभीर चोट आई है। उन्हे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। वही इसी तरह से कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े को भी सिर पर पत्थर लगा, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एमपी ट्रांसको में नवागत अभियंताओं से संवाद

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में नवागत सहायक अभियंताओं के साथ मुख्यालय शक्तिभवन में परिचयात्मक संवाद आयोजित किया गया।

न्यूज-कॉलम



## अस्पताल का कायाकल्प निरीक्षण और नई स्वास्थ्य सुविधाओं की शुरूआत

**बुरहानपुर।** जिला अस्पताल में शनिवार दोपहर प्रदेश स्तरीय कायाकल्प टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं और संसाधनों का बारीकी से जायजा लिया। खंडवा जिला अस्पताल के डॉ. शक्ति सिंह राठौर सहित प्रदेश टीम के अन्य सदस्यों ने दोपहर करीब ढाई बजे अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं।निरीक्षण के दौरान टीम ने वार्डों में भर्ती मरीजों से चर्चा कर सुविधाओं की हकीकत जानी। सिविल सर्जन डॉ. दर्पण टोके ने बताया कि कायाकल्प की स्टेट टीम ने पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया है। अब टीम की रिपोर्ट के आधार पर यह तय होगा कि अस्पताल को प्रदेश स्तर पर क्या रैंकिंग मिलती है।इसके अलावा, डॉ. टोके ने जानकारी दी कि जिला अस्पताल में शाम की ओपीडी (ह्लक्कष्ठ) को अब व्यवस्थित कर दिया गया है। आईसीयू (ढ्ढष्ट) को भी जल्द चालू करने की तैयारी की जा रही है, ताकि गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। इस सुधार से अस्पताल की सेवाएं और भी बेहतर होंगी और मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी।

## बुरहानपुर में निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की बैठक संपन्न



**बुरहानपुर।** शनिवार को कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में फोटो निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 5,63,582 मतदाता हैं, जिनमें 2,77,271 महिला मतदाता, 2,86,291 पुरुष मतदाता तथा 20 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेशो 968.49 है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत जिले में कुल 1,070 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र-179 नेपानगर के 448 तथा विधानसभा क्षेत्र-180 बुरहानपुर के 622 मतदाता शामिल हैं। बैठक में अंतिम प्रकाशन किया जाकर मतदाता सूची की प्रतियां राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गयी ।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**बुरहानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय शाहपुर बुरहानपुर और ठाकुर शिवकुमार सिंह महाविद्यालय झिरी बुरहानपुर में आयोजित किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए प्रेमदीप सांकला ने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को सामाजिक न्याय दिवस मनाए जाने के उद्देश्य, नालसा गरीबी उन्मूलन योजना 2015, नालसा एसिड हमलों के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं योजना और नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं योजना के बारे में जानकारी दी। शिविर में वरिष्ठ पैरालीगल वॉलेंटियर्स महेंद्र जैन, डॉ. फोजिया सोड़ावाला, डॉ. किरण सिंह और दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं उपस्थित हुए।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी ।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बड़वानी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7, 8 एवं 9 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए आवेदन 28 फरवरी तक आमंत्रित किये गये है।  संस्थ प्राचार्य से प्राप्त जानकारी अनुसार कक्षा 7वीं में 1 रिक्त सीट, कक्षा 8वीं में 2 रिक्त सीट एवं कक्षा ९वीं में 1 रिक्त सीट हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। प्रवेश हेतु आधार कार्ड, जाति प्रमाण की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है। इच्छुक विद्यार्थी कार्यालयीन समय में विद्यालय में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है।

## मूल्यांकन कार्य हेतु शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**बड़वानी।** बड़वानी में कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य हेतु शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र, गृह विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के बड़वानी जिले के सभी संबंधित शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य की प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मूल्यांकन केंद्र अधिकारी एवं प्राचार्य अनिल मिश्रा द्वारा शिक्षकों को उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन की विधि, सावधानियां तथा बोर्ड के निर्देशों से अवगत कराया गया। इसके पूर्व मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अनिल मिश्रा तथा सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी आशीष शुक्ला एवं अकुमदिन पठान भोपाल में आयोजित प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शीला चौहान एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री डामोर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अनिल मिश्रा ने बताया कि 22 फरवरी से कक्षा 12वीं के अंग्रेजी, भौतिक शास्त्र एवं अर्थशास्त्र विषय की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।

# कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न

### विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अन्तर्गत फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीतू माथुर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को फोटो निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराई गई।

बैठक में उप निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ), बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपादित किया गया।

अंतिम प्रकाशन के उपरांत जिले की विधानसभावार मतदाता स्थिति विधानसभा क्षेत्र 191-आलीराजपुर में 328 मतदान केंद्र हैं। यहां 1,33,497 पुरुष, 1,34,878 महिला एवं 4 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 2,68,379 मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं विधानसभा क्षेत्र 192-जोबट में 365 मतदान केंद्र हैं,यहां 1,51,956 पुरुष, 1,51,709 महिला एवं 1 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 3,03,666 मतदाता दर्ज हैं। इस प्रकार जिले में कुल 693 मतदान केंद्रों पर 2,85,453 पुरुष, 2,86,587 महिला एवं 5 तृतीय लिंग मतदाताओं सहित कुल 5,72,045 मतदाता पंजीकृत हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज गरवाल ने बताया कि गणना पत्रक जमा करने की अवधि के दौरान 2,492 मतदाताओं की मैपिंग प्राप्त नहीं हुई थी। इन प्रकरणों का ईआरओ/एईआरओ द्वारा सुनवाई कर दावा-आपत्ति अवधि में निराकरण किया गया। साथ ही फॉर्म 6, 7 एवं 8 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का भी परीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि भविष्य में भी फॉर्म 6, 7 एवं 8 के माध्यम से नामावली का सतत अद्यतन एवं शुद्धिकरण पारदर्शिता और गंभीरता के साथ किया जाए तथा सभी अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सहयोग की सराहना करते हुए आगामी कार्यक्रमों में भी सक्रिय सहभागिता बनाए रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आलीराजपुर श्री तपिश पांडे एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जोबट श्री वीरेंद्र सिंह बघेल, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास से मनाए जाएंगे सभी पर्व

### शांति समिति की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आगामी भगोरिया,होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, शीतला सप्तमी, ईद, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती आदि त्योहारों को हर्षोल्लास एवं शान्ति पूर्वक मनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल, संयुक्त कलेक्टर श्री वीरेंद्र बघेल, श्री मनोज गरवाल, एसडीएम श्री तपिश पांडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीपिका पाटीदार, नगर पालिका सीएमओ सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में आगामी सभी पर्वों पर आलीराजपुर नगर तथा जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक समारोहों के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई ।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने समिति के सदस्यों से विस्तार से चर्चा की तथा सभी पर्वों पर आयोजनों के दौरान सफाई, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भगोरिया पर्व में हाट बाजार में निगरानी रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए और कहा कि भगोरिया पर्व में पर्यटकों का भी आगमन होता है तो उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे साथ ही कहा कि जिले की पहचान ही भगोरिया पर्व से है इसलिए आपसी सहयोग, सौहार्द और शांति से पर्व मनाए। त्योहारों में लगने वाले मेलों की अनुमति पूर्व सक्षम प्राधिकारी से लेने एवं मेले में लगने वाले झूलो की क्षमता की भी जांच करने के निर्देश दिए। होली पर्व पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने का अनुरोध सभी से की है।

पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया ने कहा कि आगामी त्यौहारों में सभी धर्म और समाज आपसी सामंजस्य बना कर चलें। परस्पर सम्मान की भावना के साथ केवल परंपरागत गतिविधियां ही की जाएं। भगोरिया हाट में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो। फायर सेफ्टी की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।सोशल मीडिया पर अनुशासन बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि त्यौहारों और जलसों के दौरान महिलाओं से अभद्रता करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। श्री सिंह ने सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाए जाने की अपील की।

## एजुकेशन मैनेजमेंट सिस्टम से कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र, परिणाम और अंक सूची होगी तैयार

### स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण पहल, शिक्षण सत्र 2025-26 से शुरू होगी व्यवस्था

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग ने परीक्षा प्रबंधन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग ने एजुकेशन मैनेजमेंट सिस्टम  पोर्टल विकसित किया है। इस पोर्टल के माध्यम से कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र, परिणाम और अंक सूची तैयार की जाएगी। विभाग द्वारा यह व्यवस्था शिक्षण सत्र 2025-26 से ही शुरू की जाएगी। विभाग ने इसकी तैयारी भी पूरी कर ली है। नई व्यवस्था के शुरू होने से वार्षिक परीक्षाओं की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध हो सकेगी। साथ ही परीक्षा संबंधी कार्यों में समय की बचत के साथ प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकसित म्डै पोर्टल के माध्यम से सभी विद्यार्थियों के लिए यूनिक रोल नंबर जनरेट किए जाएंगे, जिसके आधार पर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। वार्षिक परीक्षा परिणाम भी पोर्टल पर ही तैयार किए जाएंगे तथा विद्यार्थियों की अंकसूचियां सीधे प्रिंट की जा सकेंगी। इस प्रक्रिया के माध्यम से राज्य, संभाग एवं जिला स्तर पर परीक्षा परिणामों का त्वरित विश्लेषण किया जा सकेगा। साथ ही पोर्टल के माध्यम से द्वितीय परीक्षा की कार्यवाही भी की जा सकेगी। स्कूल शिक्षा विभाग की यह पहल परीक्षा प्रणाली के डिजिटलीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे विद्यार्थियों एवं विद्यालयों दोनों को सुविधा मिलेगी।

## जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक होगी 23 फरवरी को

**बड़वानी ।** जनगणना 2027 की कार्यवाही के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय जनगमणना समन्वय समिति की बैठक का आयोजन 23 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागृह में किया गया है।

## सांसद सोलंकी ने बजट को बताया विकास का पिटारा, कांग्रेस पर लगाया झूठ बोलने का आरोप



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शनिवार को मध्यप्रदेश बजट- 2026-27 को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन जिला अध्यक्ष अजय यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई पत्रकार वार्ता को मुख्य अतिथि रहे राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामन्त्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने सम्बोधित किया।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि पत्रकार वार्ता में बजट के दौरान जिले को मिली सौगातों का भी प्रमुखता के साथ उल्लेख किया गया।

राज्यसभा सांसद डॉ सुमेरसिंह सोलंकी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 4 लाख 38 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है  जो वित्तीय वर्ष 2025-26 की तुलना में लगभग 4 प्रतिशत ज्यादा है। मध्यप्रदेश का बजट (ज्ञानी) के सिंद्धान्त पर आधारित है जो त्र-गरीब कल्याण, ङ्क-युवा शक्ति,-अन्नदाता, ह-नारी शक्ति, ढ्ढ-इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री (उद्योग) पर आधारित है। और इन्ही पर फोकस किया गया। इस बजट में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार उन्मखी, किसानों की आय में वृद्धि और गरीबो कल्याण के लिए कई प्रावधान किए गए।आपने आगे कहा कि इस बजट में प्रदेश की भाजपा नित डॉ मोहन यादव सरकार ने बड़वानी जिले को 232 करोड़ रुपये  की लागत से सड़को के निर्माण का कार्य होंगे इसके अलावा अन्य योजनाओं को जोड़ा जाए तो आंकड़ा एक हजार करोड़ के पार हो जाएगा। बड़वानी जिले के लिए पारित बजट व अन्य योजनाओं के माध्यम से जिले में विकास के कार्यो का पिटारा खोला है जिससे ग्रामीण क्षेत्रो में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था और युवाओं को रोजगार का भरपूर अवसर प्राप्त होंगे व उद्योगों को बढ़ावा देने के प्रावधान भी किये है।

**झूठ बोलकर श्रेय लेना कांग्रेस की आदत:-**

आपने कांग्रेस को आडो हाथों लेते हुए कहा कि बड़वानी जिले के तीनों कांग्रेस के विधायक झूठ बोलकर श्रेय लेने की कोशिश कर रहे है जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार ने ही इन योजनाओं को स्वीकृत किया है। जिले की चारो विधानसभा में सड़कों, जल संसाधनों, और शिक्षा के लिए बड़ी राशियां स्वीकृत हुई है और यह सब भाजपा सरकार के प्रयासों से हुआ है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस की झूठा श्रेय लेने की आदत है और जनता सब देख और समझ रही है की असली काम कौन कर रहा है व इसका सबक जनता आपको सिखाएगी। उन्होंने कहा कि एक और कांग्रेस पार्टी बजट को निराशाजनक बता रही है वही दूसरी और जिले को मिली 232 करोड़ की योजनाओं का झूठा श्रेय इनके विधायक लेने से नही चूक रहे है। कांग्रेस की कथनी और करनी में भारी अंतर है।श्री सोलंकी ने कांग्रेस और उनके विधायको को सलाह देते देते हुए कहा कि बिना प्रयास श्रेय लेने की कोशिश न करे जनता समझदार है।

## मुख्यमंत्री के 27 फरवरी को भगोरिया पर्व पर प्रस्तावित दौरे की तैयारियां को लेकर बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 27 फरवरी को चंद्र शेखर आजाद नगर(भाबरा) एवं उदयगढ़ भगोरिया पर्व पर प्रस्तावित दौरे कार्यक्रम को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु दायित्व सौंपे गए। सम्पूर्ण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम को बनाया गया है साथ ही सहायक नोडल अधिकारी के रूप में एस डी एम श्री वीरेंद्र बघेल एवं सुश्री निधि मिश्रा को बनाया गया है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को 27 फरवरी को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित निर्देश दिए है। नगर पालिका अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई के, यातायात पुलिस के अधिकारियों को वाहन पार्किंग के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम स्थल एवं हेलिपैड पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेटिंग के लिए कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया है।

मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अस्थाई चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उदयगढ़ में भगोरिया पर्व में मुख्यमंत्री के संभावित भ्रमण को लेकर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश जनपद पंचायत सीईओ को दिए गए। भगोरिया पर्व में महिला बाल विकास अधिकारियों द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर लगाने, स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु शिविर लगाने, जनपद सीईओ को ई केवाईसी शिविर लगाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों के आगमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित करने, व्यवस्थित तरीके से बैठक व्यवस्था के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी सौंपे गए दायित्वों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी तपिश पांडे,श्री वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा,सभी तहसीलदार समस्त जनपद पंचायत सीईओ सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम बिजासन में ग्राम पंचायत एवं ग्राम रक्षा समिति की बैठक आयोजित

### पुलिस टीम द्वारा भगोरिया मेला स्थल का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के निर्देशन में आज दिनांक 21 फरवरी को थाना बड़वानी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिजासन में आगामी भगोरिया मेला के मद्देनजर थाना प्रभारी श्री बलजीत सिंह द्वारा ग्राम पंचायत एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्यों की बैठक पंचायत भवन में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान भगोरिया मेला शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो, इसके लिए विस्तृत चर्चा की गई। ग्राम रक्षा समिति एवं पंचायत सदस्यों से मेले के दौरान सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने, पुलिस प्रशासन का सहयोग करने, आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 पर सूचना देने हेतु समझाइश दी गई।

उपस्थित सदस्यों द्वारा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने, गांव की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने तथा भगोरिया हाट को शांतिपूर्वक एवं अनुशासित रूप से आयोजित कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में आगामी अन्य त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए रात्रि गश्त में ग्राम स्तर पर सहभागिता बढ़ाने, बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने के निर्देश भी दिए गए।

## कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने किया बड़नगर अनुभाग का औचक निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट ने शुक्रवार दोपहर बड़नगर अनुभाग का औचक निरीक्षण कर शासकीय योजनाओं और संकल्प से समाधान अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने बड़नगर तहसील के ग्राम चिकली के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएम श्री शासकीय एकीकृत विद्यालय, पंचायत भवन का निरीक्षण किया । इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया और ग्राम पंचायत इंगोरिया में निमार्णाधीन आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान पीएम श्री शासकीय एकीकृत विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं की संचालन व्यवस्था और मध्यान-?ह भोजन की गुणवत्ता देखी।  निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय स्थित आईसीटी लेब सह डिजिटल लाइब्रेरी का अवलोकन किया। अटल लेब के संबंध में जानकारी दी गई कि लेब में स्कैच जूनियर प्लेटफॉर्म के माध्यम से छात्रों द्वारा डिजिटल स्केच किया जाता है। साथ ही छात्रों को कोडिंग भी सिखाई जा रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिकली के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री सिंह ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर,चिकली में संस्थागत प्रसव,एएनसी पंजीयन और दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूल परिसर स्थित पंचायत भवन और आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि 30 सितंबर तक 6 वर्ष आयु के होने वाले सभी बच्चों के समग्र आईडी, आधार आईडी और जन्म प्रमाण पत्र बनवाना पंचायत सचिव,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनिश्चित करें। इसी के साथ यह भी सुनिश्चित करे कि ग्राम पंचायत के सभी ग्रामों के सभी ६ वर्ष तक के बच्चों का शाला में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया, तहसील बड़नगर का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि डॉक्टर्स और सभी स्टाफ समय पर उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने ओपीडी,दवाई वितरण की व्यवस्था देख मरीजों और उनके परिजनों से यथास्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने बीएमओ को निर्देश दिए कि सभी प्रसव संस्थागत हो यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान ड्यूटी चार्ट देख बीएमओ को निर्देश दिए कि बिना सूचना के अनुपस्थित डॉक्टर्स को नोटिस जारी करें।

निरीक्षण के अंत में कलेक्टर श्री सिंह ने इंगोरिया में नवीन निर्मित किए जा रहे आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर विद्युत डीपी शिफ्ट करने के कार्य के बाद निर्माण कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम बडनगर श्री धीरेन्द्र पाराशर, बडनगर जनपद सीईओ, तहसीलदार और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## चना एवं मसूर उपार्जन के लिए करा सकेंगे किसान 16 मार्च तक पंजीयन

**उज्जैन।** उप संचालक किसान कल?याण एवं कृषि विभाग श्री यू.एस. तोमर ने बताया कि रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों का पंजीयन आगामी 16 मार्च तक किया जाना है। चने का समर्थन मूल्य रू 5875 क्विंटल एवं मसूर का समर्थन मूल्य रुपये 7 हजार प्रति क्विंटल है।किसान भाई गेंहू फसल की तरह खाद्य विभाग के पोर्टल पर चना एवं मसूर फसल का पंजीयन करा सकेंगे। साथ ही गेंहू के उपार्जन नीति अनुसार ही चना एवं मसूर फसल उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकेंगे। किसान भाई अपनी नजदीकी सेवा सहकारी समिति (पंजीयन केन्द्र) में जाकर पंजीयन करा सकेंगे।

## खास न्यूज

### अवैध ट्रेडिंग और सायबर फ्रॉड के आरोपी को भेजा जेल

**उज्जैन।** कमीशन का लालच देकर गरीब लोगों के बैंक खाते खुलवाकर उसमें अवैध ट्रेडिंग और सायबर फ्रॉड करने वाले गिरोह में शामिल आरोपी वाजिद पिता शरीफ जलावत 29 साल निवासी चंद्रावतीगंज सांवेर जिला इंदौर को चिमनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया था। शनिवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। रिमांड अवधि में उसने मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किये गये, वहीं गिरोह के सरगना शोएब निवासी देवास की जानकारी मिली। जिसकी तलाश में पुलिस की एक टीम देवास भी गई, लेकिन सरगना गिरफ्त में नहीं आ सका। एसआई दिनेश भाट ने बताया कि गिरोह में 35 से 40 लोग शामिल होना सामने आये है। सरगना शोएब के गिरफ्त में आने पर गिरोह के अन्य सदस्यों की जानकारी मिल पायेगी। हिरासत में आया वाजिद एजेंट के रूप में काम करता था।

### बाइक नहीं देने पर भाई ने भाई को मारा चाकू



**उज्जैन।** ग्राम उमरिया जागीर में 2 भाईयों के बीच बाइक नहीं देने पर विवाद हो गया। एक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने घायल हुए अरूण पिता पर्वतलाल सोनगरा 24 साल की शिकायत पर चाकू मारने वाले भाई संजू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। घायल अरूण ने बताया कि पिता दोनों भाईयों के बीच जमीन-जायजाद का बंटवारा कर चुके है। बंटवारे के बाद उसने बाईक खरीदी थी, बावजूद भाई में भी हिस्सा मांग रहा है। भाई संजू शराब पीने का भी आदी है।

### कोर्ट से लौट रही बहू के साथ ससुराल वालों की मारपीट

**उज्जैन।** प्रताडना और भरण पोषण का कोर्ट में चल रहे मामले की तारीख पेशी होने पर भैरूनाला क्षेत्र में रहने वाले शिवानी पति आशुतोष अकेला कोर्ट गई थी। जहां से लौटते वक्त रास्ते में उसे पति आशुतोष, सास संगीता और ननद सोनिया ने रोक लिया। तीनों मामले में समझाता करने का दबाव बनाया। शिवानी ने मना कर दिया। तीनों ने उसके साथ रास्ते में मारपीट की। शिवानी के घायल होने उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। मामले में माधवनगर पुलिस ने जांच शुरू की है। शिवानी के अनुसार उसका विवाह 2022 में इंदौर की वृंदावन कालोनी में आशुतोष के साथ हुआ था। उसका एक डेढ वर्षीय पुत्र है। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज के लिये प्रताडित कर रहे थे। वर्ष 2024 में वह मायके आ गई थी और पति के साथ ससुराल वालों के खिलाफ कोर्ट में केस किया था।

### 70 साल के बुजुर्ग से मारपीट करने वाला पकड़ाया

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के पास यादव धर्मशाला के सामने शुक्रवार रात 70 साल के बुजुर्ग दुर्गाशंकर पिता रामचंद्र वर्मा निवासी अंबर कालोनी को रोक बदमाश ने शराब पीने के रूपये मांगे, नहीं देने पर बुजुर्ग के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। महाकाल थाना पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ धारा 119 (1), 115 (2), 296 (बी), 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया। एएसआई श्रवण कुमार चौहान ने बताया कि बदमाश की पहचान कर उसकी तलाश शुरू की गई। शनिवार को उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में नाम नरेन्द्र कटिया होना सामने आया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### कार नम्बर सामने आने पर चालक पर दर्ज किया प्रकरण

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम रत्नाखेडी में 17 फरवरी को बिना नम्बर की क्रेटा कार ने कालूराम पिता आत्मराम वाघेला 54 साल निवासी ग्राम कडछली को टक्कर मार दी थी। कालूराम की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था। चार दिन बाद आरटीओ से जानकारी मिलने पर कार क्रमांक एमपी 13 सीई 0516 सामने आाया। जिसके आधार पर चालक के खिलाफ धारा 106 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। कालूराम के पुत्र का 28 फरवरी को विवाह होना था, वह पुत्र की शादी के कार्ड बांटकर बड़नगर से लौट रहा था। तभी कार ने टक्कर मारी थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 678-1 | 350-8 |
| मेन बाजार | 139-3 | 117-9 |
| कल्याण नाइट | 158-4 | 137-1 |
| मिलन डे | 568-9 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 230-5 | 139-3 |
| मधुर डे | 699-4 | 347-4 |
| मधुर नाइट | 169-6 | 156-2 |
| शुभांक | 2 5 | 0 |

#### मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का उज्जैन-झालावाड़ हाइवे पर चक्काजाम...

# बाइक सवार एमबीबीएस छात्र पर चढ़ा 12 पहियो का ट्रक







**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस का अध्ययन कर रहे छात्र को शनिवार सुबह 12 पहियों के ट्रक ने कुचल दिया। दुर्घटना में छात्र गंभीर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां आईसीयू में उसकी मौत हो गई। छात्र के निधन की खबर मिलते ही कॉलेज के विद्यार्थियों ने उज्जैन-झालावाड हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सुरासा स्थित आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के सामने बाइक पर सवार छात्र हर्षित पिता संजीव मेहरा 22 वर्ष को तेजगति से आए 12 पहियों के ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीडी 3338 ने टक्कर मार दी।

छात्र बाइक से गिर गया लेकिन चालक ने ट्रक नहीं रोका। जिसके चलते छात्र पहियों की चपेट में आ गया। शरीर एक हिस्सा बुरी तरह जख्मी हो गया था। उसे अन्य छात्र तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे और आईसीयू में भर्ती किया। घायल छात्र का उपचार हो पता उससे पहले उसकी मौत हो गई। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को दुर्घटना होने और छात्र के मौत की खबर मिली तो उनका गुस्सा फूट पडा। दर्जनों की संख्या में विद्यार्थी कॉलेज के सामने उज्जैन-झालावाड हाईवे पर एकत्रित हो गए और चक्काजाम कर दिया।

एमबीबीएस कर रहे विद्यार्थियों का कहना था कि आए दिन मार्ग पर दुर्घटनाएं होती रहती है पहले भी कई लोगों की जान जा चुकी है। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। वीआईपी के आने पर ही सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। विद्यार्थियों के चक्काजाम की खबर लगते सीएसपी पुष्पा प्रजापति, चिमनगंज थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। विद्यार्थियों को समझाईश दी गई और मार्ग पर सुरक्षा इंतजाम को लेकर स्पीड बेकार बनाने की बात कही। करीब 1 घंटे तक विद्यार्थियों का चक्काजाम जारी रहा, अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खोला गया।

विद्यार्थियों के चक्काजाम की वजह से हाईवे पर दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

#### इंदौर में रहता था, द्वितीय वर्ष का था छात्र

सडक दुर्घटना का शिकार हुआ छात्र हर्षित इंदौर के अन्नपूर्णा नगर का रहने वाला था और आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की पढाई कर रहा था। वर्तमान में वह कॉलेज कैंपस के समीप कॉलोनी में निवास कर रहा था। सुबह कॉलेज आते समय उसके साथ दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में मृतक छात्र परिवार का एकलौता पुत्र था, उसके पिता का पूर्व में निधन हो चुका है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मां और परिवार के सदस्य इंदौर से उज्जैन पहुंच गए थे। विद्यार्थियों ने बताया कि हर्षित काफी होनहार था और संगीत का भी शौक रखता था। कॉलेज के प्रोग्राम में उसने कई अवार्ड भी प्राप्त किए थे।

#### चालक मौके से भागा, ट्रक किया जप्त

सडक दुर्घटना में छात्र के घायल होने और उपचार के दौरान मौत होने की सूचना पर पुलिस दुर्घटना स्थल पहुंच गई थी। चालक ट्रक छोडकर भाग निकला था। पुलिस ने ट्रक को जप्त किया है जो 12 पहियों का होकर पूरी तरह से लोड है। थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया के अनुसार ट्रक में क्या भरा है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। वही नंबर के आधार पर चालक और ट्रक मालिक का पता लगाया जा रहा है। एमबीबीएस छात्र के मामले में मर्ग कायम करने के साथ ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलने का प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

#### इंदौर ले जाया गया छात्र का शव

चिमनगंज थाना पुलिस ने दोपहर में मृतक छात्रा का पोस्टमार्टम कराया। जहां से परिजन उसका शव अंतिम संस्कार के लिए इंदौर लेकर गए हैं। मेडिकल कॉलेज के कई छात्र भी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए इंदौर रवाना हो गए थे।

# ओलावृष्टि से खराब फसलों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

### विधायक बोले 15 दिनों में किसानों को दिया जाये मुआवजा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



ग्रामीण क्षेत्रों में ओलावृष्टि और बारिश के साथ तेज हवा में बर्बाद हुई किसानों की फसलों को लेकर कांग्रेस ने संकुल भवन पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया ओर 15 दिनों में बीमा राहत राशि के साथ मुआवजा देने की मांग की।

फरवरी माह के 20 दिनों में तीन बार मौसम में आये बदलाव के साथ ओलावृष्टि और बारिश के साथ ठंडी हवा से कई किसानों की फसल खराब हो गई है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से ग्राम पानखे?ी तहसील उन्हेल, पिपलौदा पंथ, लेकोडा आंजना, आंवला भूतिया, चौसला, कलेसर, झीतरखे?ी दौलतपुर ब?नगर, महिदपुर, घट्टिया के कई गांव की फसलें प्रभावित हुई थी।

किसानों की ख?ी फसल को नुकसान होने पर कांग्रेस ने शनिवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विधायक महेश परमार, दिनेश जैन बोस, कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, अशोक जाट और ब?ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक महेश परमार ने कहा कि सर्वे होने के बाद 10 दिन के अंदर किसानों को राहत राशि दी जाए। 10 हजार रुपए प्रति बीघा विशेष राहत पैकेज के साथ किसानों को आपदा राहत मिले, प्रधानमंत्री फसल बीमा लंबित क्लेम का 15 दिनों में निपटारा किया जाए। 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर किसानों को अतिरिक्त विशेष राहत पैकेज स्वीकृत करें। विधायक दिनेश जैन बोस ने आरोप लगाया कि किसानों की राहत राशि के नाम पर करो?ीं रुपए आए अब तक वितरित नहीं किए गए। बर्बाद हुई फसल का अधिकारी जल्द ही सर्वे कराकर राहत राशि का भुगतान करें।

### हाथ-गला काटने के बाद इंजीनियर ने लगाई फांसी

#### रायसेन का रहने वाला था, प्रेमप्रसंग की आशंका

**उज्जैन।** सडक निर्माण में सप्लाय इंजीनियर का काम देख रहे युवक ने शुक्रवार-शनिवार रात फांसी लगा ली। सुबह उसका शव सीढियों पर रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस के पहुंचने पर सामने आया कि उसका हाथ और गला भी कटा हुआ है।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि केसरबाग कालोनी में किराये से रहने वाले ऋषभ पिता अर्जुन मीणा का शव मकान की सीढ़ियों पर रस्सी के फंदे से लटका होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। मृतक के हाथ और गले से खून भी निकल रहा था। घटनाक्रम का पता चलने पर सीएसपी पुष्पा प्रजापति भी मौके पर पहुंची गई थी। जांच के लिये एफएसएल टीम को बुलाया गया और शव को फंदे से उतारा गया। मृतक ऋषभ ने फांसी लगाने से पहले हाथ और गला काटा था। जानकारी जुटाने पर सामने आया कि ऋषभ रायसेन का रहने वाला था। क्षेत्र में चल रहे सडक निर्माण कार्य में सप्लाय इंजीनियर के रूप में काम करता था। 2 माह पहले उज्जैन आया था। थाना प्रभारी के अनुसार परिजनों को सूचना देकर शव अस्पताल पहुंचाया गया। शाम को परिजनों के उज्जैन पहुंचने पर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन शव अंतिम संस्कार के लिये रायसेन लेकर गये है।

थाना प्रभारी के अनुसार घटनास्थल पर पूछताछ करने के बाद पता चला कि ऋषभ के साथ 2 अन्य साथी भी रहते है। रात में दोनों अपने कमरे में सोने चले गये थे। दोनों से पूछताछ में सामने आया कि ऋषभ किसी लडकी से मोबाइल पर काफी देर-देर तक बात करता था। थाना प्रभारी ने आशंका जताई कि संभवत~ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक का मोबाइल जांच में लिया गया है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के बाद परिजनों को बुलाकर बयान दर्ज किये जायेगें, वहीं मोबाइल की कॉल डिटेल भी खंगाली जायेगी।

#### बदला मौसम निकली धूप, उछला दिन का तापमान...

### 23-24 को फिर से बारिश के आसार दो चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय

**शाम से फिर ठंडी हवाओं ने जोर पकड़ा**
**आज और मौसम साफ रहने के आसार**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पिछले तीन दिनों की तरह शनिवार को एक बार फिर मौसम ने रंग बदला और दिन में अच्छी खासी धूप का असर रहा है। जिसके चलते तापमान में 7 डिग्री की तेजी आ गई। लेकिन एक बार फिर दो चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय होने पर 23-24 फरवरी को बारिश के आसार बनते दिखाई दे रहे है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदेश के ऊपर दो चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय हैं। साथ ही एक ट्रफ लाइन गुजर रही है और पश्चिमी विक्षोभ का असर भी बना हुआ है। इन मौसम प्रणालियों के कारण फरवरी में तीसरी बार बारिश का दौर आया है। अब 23 और 24 फरवरी को चौथी बार फिर बारिश होने की संभावना जताई गई है। शनिवार को मौसम साफ रहा है और रविवार को भी मौसम साफ रहने के आसार हैं।

#### चौथे दौर की बारिश के आसार

मौसम का मिजाज फरवरी माह के अंतिम दौर में भी अस्थिर बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ, सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ लाइन के प्रभाव से एक बार फिर बारिश, तेज आंधी और कहीं-कहीं ओलावृष्टि दर्ज की गई है। बुधवार, गुरुवार शुक्रवार को तीसरे दौर की बारिश ओलावृष्टि की स्थिति रही थी। शनिवार को आकस्मिक ही मौसम पूरा साफ रहा है। इसके बाद अब सोमवार से एक बार फिर से चौथे दौर की बारिश के आसार बन रहे हैं। दो से तीन दिन ऐसे ही आसार बनने की स्थिति सामने आ रही है।

#### शनिवार को ऐसा रहा मौसम

शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शनिवार को सुबह न्यूनतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा 1.5 डिग्री गिरावट के साथ 15 डिग्री दर्ज किया गया । इसकी अपेक्षा शाम को अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा 7 डिग्री उछाल के साथ 31 डिग्री दर्ज किया गया है। सुबह के समय आर्द्रता 90 एवं शाम को 46 दर्ज की गई। सुबह के समय हवा पूरी तरह से कमजोर पड गई थी जो कि शाम के समय ठंडक के साथ 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड चुकी थी।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 26 का भाग वर्तमान म्यु. क्रमांक 26 गली नं 02 लाल बहादुर शास्त्री मार्ग उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 22.83 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- गली, पश्चिम में- कॉलोनी की रोड़, उत्तर में- मांगीलाल का मकान, दक्षिण में- लोकेश गेहलोत का भवन स्थित है। उक्त सम्पत्ति अरविन्द मण्डलोई एवं रवीन्द्र मण्डलोई पिता श्री लक्ष्मीनारायण ने संपत्ति के पूर्व स्वामी रामेशचंद्र पिता श्री भोलारामजी हनोतिया से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022024ए11189600 दिनांक 01/10/2024 के माध्यम से क्रय कि है, एवं अरविन्द मण्डलोई तथा रवीन्द्र मण्डलोई ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबधं नरेन्द्र गोयल पिता श्री मदन गोयल तथा श्रीमति सुनिता गोयल पति श्री नेरन्द्र गोयल से किया है। एवं नरेन्द्र गोयल व सुनिता गोयल ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार का उक्त सम्पत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है, एवं पक्षकार कि जानकारी के अनुसार पूर्व का मूल विक्रय पत्र एमपी 432022020ए1550719 दिनांक 05/09/2020 एंव संशोधन पत्र क्रमांक एमपी 432022020ए1887608 दिनांक 26/12/2020 कही गुम हो गया है जिसकी प्रथम सूचना पुलिस थाना माधव नगर उज्जैन में दिनांक 27/01/2023 को दर्ज करवा दी गई थी। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त मुल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी सौरव केसवानी पिता श्री जयरामदास केसवानी निवासी 78 मणि पार्क कॉलोनी, आगर रोड, उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन जो भूमि खाता क्रमांक 1259 का होकर कोठी क्रमांक 11 भवन क्रमांक 01, मिर्जा नईम बेग नगर, उज्जैन में स्थित है, उक्त भवन को मेरे पक्षकार द्वारा लीज पर लेने का सौदा किया जा रहा है, अत: उक्त वर्णित भवन पर किसी अन्य की कोई लीज या उक्त भवन के संबंध में कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो या किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम वित्तिय संस्था आदि का कोई ऋण भार बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् कोई भी आपत्ति आदि मान्य नही जावेगी। इति दिनांक 21/02/2026 स्थान उज्जैन

**अश्विन मेहता ( एडव्होकेट )**
**मोहन नगर, आगर रोड, उज्जैन मो. 96694-90876**


### जाहिर सूचना

**ग्राम जमालपुरा तह. बडनगर की भूमि बाबत**

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने बाबूलाल पिता श्री नागूजी जाति आंजना निवासी रेल्वे स्टेशन की पीछे, कांकड बुधान्या इन्दौर के भूमि स्वामी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रं. 97/1 रकबा 0.5000 हैक्टर व सर्वे क्रमांक 97/2 रकबा 0.2000 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 0.7000 हैक्टर अर्थात 3।। (साढे तीन बीघा) भूमि स्थित ग्राम जमालपुरा तह. बडनगर जिला उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर अनुबंध व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार हो या उपरोक्त भूमि कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या उक्त भूमि किसी सोसायटी आदि में बंधक की हो या भूमि किसी अन्य के हित में अनुबंधित हो या उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या उक्त विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 21-2-2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो.94250-91124, 8959999299**

# आचार्य कृपलानी ने बताया मनुष्य की असली जाति, अपनी देखें



ट्रेन का वह प्रथम श्रेणी का डब्बा था। इस वजह से उसमें अधिक भीड़ नहीं थी। एक सज्जन किताब पढ़ने में व्यस्त थे जबकि बाकी सभी लोग बातों में मशगूल थे। उनकी बातचीत से लग रहा था कि सभी पढ़े-लिखे और संभ्रांत परिवारों के हैं। विभिन्न विषयों से होते हुए उनकी बातचीत जाति-पांति पर आकर टिक गई। दिलचस्प यह कि तमाम मसलों पर प्रगतिशील विचार रखने वाले वे लोग जाति का सवाल आने पर घर-परिवार और संस्कार की बात करने लगे। जल्दी ही उन सबके मुंह से अपनी-अपनी जाति की बड़ाई निकलने लगी। कोई अपनी जाति की उत्पत्ति का बखान कर रहा था तो कोई अपनी जाति से जुड़े लोगों की उपलब्धियां बता रहा था।

इसी दौरान एक व्यक्ति ने पुस्तक पढ़ रहे सज्जन से पूछा, श्रीमान! आप किस जाति से हैं? वह सज्जन कुछ पल गुमसुम से सवाल पूछने वाले को देखते रहे और फिर बिना कुछ कहे दोबारा पुस्तक पढ़ने लगे। जवाब न पाकर उस व्यक्ति ने फिर से पूछा, श्रीमान! आपने बताया नहीं कि आप किस जाति से हैं? तब उस सज्जन ने जवाब दिया, मैं किसी एक जाति का होता तो जवाब देता। मेरी कोई एक जाति है नहीं। इस अटपटे जवाब पर सभी हैरान होकर उन्हें देखने लगे।

वह सज्जन बोले, जब मैं सवेरे नित्यकर्म के लिए जाता हूं तो शूद्र बन जाता हूं। जब जीवन जीने के लिए संघर्ष करता हूं तो क्षत्रिय हो जाता हूं। जब कॉलेज में बच्चों को पढ़ाता हूं, तो ब्राह्मण बन जाता हूं। और जब अपने वेतन तथा खर्च आदि का हिसाब किताब रखता हूं तो वैश्य हो जाता हूं। इसलिए मुझे कुछ समझ नहीं आता कि मैं किस जाति से हूं। अगर आप समझ सकते हैं, तो खुद ही जान लीजिए कि मेरी जाति क्या है। यह जवाब सुनकर सभी लोग शर्मिंदा हो गए। वह सज्जन कोई और नहीं बल्कि आचार्य कृपलानी थे।



सम्पादकीय

## रेवड़ी कल्चर के खतरे

मुफ्त-मुफ्त-मुफ्त चुनाव आते ही सत्तारूढ़ दल हो या विपक्षी दल सभी सेल लगा देते हैं। रस्ते का माल सस्ते में की तर्ज पर मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बड़े-बड़े वायदे किए जाते हैं। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का सिलसिला वर्षों पहले दक्षिण भारतीय राज्यों से शुरू हुआ था जो लगभग अब हर राज्य में फैल चुका है। अब ऐसी आशंकाएं व्यक्त की जाने लगी हैं कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो एक दिन राज्यों का दिवाला ?पिट जाएगा। आदमी जब मुफ्त भोगी बन जाता है तो कामचोर बनना उसकी आदत बन जाती है। मुफ्त में कोई भी पिलाए, पीने वालों की कोई कमी नहीं भले ही व जहर क्यों न हो।

जनता को भी मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा का बेसब्री से इंतजार रहता है। जब महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव होने वाले थे तो वहां भी मुफ्त की रेवड़ियों का ऐलान किया गया। महाराष्ट्र चुनाव के लिए ?लाड़ली बहन योजना पर जबरदस्त जोर दिया गया। राज्यों के चुनावों की छोड़ दें तो देश की राजनीति में मुफ्त अनाज योजना, मुफ्त गैस योजना और अन्य कई योजनाओं ने भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में विपक्ष शासित राज्य भी कैसे पीछे रह सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर चुनावों से ठीक पहले राजनीतिक दलों द्वारा फ्री बीज की घोषणा करने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए ?स्पष्ट कहा है कि जरूरतमंद और सक्षम लोगों में फर्क किए बिना सबको मुफ्त सुविधाएं बांटना तुष्टिकरण है जो देश?की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर सकता है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने बहुत ही कड़वा लेकिन व्यावहारिक सवाल उठाया है। कोर्ट ने पूछा कि अगर सरकार हर चीज मुफ्त देगी और सीधे खाते में पैसे भेजेगी, तो लोग मेहनत और काम क्यों करेंगे? चीफ जस्टिस ने कहा कि लोगों को काम के अवसर देना ज्यादा जरूरी है ताकि वे सम्मान के साथ जी सकें। मुफ्त राशन, गैस और बिजली की आदत लोगों से काम करने की प्रेरणा छीन सकती है, जो किसी भी देश के भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। सुनवाई के दौरान तमिलनाडु में सबके बिजली बिल राज्य सरकार द्वारा भरने की नीति पर सवाल उठे। कोर्ट ने पूछा कि क्या यह वाकई जनहित में है कि जो लोग बिल भरने में सक्षम हैं, उनका बोझ भी सरकार उठाए? जज साहब ने स्पष्ट किया कि एक कल्याणकारी राज्य का कर्त्तव्य गरीब बच्चों की पढ़ाई और बीमारों की मदद करना है लेकिन जो लोग भुगतान कर सकते हैं, उनसे लागत वसूलना राष्ट्र निर्माण के लिए बेहद जरूरी है।

### दान सुपात्रों को देवे

# दान की प्रवृत्ति भारत में उत्तरोत्तर जागरूकता की ओर अग्रसर

हर व्यक्ति समाज से और समाज के लिए बना होता है। हम संकीर्ण भावनाओं से ऊपर उठकर हमें अपनी उदारता और विशालता को अपनाना होगा। हम जितनी विशाल उदात्त भावनाओं को अपनाऐंगे, उतनी ही अनंत दैवीय शक्ति की प्राप्ति होगी।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

इसलिए, जीवन की सबसे सुन्दर और उपलब्धिपूर्ण स्थिति दाता बनने में है, न कि हर वक्त अभाव का रोना रोते और हाथ फैलाए हुए जीवन जीने में। जब हम निःस्वार्थ भाव से एवं बदले में बिना कुछ चाहत के किसी को कुछ देते है, तो दान लेने वाले का अंतःकरण प्रसन्न होता है। उसकी यह प्रसन्नता शरीर में ऊर्जा बनकर रोम-रोम में निकलती है। वह उस दाता को यशस्वी बना देती है। दाता बनने के लिए भौतिक वस्तुओं या रूपयों-पैसों का दान दिया जाता है। इसके साथ इसके अनेक विकल्प भी है, जैसे - रक्तदान, विद्यादान, नेत्रदान, देहदान, गो-दान, कन्यादान, अन्नदान, तनाव ग्रस्त व्यक्ति का तनाव दूर कर मुस्कान और प्रसन्नता का दान आदि। इन दानों में विद्यादान, कन्यादान महत्वपूर्ण माने गए। दान मनुष्य द्वारा किए जाने वाले सभी सतकर्मो में श्रेष्ठ कर्म है। सनातन धर्म में चार प्रकार के दान बताए गए है - प्रथम अन्नदान, द्वितीय औषधदान, तृतीय विद्यादान और चतुर्थ अभयदान है। इसी प्रकार दानदाताओं के चार प्रकार भी बताए गए ग्रासरूट, एस्परेशनल, प्रैक्टिकल, वेल-आफ गिवस। इनकी प्रेरणा, जागरूकता, जुड़ने की प्रसंग अलग-अलग बताई गई है। भारत में माध्यम, उच्च वर्ग के लोग दान देने की प्रवृत्ति की ओर अग्रसर है। सभी धर्मग्रंथ में लिखा है कि दान मेहनत की कमाई का ही होना चाहिए। परिश्रम से कमाया धन सात्विक भाव पैदा करता है इस सात्विक दान कहा गया है। इसलिए दानी व्यक्ति प्रत्येक जगह सम्मान का पात्र होता है। पुराणों के अनुसार दान देने से देवता भी मनुष्य के वश में हो जाते है, किन्तु दान की सार्थकता तभी है, जब वह निःस्वार्थ भाव से किया जाए।

जब दान करने वाले व्यक्ति को अंहकार उत्पन्न हो जाता है, तो दान से अर्जित उसके पुण्यों का क्षय होना प्रारंभ हो जाता है। उसका दान निष्फल हो जाता है। दान का अधिष्ठान सदैव विन्रमता एवं करूणा होना चाहिए। विन्रमता एवं करूणा हृदय से दिया गया दान पुण्य प्राप्त करता है। उसकी ख्याति स्वतः होने लगी है। इस सम्बंध में विख्यात प्रसंग यह है कि - देशबंधु निरंजन दास का जन्म 05 नवम्बर, 1870 में कलकत्ता में हुआ था। वे कलकत्ता हाईकोर्ट के प्रबुद्ध वकील थे। 1908 में अलीपुर बम केस में बिना फीस लिए अरविन्द घोष का बचाव कर वे क्रांतिकारियों के हीरो बन गए थे। असहयोग आंदोलन के दौरान वकालत छोड़ दी और सारी सम्पत्ति दान कर दी। सम्पूर्ण सम्पत्ति दान के बाद उन्हें देशबंधु कहा जाने लगा।

दान की सिद्धि उसके पात्र पर भी निर्भर करती है। दान सदैव सुपात्र को ही देना चाहिए। कुपात्र को दिए गए दान से उसका प्रताप समाप्त हो जाता है। यदि दान कुपात्र को मिलें, तो वह उसके महत्व को नहीं समझ पाता। ऐसा दान कुपात्र को लोभी बना देता है। साथ ही उसके भीतर कृतध्नता उत्पन्न हो जाती है। वह उस दान के महत्व को मिट्टी में मिला देता है। जिस तरह सागर में भारी बारिश से कोई लाभ नहीं है, भरे हुए पेट वाले व्यक्ति को छप्पन भोग परोस कर कोई लाभ नहीं, ठीक उसी प्रकार कुपात्र को दान देकर भी कोई लाभ नहीं होता। इसलिए सुपात्र को दान देने से हमारे अंदर पवित्रता और करूणा के भाव पैदा होते है। जो एक सकारात्मकता पैदा होती है, वह हमारे विचारों कार्यो और उद्देश्यों को अधिक मजबूती प्रदान करती है।

मृत्यु जीवन की सच्चाई है। फिर भी मनुष्य सदैव इससे दूर भागता है ,और मृत्यु पीछा नहीं छोड़ती है। इसलिए मृत्यु आने के पूर्व ही अधिकाधिक अर्जित धन का उत्तम दान देने की प्रवृत्ति देवीय गुणों को जागृत अवस्था में उत्पन्न होती है। इसलिए दान के महत्व को समझना अत्यंत आवश्यक है। हमें हर अवस्था में इसके महत्व की अनुभूति करनी चाहिए। स्पष्ट है कि ह्यह्यएक राजा के मन में ख्याल आया कि मनुष्य का मरने के बाद क्या होता है ? राजा ने राज्य में ढिंढोरा पिटवा दिया , कि जो आदमी रातभर कब्र में मुर्दे की तरह लेटकर मरने के बाद होने वाली घटनाएं बताएगा, उसे इनाम मिलेगा। आखिरकार एक कंजूस तैयार हुआ। उसे कब्रिस्तान ले जाया गया। रास्ते में एक फकीर ने उसका पीछा किया। फकीर ने कहा ह्यह्यअब तो तूम मरने जा रहे हो। अपने धन में से मुझे ही कुछ दे दो। फकीर ने जब पीछा नहीं छोड़ा तो कंजूस ने कब्रिस्तान में पड़े अखरोट के छिलकों के ढेर में से मुट्ठीभर छिलके फकीर को दे दिए। कंजूस को कब्र में लिटाया गया। सांस लेने के लिए सिर की तरफ छोटा सा छेद रहने दिया गया, ताकि वह जिन्दा रहे। रात को एक सांप कब्र के पास आया और छेद से अंदर घुसने की कोशिश करने लगा। कंजूस घबरा गया। इधर सांप जब छेद में घुसने की कोशिश कर रहा था। तो अखरोट का एक छिलका छेद में अटका था। इससे सांप अंदर नहीं घुस पाया। सुबह हुई , तो कंजूस राजा के सामने पेश होकर बोला-- महाराज मरने के बाद, सबसे ज्यादा दान काम में आता है।

कई बार धन की लालसा से मनुष्य ऐसा व्यवसाय करने लगता है, जिसमें अनावश्यक हिंसा होती है। जैसे कीटनाशक दवाईयों की बिक्री। प्रत्येक व्यवसायी को चाहिए, कि अनावश्यक हिंसा वाले व्यापार-व्यवसाय से दूर रहे। यदि वह ऐसे कार्य में संलग्न होता है, तो उसे कई जन्मों तक अनावश्यक हिंसा के पाप के कारण कर्मफल भोगना पड़ता है। यहां व्यवसायी अच्छे से अच्छा दान करके भी पाप कर्म के फल से निवृत्त नहीं हो सकेगा। आप जानबूझ करके हिंसा का व्यापार करने दानपूण्य करते है, यह कहां का न्याय है ? अनैतिक व्यवसाय से धन कमाकर परिवारजनों पर खर्च किया धन सार्थक सिद्ध नहीं होता है। यदि हम अपने जीवन के बुरे कर्मो को त्याग कर के दानशील बनेंगे तो धनलक्ष्मी स्वतः आएगी। उस समय 2017-18 में दान देने में अमेरिका आगे था। लेकिन अब अमेरिका, न्यूजीलैण्ड और ब्रिटेन जैसे देशों में दानदाताओं की संख्या में बड़ी गिरावट हुई। दान देने में सबसे आगे इंडोनेशिया है, यहां 10 में से 8 व्यक्ति दान देते है। उसके बाद केन्या, नाइजीरिया, म्यंनमार और आस्ट्रेलिया का नम्बर आता है। जापानी दान देने में सिर्फ 12 प्रतिशत ही यकीन करते है, इसके बाद पुर्तगाल, बेल्जियम, इटली और दक्षिण कोरिया का नम्बर आता है। एडेलगिव हुरून ईडिया परोपकार सूची 2022 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में सूचना प्रौद्योगिक (आईटी) कम्पनी एचसीएल के संस्थापक 77 वर्षीय शिव नादर 1161 करोड़ रू. वार्षिक दान देने के साथ देश में सबसे बड़े परोपकारी बनकर उभरे है।

## होली के साथ गौरैया की बात

गौरैया को गुम हुए अरसा हुआ। पिछले कुछ समय से तमाम अच्छी चीजें धीरे-धीरे गायब होती जा रही हैं। कहने वाले कहते हैं कि होली की नैचुरल उमंग नदारद है। गुझियों में अब वह पहले वाली मिठास नहीं रही। मावे की तरह रिश्ते सिंथेटिक हो गए हैं। स्वाइन फ्लू का खौफ है, लोग हाथ भी मिलाते हैं, तो दस्ताने पहनकर। हेल्थ कांन्शस उत्सवधर्मी परस्पर गले मिलने से अक्सर कतराते हैं। अलबत्ता सुरा का स्वाद पहले जैसा ही कसैला है। एक-दूसरे के मुख पर कालिख पोतने की आदिम इच्छा बरकरार है। तमाम प्रकार के सरोकारी लोग मुंह पर सद्भाव के जयकारे लिए हाथों में काले पेंट से सराबोर ब्रश थामे हैं।

गौरैया जब तक घर-घर में थी, तब तक बड़ी खटकती थी। उसका चहचहाना चिढ़ाता था। उसको घर-आंगन में फुदकता देख लोग कुढ़न से भर जाते थे। जब होली इंद्रधनुषी रंगों से लबरेज थी, यह डाउन मार्केट ईवेंट था। लगता था कि यह क्या बात हुई कि जिसे देखो, वही गले पड़ रहा है। गालों पर रंग पोत दे रहा है। निरर्थक ठिठोली कर रहा है। इसके बावजूद तब न कोई किसी बात पर गुब्बारे की तरह मुंह फुलाता था और न कोई रूठे हुए को मनाने के लिए फिल्मी गाना बजाता था। उन दिनों ढोल, ढोलक, ढपली और मृदंग की थाप पर टेसु के रंगों की गमक खुद-ब-खुद चली आती थी। गौरैया को बुलाने के लिए बड़े-बडे. विज्ञापन आने ही वाले हैं। वैसे वह डिजिटल फॉरमेट में इधर-उधर और सोशल साइट्स पर फुदकती दिखने लगी है। होली के रंग फेसबुक और ट्विटर पर ओवरफ्लो कर रहे हैं। अमेरिका वाले बड़े साहब मुल्क को मौखिक सौगात देकर वापस जा चुके हैं। उनके जाते ही सारा माहौल एक्टिव मोड में आ गया है। लगता है कि अब सिर्फ उत्सवी दिन ही नहीं, परस्पर लड़ने- झगड़ने के मनमाफिक दिन आ लिए हैं। गौरैया दिवस जब आना है, आ जाएगा। फिलवक्त होली आ पहुंची है। अब यदि गौरैया और हुरियारे चाहे तो बुरा न मानो होली है, कहते हुए बिफोर टाइम भी आ सकते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 22 फरवरी 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:59 सूर्यास्त 18:23
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - पंचमी 11:10 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - अश्विनी 17:55 उपरांत भरणी
योग - शुक्ल 13:08 उपरांत ब्रह्म
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मेष में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 04 तारिख

**मेष-** आपके किसी परियोजना को सरकारी लाभ प्राप्त होने की संभावना है।

**वृषभ-** विदेशगमन की संभावना भी है। किसी धार्मिक स्थल की भेंट से सात्विकता में वृद्धि होगी।

**मिथुन-** क्रोध से स्वयं कोई हानि होने की संभावना अधिक है। दिमाग को शांत रखिएगा।

**कर्क-** भागीदारों से भी लाभ होगा। छोटा सा प्रवास या पर्यटन की स्मृति लंबे समय तक बनी रहेगी।

**सिंह-** किसी कारणवश दैनिक कार्यों में विघ्न आ सकते है। व्यवसाय में सहकर्मियों का सहयोग आज नहीं के बराबर मिलेगा।

**कन्या-** आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है ऐसा गणेशजी कहते हैं। संतानों के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी।

**तुला-** माता के विषय में चिंता रहेगी। स्थावर संपत्ति से सम्बंधित दस्तावेजी कार्य सावधानी से करें।

**वृश्चिक-** आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य में भी लाभ होगा।

**धनु-** पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा। निर्धारित कार्यों को पूर्ण न कर पाने से मन में हताशा भी बनी रहेगी।

**मकर-** गृहजीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

**कुंभ-** शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ्य नहीं रहेगें। स्वजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे।

**मीन-** शुभ समाचार मिलेगा। पत्नी और संतानों से लाभ प्राप्त होगा। आकस्मिक धन प्राप्त होने की संभावना है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## राष्ट्रवादी अवधारणा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है

यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राष्ट्रवादी अवधारणाओं को भी दल विशेष की अवधारणा के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। दरअसल राजनीति का मूल स्वरूप इतना विकृत हो गया है कि पूर्वाग्रह की प्रबलता के चलते दो और दो चार जैसे आसान सवालों को भी उलझा कर रख दिया जाता है। वास्तव में प्रबल राष्ट्रवाद एक प्रकार से हिंदुत्व की



राजेंद्र बज (दैनिक अवन्तिका)

अवधारणा के इर्द-गिर्द ही घूमता है। इस पर भारतीय नागरिकों को अतिरिक्त गर्व की सुखद अनुभूति होती है। हमारे वेद, शास्त्र और पुराणों में उल्लेखित भारतीय धर्म संस्कृति के उच्च स्तरीय आदर्शों के परिपालन की अपेक्षा नागरिकों से की जाती रही है। वैसे भी लोकतंत्र की राजनीति में ' रामराज्य ' की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के वादे और इरादे के साथ जनमत के समर्थन की आस की जाती रही है। ऐसे में राष्ट्रवाद की भावना को अलगाव से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। इन संदर्भों में बेहतर हो यदि राष्ट्रवाद की परिकल्पना को भारतीय रंग से जोड़ा जाए। वास्तव में जाने-अनजाने हमने राष्ट्रवाद को हिंदुत्व के रूप में और हिंदुत्व को प्रबल राष्ट्रवाद के रूप में काफी हद तक अंगीकार कर लिया है। वैसे ऐसा होने पर भी ऐसा नहीं माना जा सकता कि कोई अनहोनी हो गई है।


हमारी विश्व वंदनीय भारतीय संस्कृति आदि-अनादिकाल से धर्म संस्कृति पर आधारित जीवन पद्धति के साथ जुड़ी हुई है।जब हम कहते हैं ' हमें गर्व है कि हम भारतीय हैं ', यकीन मानिए इस गर्वोक्ति पर हमारा मान सम्मान और स्वाभिमान अप्रत्याशित रूप से चैतन्य हो जाया करता है। वास्तव में हमारे रग-रग में भारतीय संस्कृति से गूंथे हुए संस्कार कदम कदम पर हमारा मार्गदर्शन करते रहे है। मनुष्य जीवन में देवत्व की ओर बढ़ने की सीख हमें हमारी संस्कृति ही प्रदान करती है। परस्पर पूर्वाग्रह के चलते राष्ट्रहित को नजरअंदाज करने का राजनीतिक तौर तरीका उचित नहीं है।

दरअसल हमें अपने राष्ट्र के प्रति हर उस विषय का समर्थन करना चाहिए, जिसके आधार पर नागरिकों में नागरिक चेतना के भाव उत्पन्न होते हैं। प्रतिपक्षी की किसी भी बात को सिरे से खारिज कर देना भी उचित नहीं माना जा सकता। लेकिन प्रतिपक्ष जब राजनीतिक स्वार्थसिद्धि की प्रबलता के चलते राष्ट्र की अस्मिता को भी दांव पर लगाना चाहे, तो यह घोर अपराध ही होगा। इसमें संदेह नहीं कि केंद्रीय नेतृत्व की रीति नीति के चलते नागरिकों में अप्रत्याशित रूप से राष्ट्रीय चेतना जागृत हुई है। विश्व वंदनीय भारतीय संस्कृति को केंद्र में रखकर इस संस्कृति का विकेंद्रीकरण करने के प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए।

इसमें संदेह नहीं कि किसी भी देश की छवि उसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर आकलित की जाती है। निश्चित ही अतीत का गौरव वर्तमान दौर का स्वाभिमान होता है। इस नाते हम आत्ममुग्ध होते हैं, तो ऐसे में की जाने वाली आपत्ति नागरिकों की दृष्टि में सर्वथा निरर्थक सिद्ध होती है। बेशक नागरिकों की राष्ट्र के प्रति चेतना जागृत होने का निरंतर मिल रहा सुखद संकेत, हमें अपने भारतीय होने पर गर्व का कारण सिद्ध हो रहा है। केंद्र की रीति नीति का राजनीतिक मूल्यांकन, एक अलग विषय हो सकता है। लेकिन इसमें रत्ती भर भी संदेह नहीं किया जा सकता कि नागरिकों में राष्ट्र के प्रति चेतना के भाव तीव्र गति से जागृत होते जा रहे हैं। ऐसी सुखद स्थिति के कारक तत्व के रूप में हिंदुत्व की अवधारणा एक सेतु का कार्य कर रही है। इसलिए हमें प्रसन्न होना चाहिए। दरअसल राजनीतिक स्वार्थसिद्धि के प्रति बेलगाम आतुरता के चलते अनेक अवसरों पर शीर्ष राजनीतिक दलों द्वारा राष्ट्र विरोधी तत्वों को प्रश्रय दिया जाने लगा है।

# स्वच्छ रखे रखे, कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं गंदे नाखून

नाखून शरीर का अहम हिस्सा हैं। इनकी सुंदरता के साथ-साथ सेहत का भी ख्याल रखना जरूरी है। कारण यह है कि नाखून कई तरह की बीमारियों का कारण बन सकते हैं। साथ ही नाखून पर पैनी नजर रखी जाए तो कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। कुल मिलाकर नाखून और शरीर की सेहत का करीबी रिश्ता है। लिवर, फेफड़ों और दिल से जुड़ी कई बीमारियों का संकेत नाखून से मिलता है। नाखूनों की नियमित सफाई जरूरी है। नाखूनों के जरिए गंदगी पेट में जाने से गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।



### क्या संकेत देते हैं नाखून

डॉ. लक्ष्मीदत्ता शुक्ला के अनुसार, बालों की तरह नाखून भी एक ही प्रोटीन के बने होते हैं, जिसे कैराटीन कहा जाता है। जो लोग स्वस्थ्य आहार लेते हैं, उनके शरीर के अन्य अंगों की तरह नाखून भी स्वस्थ्य होते हैं। यदि नाखून कमजोर हैं और जल्दी टूट जाते हैं तो यह थायरॉइड का संकेत हो सकता है। यदि नाखून क्रेक हो रहे हों या इनका रंग पीला हो तो यह फंगल इन्फेक्शन के कारण हो सकता है। यदि नाखून पर गहरे रंग की रेखाएं बन रही हैं तो यह त्वचा संबंधी बीमारी का संकेत हो सकता है। डॉक्टर को दिखाएं और जरूरी जांच करवाएं। यह त्वचा कैंसर का कारण भी बन सकता है। यदि नाखून सामान्य से अधिक सफेद हैं तो यह शरीर में खून की कमी का संकेत हो सकता है। यदि अंदरूनी रिंग गहरे रंग की है तो यह लिवर में खराब का संकेत माना जाना चाहिए। शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो तो यह नीले नाखून के रूप में सामने आ सकती है।

### नाखून चबाने की आदत से सेहत को नुकसान

नाखून चबाना एक आम समस्या है। कई बार लोग जाने-अंजाने किताब पढ़ते समय या कुछ सोचते समय नाखून चबाने लगते हैं। इससे सेहत को नुकसान होता है। नाखून में जमा गंदगी पेट में जाती है। साथ ही ऐसा करना बड़ी मनोवैज्ञानिक समस्या या डिप्रेशन यानी अवसाद का संकेत भी हो सकता है। खुद पर काबू रखने की कोशिश करें। समय-समय पर नाखून काटते रहें। जब नाखून बड़े नहीं होंगे तो दांत से चबाने की आदत छूट जाएगी।

### नाखून साफ रखने के घरेलू उपाय

सेहतमंद रहने के लिए नाखून को साफ रखना बहुत जरूरी है। कई बार सामान्य पानी से नाखून अच्छी तरह साफ नहीं होते हैं। इन्हें साफ करने के कुछ आसान घरेलू उपाय हैं। जैसे नींबू। नींबू एक नैचुरल ब्लीचिंग एजेंट के रूप में काम करता है। नींबू के छिलके को नाखूनों पर रगड़ने से नाखून पूरी तरह साफ हो सकते हैं। गर्म पानी में नींबू के टुकड़े डालकर हाथ अच्छी तरह साफ किए जा सकते हैं। बेकिंग सोडा के साथ भी नींबू का उपयोग किया जा सकता है। नींबू और बेकिंग सोडा का मिश्रण बनाएं तथा नाखून पर लगाएं। गुनगुने पानी से हाथ धो लें। जो लोग ऑयल या ऐसे कुछ काम करते हैं तो उन्हें नाखून साफ करने के लिए टूथब्रश का इस्तेमाल करना चाहिए।

धर्म-आस्था

# विष हर कर इस संसार को सुखमय बनाते हैं शिव

देव और दानवों के समुद्र मंथन से निकले हलाहल का पान कर समस्त सृष्टि को विनाश से बचाने की क्षमता केवल सर्व शक्तिमान सर्वेश्वर शिव में ही है। अमृत बंटने के समय शिव तटस्थ रहे। विष्णु के हस्तक्षेप से अमृत देवताओं को मिला और वे अमर बन गए। असुर नाराज हुए। देव और असुर दोनों के ईश्वर शिव के आगे अमृत से वंचित दानवों ने गुहार लगाई तो शिव ने दानव गुरु शुक्राचार्य को संजीवनी मंत्र द्वारा असुरों को बार-बार जीवित करने की क्षमता प्रदान की। यही कारण रहा कि देवासुर संग्राम में युगों तक दोनों पक्ष समान रूप में एक-दूसरे के ऊपर हावी रहे। देवताओं की जय और असुरों की पराजय तब-तब संभव हो पाई जब-जब असुरों के धर्मविरुद्ध आचरण प्रबल हुए और शिव अथवा विष्णु को सृष्टि की रक्षा के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा।



पुराणों में वर्णित इन आख्यानों का अगर हम आध्यात्मिक विश्लेषण करें तो मानवता के कल्याण के लिए इन कहानियों का नैतिक अभिप्राय एवं संदेश हमारे सामने स्पष्ट होता है। वास्तव में, शास्त्रों में समुद्र मंथन एवं देवासुर संग्रामों का उल्लेख सांकेतिक व अलंकारिक है। समुद्र मंथन इस संसार रूपी भव सागर में जीवन व्यतीत करने वाले मनुष्य के मन-बुद्धि में लगातार चल रहे विचारों का मंथन ही है। मन रूपी मंदर पर्वत को बुद्धि रूपी कूर्म के ऊपर स्थित एवं स्थिर कर, मानव के अच्छे-बुरे संस्कार रूपी वासुकी नाग को रज्जु बनाकर हमारे दैवी और दानवीय प्रवृत्तियों द्वारा विपरीत दिशाओं में खींचे जाने की प्रक्रिया को ही समुद्र मंथन की उपमा दी गई है। मनुष्यता से देवत्व की ओर यात्रा में शिवत्व यानी आत्मिक गुण और शक्ति रूपी सकारात्मकता ही अमृत समान है, जो कि हमारे आंतरिक सुख-शांति की स्थिति को स्थिरता, दीर्घता एवं अमरत्व प्रदान करती है।

दिव्य ज्योति स्वरूप निराकार ज्योतिर्लिंग शिव परमात्मा अगर ज्ञान सूर्य है तो शिवत्व उनकी आध्यात्मिक शक्तियों की किरणें हैं। ये किरणें जब मनुष्य के ऊपर पड़ती हैं तो उसमें विद्यमान विकार, पाप और आसुरी अवगुण रूपी जीवाणु कीटाणु आदि भस्मीभूत हो जाते हैं। तभी तो परमात्मा शिव के सृष्टि पर दिव्य अवतरण के पर्व शिवरात्रि की महिमा में गान करते हैं, ज्ञान सूर्य प्रगटा, अज्ञान अंधेर विनाश। ज्ञान सूर्य दिव्य ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव के उदय होने से मनुष्य की मन-बुद्धि में बसी तमोगुण एवं रजोगुण रूपी अज्ञानता नष्ट हो जाती है। आत्मा-परमात्मा के ज्ञान और योग जिसे सर्वोच्च योग कहते हैं, उस राजयोग से मानव और समाज में दैवी गुण, दैवी चरित्र, दैवी संस्कार, दैवी संस्कृति एवं दैवी सभ्यता का अभ्युदय होता है। यह मानव की भौतिकवादी जड़ता, चेतना एवं मानसिकता को आध्यात्मिक जागृति, दैवी गुण एवं दिव्य शक्ति प्रदान करता है।

जब मनुष्य अभिमान, अहंकार एवं अधर्म रूपी अंधकार में आसुरी और मनोविकारी हलाहल का संवर्धन करने लगता है, तब संसार में दैवी संपदा, मानवीय मूल्य, समाज व्यवस्था, प्रकृति एवं पर्यावरण का संतुलन नष्ट होने लगता है और सृष्टि विनाश की ओर बढ़ जाती है। ऐसे में सर्व आत्माओं के पिता परमपिता निराकार परमात्मा शिव का इस धरा पर पूर्व निर्धारित मानवीय शरीर में दिव्य अवतरण यानी दिव्य परकाया प्रवेश होता है। उस मानवीय शरीर रूपी रथ का अलौकिक नाम प्रजापिता ब्रह्मा पड़ता है, जिनके साकार माध्यम से निराकार शिव नई दैवी स्वराज की सतयुगी सुखमय सृष्टि की संरचना करते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,57,700, रवा- 1,56,800 चांदी-टंच- 2,57,500 पाट- 2,56,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**




## जीपीडीपी-यूबीए के अंतर्गत एसजीएस-आईटीएस इंदौर की टीम का दौरा

तनोड़िया। पाँच छात्रों ने जीपीडीपी-यूबीए कार्यक्रम के अंतर्गत आगर मालवा जिले के तनोड़िया ग्राम का तीन दिवसीय 17 फरवरी से 19 फरवरी के दौरान शैक्षणिक एवं सामाजिक दौरा किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं को समझना, ग्राम की वास्तविक परिस्थितियों का अध्ययन करना तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु सुझाव एकत्र करना था। इस टीम में आदित्य पचलानिया , सक्षम कुरेले, , कार्तिकेय कुमार तिवारी,आदित्य बसेर तथा अर्पित चौहान शामिल थे। छात्रों ने ग्राम भ्रमण कर वहाँ की आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, शिक्षा की स्थिति तथा आजीविका के साधनों का अवलोकन किया। दौरे के दौरान छात्रों ने डीपीएम रामबाबू डांगी, सचिव अमित बार्डे तथा उपसचिव पवन सिंह अंजना से भेंट कर ग्राम विकास योजनाओं एवं जीपीडीपी के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पंचायत स्तर पर चल रही योजनाओं की जानकारी दी और विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। छात्रों ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना और उनके सुझाव भी एकत्र किए। ग्रामीणों ने पानी, स्वच्छता और रोजगार से जुड़ी चुनौतियों को साझा किया। टीम ने इन मुद्दों को संकलित कर संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाने का आश्वासन दिया। यह दौरा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव सिद्ध हुआ। इससे उन्हें जमीनी स्तर पर विकास योजनाओं की कार्यप्रणाली समझने का अवसर मिला तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी सुदृढ़ हुई। कॉलेज प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ाव बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई, चौक के सौन्दर्यीकरण के लिए ज्ञापन सौंपा



शुजालपुर। नगर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। सुबह समाजजनों द्वारा बाइक रैली निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पहुंची। यहां पूजन-अर्चन कर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बेनी प्रसाद परमार को चौक के सौंदर्यीकरण एवं शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापना के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। शाम पांच बजे से विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभाकरराव देशमुख ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में सुधाकरराव देशमुख, महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष सुरेश काका उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिजाऊ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष कोमलताई देशमुख ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। नितिन सणस ग्रुप द्वारा शिवाजी महाराज पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रभाकरराव देशमुख ने महिलाओं से घर-परिवार के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान करते हुए शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने की बात कही। वैष्णव ने अफजल खान वध का प्रसंग प्रभावी शब्दों में प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता कोमलताई देशमुख ने शिवाजी महाराज के जीवन, उनके जन्म पूर्व की पृष्ठभूमि से लेकर राज्याभिषेक तक के प्रसंगों को उदाहरण सहित रखते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर देहदान कर समाज को नई दिशा देने वाले सुधाकरराव देशमुख का सम्मान किया गया। साथ ही कोमल कुलदीप देशमुख को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राजक्ता देशमुख, प्रस्तावना आनंद ने रखी तथा आभार प्रदर्शन मुकेश देशमुख ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आरोही, निसर्ग, नैवेद्य, दुर्वा, मानव, विहान, कैवल्य, अर्णव, अभंग, दुष्यंत, स्वरा, अन्वी, अनुश्री एवं पूर्वी सहित अन्य प्रतिभागियों ने शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## राजगढ़ रोड से निराश्रित मंदबुद्धि व्यक्ति का रेस्क्यू, खुशियों के ओटले ने दिखाई मानवता

ब्यावरा। सिटी पुलिस थाना ब्यावरा और सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले के संयुक्त प्रयास से राजगढ़ रोड से एक निराश्रित मंदबुद्धि व्यक्ति को रेस्क्यू किया गया। यह व्यक्ति अत्यंत दयनीय अवस्था में सड़क पर घूमता हुआ मिला। उसकी स्थिति इतनी खराब थी कि वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। पूछताछ के दौरान वह स्वयं को कर्नाटक क्षेत्र का बता रहा था, किंतु अपना पूरा नाम और पता स्पष्ट रूप से नहीं बता सका। बातचीत में उसने अपना नाम शिवा बताया। पुलिस ने उसे सुरक्षित सिटी थाने में रखा, जहां पहले उसे नहलाया धुलाया गया और उसके बालों की कटिंग कराई गई। इसके पश्चात खुशियों के ओटले की टीम ने उसे नए वस्त्र पहनाए और भोजन की व्यवस्था की। कुछ ही समय में उसकी सूरत और स्थिति में इतना बदलाव आया कि लोग पहचान ही नहीं पा रहे थे कि यह वही व्यक्ति है, जो कुछ समय पहले बेहद गंदी हालत में इधर-उधर भटक रहा था। कई लोग उसे गलतफहमी में चोर तक समझने लगे थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका रेस्क्यू किया और मानवीय संवेदनाओं के साथ उसकी देखभाल की। ब्यावरा पुलिस थाना की टीम और खुशियों के ओटले के सदस्य मिलकर उसे उसके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मानव सेवा कार्य में विशेष सहयोग थाना टीआई विरेंद्र धाकड़, दिनेश किरार, पियूष गुप्ता तथा खुशियों के ओटले के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह का रहा। पुलिस और सामाजिक संस्था के इस संयुक्त प्रयास ने समाज में मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है।



### शाजापुर में बदहाली के बीच बोर्ड परीक्षा

# सिस्टम की छत में छेद, एक हाथ से भीगने से बचाई कॉपी, दूसरे से लिखते रहे भविष्य

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

मध्यप्रदेश में स्कूल चलें हम और सब पढ़ें, सब बढ़ें, जैसे नारों की जमीनी हकीकत क्या है? इसकी एक शर्मनाक तस्वीर शुक्रवार को शाजापुर के एक गांव से सामने आई। जब सूबे के नौनिहाल अपने जीवन की अहम बोर्ड परीक्षा दे रहे थे, तब उनके सिर पर पक्की छत नहीं, बल्कि शिक्षा विभाग की लापरवाही टपक रही थी। बच्चों को टाटपट्टी पर बैठाकर परीक्षा ली जा रही थी और ऊपर से बारिश का पानी उनके पर्चों को भिगो रहा था। यह वही स्कूल है जिसने महज तीन दिन पहले बच्चों के हाथों में झाड़ू थमाकर उनसे शौचालय साफ करवाया था।



**बदहाली के बीच बोर्ड का इम्तिहान**

ग्राम पिपलिया गोपाल स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया था। दोपहर 2 बजे से 5 बजे की पाली में 144 विद्यार्थी हिंदी का अपना पहला पेपर देने पहुंचे थे। स्कूल में न तो बैठने के लिए बेंच थीं और न ही पर्याप्त इंतजाम। मजबूरन बच्चों को नीचे फर्श पर टाटपट्टी बिछाकर बैठाया गया।

**बाल्टी और मग के सहारे सिस्टम**

परीक्षा शुरू हुए कुछ ही देर हुई थी कि अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिश शुरू हो गई। बारिश आते ही स्कूल की जर्जर इमारत जवाब दे गई और छत से पानी क्लासरूम में टपकने लगा। हालात इतने बेकाबू हो गए कि शिक्षकों को पानी रोकने के लिए क्लास के बीचों-बीच बाल्टी और मग रखने पड़े।

**तस्वीरों में कैद दर्द**

छत से टपकता पानी सीधे बच्चों के कपड़ों और उनकी कॉपियों पर गिर रहा था। नीचे बिछी टाटपट्टी और फर्श पूरी तरह जलमग्न हो गए थे। बच्चे 3 घंटे तक सिकुड़कर, एक हाथ से अपनी कॉपी बचाते हुए परीक्षा देने को मजबूर रहे। इस भारी अव्यवस्था पर जब स्कूल की शिक्षिका शबाना परवीन से सवाल किया गया, तो उनका जवाब भी सिस्टम की तरह ही गैर-जिम्मेदाराना था। उन्होंने कहा, हमें बारिश होने का कोई अंदेशा नहीं था। जैसे ही परीक्षा शुरू हुई, अचानक बारिश आ गई और छत के रास्ते क्लास में पानी भरने लगा। यह बयान अपने आप में सवाल खड़े करता है कि क्या बारिश न होने पर ही ये जर्जर छतें सुरक्षित मानी जाती हैं?

### देवास के डॉ. अनिरुद्ध पड़ियार को मिली पीएचडी की उपाधि

# मिक्स्ड सॉल्वेंसी पर की रिसर्च, कहा-नई तकनीक से बनी दवाएं होंगी ज्यादा सुरक्षित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास के शोधार्थी डॉ. अनिरुद्ध अरुण पड़ियार को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए राजीव गांधी तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से फार्मास्युटिकल साइंसेज में पीएचडी की उपाधि दी गई है। यह शोध डॉ. राजेश कुमार माहेश्वरी के मार्गदर्शन में पूरा हुआ।

डॉ. पड़ियार का शोध मिक्स्ड सॉल्वेंसी नामक सिद्धांत पर आधारित है। खास बात यह है कि उन्होंने यह पूरा शोध बिना किसी सरकारी या निजी आर्थिक मदद के खुद के खर्च पर पूरा किया। उन्होंने इस शोध में लाखों रुपए का निवेश किया।



**क्या है मिक्स्ड सॉल्वेंसी तकनीक**

आमतौर पर डिक्लोफेनाक, नेप्रोक्सन और पाइरोक्सिकैम जैसी दर्द निवारक दवाएं पानी में आसानी से नहीं घुलती हैं। इन्हें घोलने के लिए कड़े रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे कई बार साइड इफेक्ट भी होते हैं। डॉ. पड़ियार ने अपने शोध में बताया कि कैफीन और नियासिनैमाइड जैसे सुरक्षित तत्वों के मिश्रण से इन दवाओं को बेहतर तरीके से घोला जा सकता है। इससे दवा ज्यादा सुरक्षित और असरदार बन सकती है।

**इंजेक्शन का दर्द होगा कम**

मौजूदा इंजेक्शनों में घोल की मात्रा अधिक होने से नसों में जलन और दर्द होता है। डॉ. पड़ियार ने अपनी तकनीक से इस स्तर को काफी कम कर दिया है। इससे इंजेक्शन कम दर्दनाक और मरीजों के लिए ज्यादा सुरक्षित हो सकते हैं।

## कलेक्टर ने किया संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण

**ब्यावरा-राजगढ़** । राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की आंतरिक व्यवस्थाओं, विभिन्न विभागों के कार्यालयों की स्थिति तथा चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में संचालित सभी विभागों के कार्यालय साफ-सुथरे, व्यवस्थित एवं नागरिकों के अनुकूल दिखाई दें। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां आवश्यक निर्माण कार्य, मरम्मत एवं पार्टीशन कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि कार्यालयीन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट भवन के सामने स्थित पार्क का भी अवलोकन किया। उन्होंने पार्क की सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री में फेंसिंग कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही पार्क की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर जिले का प्रमुख प्रशासनिक केंद्र है, इसकी व्यवस्था, स्वच्छता एवं सौंदर्य बनाए रखना सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्माण विभाग को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### देवास में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, पुतले दहन

# पीएम, सीएम और तीन मंत्रियों के पुतले फूंके, पुलिस से धक्का-मुक्की हुई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में शहर कांग्रेस कमेटी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान नरेंद्र मोदी, मोहन यादव और प्रदेश के तीन मंत्रियों के पुतले जलाए गए।

पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। मौके पर नगर निगम की वॉटर कैनन भी तैनात थी, इसके बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले जला दिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला उनकी ट्रेड डील के विरोध में जलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह डील देश और आम जनता के हितों के खिलाफ है।



प्रयास गौतम ने आरोप लगाया कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विजय शाह और राजेंद्र शुक्ल द्वारा भारतीय सेना, महिलाओं और विभिन्न घटनाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं।

# बढ़ती गौशालाएं, फिर भी सड़कों पर गौवंश, आखिर कमी कहां?

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर।

नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों सड़कों पर घूमते गौवंश की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। एक ओर शासन द्वारा गौशालाओं के निर्माण और संचालन के लिए लाखों-करोड़ों रुपये का अनुदान दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गायें सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं। यह स्थिति कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

नगर की मुख्य सड़कों, बाजारों और चौराहों पर दिनभर गौवंश का जमावड़ा आम दृश्य बन चुका है। दुकानदारों और आम नागरिकों को अपनी सुरक्षा और आवागमन बनाए रखने के लिए कभी-कभी डंडे और लाठियों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे गौवंश को भी पीड़ा सहनी पड़ती है। यदि स्थानीय व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और गौसेवक आगे आकर व्यवस्था न संभालें, तो कई गायें भूख-प्यास से तड़पने को मजबूर हो जाती हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में गौवंश सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। तेज रफ्तार वाहनों और सड़कों पर बैठे या चलते पशुओं के कारण हादसे बढ़ रहे हैं, जिनमें न केवल गायों की जान जाती है बल्कि वाहन चालक भी घायल हो जाते हैं।

ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि जब लगातार नई-नई गौशालाएं बन रही हैं और अनुदान की राशि भी बढ़ रही है, तो फिर सड़कों पर गौवंश की संख्या क्यों बढ़ रही है? क्या गौशालाओं की क्षमता पर्याप्त नहीं है, या फिर व्यवस्थाओं में कहीं न कहीं गंभीर खामी है? क्या अनुदान का सही उपयोग हो रहा है, और क्या इसकी नियमित मॉनिटरिंग हो रही है-यह जांच का विषय है।

इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है कि स्थानीय प्रशासन, नगर परिषद, गौशाला संचालक और आम नागरिक मिलकर जिम्मेदारी निभाएं। गौशालाओं की वास्तविक स्थिति और क्षमता की नियमित जांच हो, सड़कों से गौवंश को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं, और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए।

### मुल्ताई निवासी देवेन्द्र कुमार जैन के साथ गुना के ब्रोकर्स ने की 10 लाख की ठगी

# थाने में शिकायत कर मीडिया को बताई ठगी की कहानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फरियादी देवेन्द्र कुमार जैन उम्र 54 वर्ष निवासी मुल्ताई जिला बैतूल मप्र को गुना के पहलवान सिंह कुशवाह, संजय दुबे और पंकज रावत प्रोपर्टी ब्रोकर्स ने जमीन का सौदा कर दस लाख रूपयों की धोखाधड़ी कर चूना लगाया है। जिसकी शिकायत फरियादी ने संबंधित सिटी कोतवाली थाने में दर्ज करते हुए मीडिया को अपनी पूरी कहानी बताई है कि आखिर वे किस तरह इन लोगों से धोखाधड़ी का शिकार हुए।

दरअसल पूरा मामला ये है कि पहलवान सिंह कुशवाह प्रोपर्टी ब्रोकर निवासी बूढ़े बालाजी गुना और उसके दो साथी संजय दुबे, पकंज रावत ने गवाह के समक्ष एक अनुबंध पत्र सम्पादित किया जिसमें ग्राम पूछरी तहसील घाटीगांव जिला ग्वालियर में भूमि सर्वे क्र.201/1 रकवा 5.8520 हैक्टर सर्वे क्रमांक 175/5 रकवा 0.8360 हैक्टर तथा सर्वे क्र. 174/1 रकवा 1.6720 हैक्टर भूमि का जिसमें सात कृषकों लक्ष्मण जाटव, बलवंत, हाकिम सिंह, सोनू जाटव, गजराज सिंह, मानसिंह, मोहनलाल जाटव की शामिल भूमि होना बताया गया। इस अनुबंध पत्र के सम्पादन के बाद फरियादी देवेन्द्र जैन से दि. 07.02.2025 पांच लाख रूपया नगदी एवं पांच लाख रूपया चैक क्र. 065434 बैंक ऑफ महाराष्ट्र रुपए चैक के माध्यम से संजय दुबे पुत्र रघुवीर को अदा कर दिए, जो उनके एकाउन्ट नं. 60441638535 बैंक ऑफ महाराष्ट्र में से निकासी भी हो गये। उक्त अनुबंध पत्र की मियाद के अंदर ही संजय दुबे, पंकज रावत और पहलवानसिंह कुशवाह से उक्त भूमि की रजिस्ट्री के लिये सम्पर्क किया गया तो यह पिछले एक वर्ष से टालमटोल कर रहे है। अब तो इनके मन में बेईमानी आ गई और खुलेआम धमकियां दे रहे है कि तुम्हे जो दिखे सो कर लो हमारा पुलिस भी कुछ नही बिगाड़ सकती। जबकि खास बात ये भी है कि संजय दुबे ने सौदा किया था जिसका पैसा 10 लाख शब्दों में प्राप्त कर लिए और 7 फरवरी 2025 यह कहते हुए हस्ताक्षर कर दिए कि मेरा इस शौदे में कोई लेना देना नही है मैं ये सौंदा अपनी मर्जी से छोड़ रहा हूं। फिलहाल इस मामले में पीड़ित ने पुलिस ने न्याय की मांग की है जिसकी पुलिस जांच कर रही है।





## ट्रक से टकराई सब्जियों से भरी पिकअप, पुलिस ने रेस्क्यू कर बचाई जान

शाजापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पनवाड़ी के पास सब्जियों से भरा एक पिकअप वाहन आगे चल रहे ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह से पिचक गया और उसमें सवार चालक व परिचालक केबिन के अंदर ही बुरी तरह फंस गए। गनीमत यह रही कि समय पर पहुंची पुलिस की तत्परता से दोनों की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे एक पिकअप वाहन इंदौर से भारी मात्रा में सब्जियां लादकर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था। इसी दौरान पनवाड़ी के समीप चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और पिकअप आगे चल रहे एक ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

### हिट एंड रन मामले का आरोपी गिरफ्तार

## 50 सीसीटीवी देखने के बाद आरोपी को पकड़ा, आरोपी को जेल भेजा

देवास। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने चुनाखदान इलाके में हुए हिट एंड रन मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में 7 दिसंबर 2025 को 22 वर्षीय सुमित बाडवाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकेश पिता मांगीलाल बगाना (32) निवासी लसुडिया ब्राह्मण, हाल मुकाम चुनाखदान के रूप में हुई है। एसपी पुनीत गेहलोद ने फरार आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीरसिंह भदौरिया और नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल और आसपास के 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन की पहचान की गई। वाहन मालिक से पूछताछ के बाद आरोपी मुकेश बगाना को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दुर्घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन और उससे संलग्न मिक्सर मशीन जब्त की है। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी ने सार्वजनिक रूप से दादागिरी और कानून के प्रति अनादर प्रदर्शित किया। इस पर पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## कंपनी की पहल से शासकीय हाईस्कूल खारपा में स्मार्ट क्लास स्थापित



जीरापुर। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं एडवांस तकनीक से जोड़कर उनकी शिक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से इंडीग्रिड कंपनी द्वारा शासकीय हाई स्कूल खारपा में एक कक्ष को स्मार्ट क्लास के रूप में विकसित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि ग्रामीण बच्चे भी आधुनिक तकनीक के साथ अपनी शिक्षा को सशक्त बनाते हुए भविष्य की प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ सकें। इंडीग्रिड कंपनी ने विद्यालय को 65 इंच की एलईडी एवं एक वर्ष के लिए वाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराई। साथ ही कक्ष में फर्श, छत पर डेम्परू, वाल पुट्टी, प्लास्टिक पेंट एवं आकर्षक वॉल पेंटिंग कर कक्ष को पूरी तरह आधुनिक स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमित कुमार श्रीवास्तव (इंडीग्रिड आरटीसीएल प्रभारी) उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में निपेंद्र साहू (एचआर), आलोक सिंह, खातिरूल इस्लाम, संतोष कुमार (सहयोग केयर फॉर यू), मंगीलाल मंडलोई (प्राचार्य, हाई स्कूल बाढ़ गांव), महेश भावसार (समाजसेवी) एवं सरपंच प्रतिनिधि राम विलास किरार शामिल रहे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य राधेश्याम पुरविया एवं भंवर लाल वर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने इंडीग्रिड कंपनी एवं सहयोग केयर फॉर यू का अभिनव पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड उज्जैन (म.प्र.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 07, स्थित राम रतन शर्मा मार्ग गली नं 02 उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 252.41 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- राम रतन शर्मा मार्ग की गली व आम रास्ता, पश्चिम मे नगर पालिक निगम पार्किंग, उत्तर मे-कॉमन पैसेज, दक्षिण मे मंत्री लोज स्थित है। उक्त सम्पत्ति शकील अहमद पिता स्व. रफीक अहमद, शन्ना खान पुत्री स्व. श्री रफीक अहमद एवं मिनु हुसैन पति रहमान हुसैन, सिद्दीक अहमद पिता फजल अहमद एवं नाजनीन खान पति शरीक खान को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई थी । तथा शकील अहमद आदि ने विक्रय करने का अनुबंध सोहेल अहमद, सोहेब शेख एवं समीर पिता अब्दुल रसीद से किया है। सोहेल अहमद आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एस.एम. एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एस.एम.एफ.जी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

# फोटो निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में बैठक संपन्न

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन संबंधी जानकारी के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋजु बाफना की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बाफना ने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन किए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आमजन अंतिम निर्वाचक नामावली का अवलोकन मतदान केन्द्र पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण ऑफिस, अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते हैं तथा उनका नाम होने की पुष्टि भी कर सकते है। यह अंतिम निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रारूप प्रकाशन के पश्चात दावे, आपत्ति प्राप्त किए जाने एवं नो मैंपिग के मतदाताओं की सुनवाई में मतदाताओं द्वारा आयोग के निर्धारित दस्तावेजों में से दस्तावेज प्रस्तुत नही करने की स्थिति में यदि किसी मतदाता का नाम सूची से विलोपित हुआ है ऐसे मतदाता का नाम फार्म 6 लिया जाकर जोड़ने की कार्रवाई सतत प्रक्रिया के दौरान की जाएगी जो निरंतर चालू रहेगी। मतदाताओं द्वारा 29 जनवरी 2026 की आयोग की निर्धारित तिथि के उपरांत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, उनके फार्म नंबर 6 पोर्टल पर दर्ज भी कर दिए गए हैं जिसमें जिले की संख्या 1165 मतदाताओं के नाम शामिल है। इसके अतिरिक्त उपस्थित जनप्रतिनिधियों को बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम विलोपित हुआ हो तो फार्म नंबर 6 प्रमाण के साथ बीएलओ को प्रस्तुत करवाकर या एनवीएसपी पोर्टल से आवेदन किया जा सकता है। जिले में सबसे न्यूनतम स्थिति में मतदाताओ के नाम विलोपित हुए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋजु बाफना ने बताया कि फोटो रहित निर्वाचक नामावली 21 फरवरी 2026 की



स्थिति में सूची का प्रदर्शन भी सीईओ की वेबसाइट पर किया गया है तथा संबंधित पंचायत भवन शहरी क्षेत्र में संबंधित नगरीय निकाय के सूचना पटल पर तथा संबंधित जनपद पंचायत के कार्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की गई है। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रारूप प्रकाशन की फोटोयुक्त मतदाता सूची की मतदान केन्द्रवार सूची की हार्ड कॉपी तथा फोटो रहित मतदाता सूची की डीवीडी उपलब्ध कराई गई। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा संपन्न कराए गए एसआईआर कार्य से संतुष्टी जताई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बाफना ने बताया कि शाजापुर जिले के अन्तर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में कुल प्ररूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 के समय 6,75,798 मतदाता दर्ज थे। उक्त अवधि के पश्चात 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 दावे आपत्ति की अवधि के मध्य प्राप्त दावे आपत्ति एवं नो मैपिंग के निराकरण के पश्चात 6,84,387 मतदाता दर्ज हुए हैं। जिले का जेण्डर रेशो 931 एवं ईपी रेशो 61.03 वर्तमान में दर्ज है। जिले में फार्म 6 एवं फार्म 8 के मान से 11397 मतदाता के नाम जुड़े हैं एवं फार्म 7, 8 शिफटिंग एवं नो मैपिंग के निराकरण में 3713 मतदाता के नाम विलोपित हुए हैं। प्ररूप प्रकाशन के पश्चात निराकरण उपरांत कुल 8589 मतदाताओं के नाम की बढ़ोतरी हुई है। कलेक्टर द्वारा एसआईआर 2026 कार्य के संबंध में जिला निर्वाचन पर्यवेक्षक एवं निर्वाचन स्टाफ तथा विधानसभा स्तर पर ईआरओ, एईआरओ एवं उनके स्टाफ द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा की गई एवं सभी बीएलओ व एसआईआर में सहयोग करने वाले कर्मचारियों को धन्यवाद भी दिया। इस दौरान राजनैतिक दल के जनप्रतिनिधि द्वारा भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के उक्त किए गए कार्य की प्रशंसा पर सहमति जताई गई एवं बताया कि निर्वाचन कार्यालय द्वारा जनप्रतिनिधियो को समय समय पर सूचना प्रदान की गई एवं जानकारी भी दी गई।

## अविमुक्तेश्वरानंद पर बच्चों के यौन शोषण का केस दर्ज होगा

**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ नाबालिग बच्चों के यौन शोषण की एफआईआर दर्ज होगी। प्रयागराज के पॉक्सो कोर्ट ने शनिवार को यह आदेश दिया। जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने कोर्ट में 2 बच्चों को पेश करके यह आरोप लगाए थे। कोर्ट में कैमरे के सामने बच्चों के बयान दर्ज हुए थे। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार चौरसिया की कोर्ट ने प्रयागराज पुलिस कमिश्नर की जांच रिपोर्ट के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद और 2-3 अज्ञात पर केस दर्ज करने के आदेश जारी किए। अदालत ने 13 फरवरी को अपना आदेश रिजर्व रखा था।

## शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी की

**बॉम्बे।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ शादी कर ली है। स्पिनर युजवेंद्र चहल ने शनिवार को एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे मौजा ही मौजा गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। चहल ने कुछ फोटो भी पोस्ट किए। इनमें धवन और उनकी पत्नी सोफी शाइन स्टेज पर हैं। 40 साल के पूर्व भारतीय ओपनर ने एक महीने पहले 12 जनवरी को अपनी आयरिश गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की थी। दोनों पिछले कुछ समय से रिलेशनशिप में थे और मई 2025 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। इससे पहले धवन ने 2023 में अपनी पहली पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक ले लिया था। दोनों ने 2011 में शादी की थी। आयशा-धवन का एक बेटा भी है।

## शत्रुघ्न सिन्हा के पक्ष में बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**बॉम्बे।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने अपनी पर्सनैलिटी राइट्स यानी व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आज यानी 21 फरवरी 2026 को हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद एक बड़ा निर्णय सुनाया है जिसमें कहा गया है कि अभिनेता का प्रसिद्ध डायलॉग 'खामोश' उनके व्यक्तित्व से विशेष रूप से जुड़ा हुआ है और इसे, उनके नाम, आवाज या तस्वीर के साथ बिना अनुमति इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। न्यूज एजेंसी के मुताबिक हाईकोर्ट के फैसले में न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख ने कहा कि शत्रुघ्न सिन्हा का यह खास डायलॉग और उनकी डायलॉग बोलने की शैली फिल्मी और डिजिटल दुनियाभर में उनके पहचान का अहम हिस्सा बन चुकी है। इसलिए, किसी भी व्यक्ति या प्लेटफॉर्म द्वारा इसका अनधिकृत उपयोग, खासकर सोशल मीडिया पर उनके नाम, तस्वीर, आवाज या चेहरे के डिजिटल रूपों का इस्तेमाल करना न्यायालय स्वीकार नहीं करेगा।

## भाजपा विधायक 5 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकडाए

**गडग (कर्नाटक)।** कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस ने शनिवार को भाजपा विधायक चंद्रू लामाणी को 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह कार्रवाई गडग लोकायुक्त पुलिस ने एक ठेकेदार की शिकायत के आधार पर जाल बिछाकर की। ये अस्पताल भाजपा विधायक चंद्रू लामाणी का है। यहीं पर रिश्वत लेते उन्हें पकडा गया। ये अस्पताल भाजपा विधायक चंद्रू लामाणी का है। यहीं पर रिश्वत लेते उन्हें पकडा गया। लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार, यह रिश्वत मांग लघु सिंचाई विभाग के कामों से जुड़ी थी, जिसमें सड़क के किनारे रिटेनिंग वॉल (सहायक दीवार) बनाने का काम शामिल था। आरोप है कि विधायक ने काम करवाने के लिए ठेकेदार से 11 लाख रुपए की मांग की थी। जाल बिछाने की कार्रवाई के दौरान 5 लाख रुपए लेते समय उन्हें पकड़ा गया। शिरहट्टी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक के साथ उनके निजी सहायक मंजूनाथ वाल्मीकि और गुरु नाइक को भी इस मामले में हिरासत में लिया गया है। लोकायुक्त ने बयान में कहा कि तीनों आरोपियों को पकड़ लिया गया है और जांच जारी है। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी विधायक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7(ए) और 7(एए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता विजय पुजार इस जिले के चिंचली गांव के रहने वाले क्लास-1 ठेकेदार हैं।

## कार की टक्कर से डिलीवरी बॉय की मौत, 3 घायल

**बेंगलुरु।** दिल्ली में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। हादसा रात 3.26 बजे सुभाष नगर मेट्रो रेड लाइट के पास राजौरी गार्डन की ओर जाने वाली सड़क पर हुआ। पुलिस के मुताबिक घटना में हेम शंकर (25) की मौत हुई है। वो रघुबीर नगर का रहने वाला था। हेम शंकर जेप्टो में काम करता था। टक्कर के उसकी इलेक्ट्रिक स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद हेम शंकर को डीडीयू अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोपी कार ड्राइवर मोहित कुमार (27) को गिरफ्तार किया गया है। कार भी जब्त है। घटना के चश्मदीद का कहना है कि जब यह हादसा हुआ, तब कार की स्पीड 150 किमी की थी। आरोपियों ने टक्कर मारने के बाद मौके से भागने की कोशिश भी की थी।

## ईडी ने 9-महीने में 32000 करोड़ की संपत्ति अटैच की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस वित्त वर्ष के पहले 9 महीने में ही 32,500 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच कर चुकी है। मोदी सरकार के दस साल का रिकॉर्ड देखें तो अटैच की गई जमीन-जायदाद में 8 गुना से अधिक बढ़ोतरी हो चुकी है। इस साल सबसे बड़ी गाज अनिल अंबानी समूह पर गिरी है, जिसकी 5600 करोड़ रु की संपत्ति अटैच हुई है। इसके अलावा क्रिप्टो करेंसी फ्रॉड में 4190 करोड़ रु., पर्ल ग्रुप पोंजी के 3436 करोड़ रु. और यूनाइटेड रियल एस्टेट के 1000 करोड़ रु. की संपत्तियां भी दायरे में आई हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार 141त्न अधिक संपत्ति अटैच की गई है। एजेंसी कुल मिलाकर अब तक 1.55 लाख करोड़ की संपत्ति अटैच कर चुकी है, जो एक साल के गृह मंत्रालय के बजट के बराबर है।

# 4 जोड़ो का हुआ दहेज मुक्त विवाह 120 यूनिट रक्तदान हुआ

**आगर मालवा।** सतलोक आश्रम किठोदा, इंदौर में संत रामपाल जी महाराज जी के सानिध्य में रविवार से शुरू हुए महाविशाल भंडारे समागम का आज दूसरा दिन था। तीन दिनों तक चलने वाले इस महाविशाल समागम में हजारों की तादाद में भक्तगण आकर भंडारा प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं समागम की शुरूआत अखंड पाठ की वाणी के साथ हुई। हर वर्ष संत रामपाल जी महाराज जी के सानिध्य में विशाल समागमों का आयोजन किया जाता है जिसमें पूरे विश्व को भंडारे के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस बार संत रामपाल जी महाराज जी के बोध दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 17 फरवरी तक महाविशाल समागम मनाया जा रहा है, जिसमें 3 दिवसीय महाविशाल भंडारा व संत गरीबदास जी महाराज जी की अमृतमय वाणी का खुला पाठ आयोजित किया गया है, साथ ही अन्य कार्यक्रम जैसे रक्त दान शिविर, दहेज मुक्त विवाह का आयोजन 16 फरवरी को किया गया। इस बार संत रामपाल जी महाराज जी के पावन सानिध्य में 04 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ जो महज 17 मिनट में ही गुरुवाणी के माध्यम से संपन्न हुआ जिसमें किसी भी प्रकार का कोई बाहरी आडंबर देखने को नहीं मिला, वर व वधू ने साधारण कपड़े पहन रखे थे किसी भी प्रकार का कोई श्रंगार देखने को नहीं मिला। इस 3 दिवसीय समागम में आश्रम की ओर से आध्यात्मिक प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी का भी भक्तों ने बढ़ चढ़कर अवलोकन किया। साथ ही विश्व प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मुहिम की जानकारी भी आम लोगों को जानने को मिली। सतलोक आश्रम इंदौर में सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु भंडारा लेने के लिए पहुँच रहे हैं। बताया जा रहा है कि सतलोक आश्रम इंदौर में आसपास के जिलों से संगत आ रही है जिसके कारण भीड़ भाड़ में किसी को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए भी पूरी व्यवस्था की गई है।




सेवादारों ने बताया कि पूर्ण संत के सानिध्य में आदरणीय गरीबदास जी महाराज द्वारा लिखित अमर ग्रन्थ साहिब की वाणी का श्रवण करने से मन,चित्त व आत्मा के साथ वातावरण भी शुद्ध होता है और हमारे पापों का नाश होता है। और वर्तमान में वो पूर्ण संत केवल जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी ही है जिनके सानिध्य में पुरे विश्व को खुला निमंत्रण देकर इस महाविशाल भंडारे का आयोजन हुआ है। भंडारे में आने वाले श्रद्धालु प्रशंसा करते थक नहीं रहे कि ऐसा भंडारा जहाँ हजारों की तादाद में लोग आ रहे हैं और उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो रही है, यह केवल सतलोक आश्रम में ही संभव है। और ये केवल पूर्ण परमात्मा ही करवा सकते है। शंका समाधान में अपने धर्मग्रंथों से प्रमाण देखकर इस अनमोल ज्ञान से परिचित होकर अभी तक सैकड़ों पुण्यात्माओं ने संत रामपाल जी महाराज जी को अपना गुरु धारण कर नामदीक्षा ली है। संत रामपाल जी महाराज के आदेश से लगाए गए रक्तदान शिविर में बढ़चढ़ अनुयायियों ने रक्त का दान किया, प्राप्त जानकारी अनुसार 120 यूनिट रक्त एम.वाय. अस्पताल इंदौर को दिया गया।

## चना एवं मसूर फसल के पंजीयन 20 फरवरी से 16 मार्च तक

**शाजापुर।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) मे फसल चना एवं मसूर के पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी 2026 से 16 मार्च 2026 तक किया जाएगा। इसके लिए जिले में 67 पंजीयन केन्द्र प्रस्तावित किए गए हैं। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक आरएल जामरे ने बताया कि किसान पंजीयन आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधारकार्ड, जमीन की पावती, बी1, बैंक पासबुक, मोबाईल नंबर (आधार से लिंक) समग्र आईडी एवं एग्रीटेक आईडी नं. इत्यादि का होना अनिवार्य है। किसान अपने नजदीकी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र एवं सहकारी समितियों व सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था एवं एम.पी. ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन व्यवस्था है।

## 4 माह के विशेष पुनरीक्षण के बाद अंतिम सूची जारी

**भोपाल।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के तहत नाम जोडने, हटाने के लिए बुलाए गए दावे-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश में मतदाताओं की स्थिति साफ हो गई। 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। 1 जनवरी 2026 की तिथि के आधार पर जारी इस सूची में कुल 5,39,81,065 मतदाता हैं। अब चुनाव आयोग की एसआईआर की कार्रवाई भी कम्प्लीट हो गई। अब ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से नाम जोडने और हटवाने की प्रक्रिया चलती रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश संजीव झा के अनुसार, 27 अक्टूबर 2025 से प्रदेशभर में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाया गया। लगभग चार माह तक चले इस विशेष पुनरीक्षण के दौरान नाम जोड़ने, विलोपन और संशोधन से संबंधित दावे-आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त की गईं। इसके बाद 14 फरवरी 2026 तक सभी दावों और आपत्तियों का सत्यापन कर उनका निराकरण किया गया। प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व राज्य में कुल 5,74,06,143 मतदाता पंजीकृत थे। प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद यह संख्या घटकर 5,31,31,983 रह गई थी। अंतिम सूची में कुल 5,39,81,065 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। इस प्रकार प्रारूप सूची के बाद 8,49,082 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि (नेट एडिशन) दर्ज की गई। कुल मिलाकर 34,25,078 मतदाताओं की संख्या 27 नवंबर से अब तक की कार्रवाई में घटी है। एसआईआर की कार्रवाई पूरी होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत उनके मंत्रियों के क्षेत्र से 8 लाख 20 हजार 255 नाम काटे गए थे। इसके बाद नए नाम जोडने को लेकर तय समय-सीमा में सिर्फ 1 लाख 69 हजार 753 आवेदन जमा किए गए। सबसे अधिक नाम मंत्री कृष्णा गौर और विश्वास सारंग के विधानसभा क्षेत्र से कटे थे उसी तरह नए नाम जोडने के लिए सबसे अधिक आवेदन जमा हुए थे। पूरे प्रदेश की बात करें तो 42 लाख 74 हजार से अधिक नाम काटने की कार्यवाही एसआईआर में की गई और इसके विपरीत नए नाम जोडने के लिए सिर्फ 9 लाख 89 हजार 991 लोगों ने आवेदन जमा किए गए थे। नए नाम जोडने के लिए जिन विधानसभा क्षेत्रों में दस हजार से अधिक आवेदन जमा किए गए थे, उसमें मंत्री कृष्णा गौर की गोविंदपुरा विधानसभा सीट सबसे आगे है। यहां 17888 आवेदन नए नाम जो?ने के लिए आए। इसके बाद मंत्री विश्वास सारंग की सीट नरेला में 15115 नए नाम जोडने के आवेदन आए थे। भोपाल जिले की हुजूर विधानसभा सीट जिसके विधायक रामेश्वर शर्मा हैं, वहां से 13024 नए नाम जोडने के आवेदन आए। इंदौर जिले में इंदौर 2 विधानसभा सीट से 10446 और इंदौर 5 विधानसभा क्षेत्र से 11040 नाम जोडने के लिए आवेदन जमा कराए गए। राऊ सीट के लिए 12700, नागदा खाचरौद सीट के लिए 11047 आवेदन जमा कराए गए।

## नीट स्टूडेंट कोटा से लापता, नहर किनारे मिले मोबाइल-जूते

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर थाना क्षेत्र के भादाहेड़ी गांव का 23 वर्षीय छात्र लोकेश दांगी राजस्थान के कोटा से तीन दिन से लापता है। वह 17 फरवरी 2026 की दोपहर 3 बजकर 35 मिनट के बाद से नहीं मिला है। नहर किनारे उसका मोबाइल, जूते, मोजे, घड़ी और कैप मिलने के बाद परिवार की चिंता बढ़ गई है। लोकेश पिछले पांच वर्षों से कोटा के नया नोहरा इलाके में एलेन सुपथ के पास एक हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। वह डॉक्टर बनने का सपना लेकर कोटा पहुंचा था। परिवार के अनुसार, लोकेश पढ़ाई को लेकर गंभीर और अनुशासित था और रोजाना दो से तीन बार वीडियो कॉल या फोन पर घरवालों से बात करता था। लोकेश अपने पिता रामबाबू दांगी का इकलौता बेटा है, जो गांव में निजी पशु चिकित्सक हैं। उसकी एक छोटी बहन भी है।

## आशुतोष राणा पहुंचे करह धाम, अखंड रामधुन में शामिल हुए

**मुरैना।** मुरैना जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल और आस्था के केंद्र बाबा पटिया वाले करह धाम आश्रम में बॉलीवुड अभिनेता आशुतोष राणा पहुंचे। उन्होंने आश्रम में चल रही अखंड रामधुन में श्रद्धापूर्वक भाग लिया और रामधुन गाकर भक्ति में लीन नजर आए। इस दौरान उनके साथ मप्र के पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह भी मौजूद रहे। शुक्रवार शाम अभिनेता आशुतोष राणा करह धाम पहुंचे, जहां मंदिर परिसर में चल रही अखंड रामधुन में शामिल होकर उन्होंने भजन-कीर्तन किया। उनके आगमन से आश्रम परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। करह धाम पहुंचने पर आशुतोष राणा ने आश्रम की महंत संत बाई महाराज के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में करह आश्रम में वार्षिक धार्मिक आयोजन 'सिय-पिय मिलन समारोह' संपन्न हुआ था, जिसमें देशभर से संत और श्रद्धालु शामिल हुए थे। करह धाम आश्रम के दर्शन के बाद अभिनेता आशुतोष राणा बानमौर स्थित पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के निवास पर भी पहुंचे, जहां उन्होंने उनके परिजनों से भेंट कर आत्मीय चर्चा की।

## सेवढ़ा में 47 करोड़ के सिंध पुल का लोकार्पण

**दतिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार दोपहर करीब 2.15 बजे दतिया जिले के सेवढ़ा पहुंचे। हेलीपेड पर प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री सीधे सिंध नदी पहुंचे, जहां उन्होंने 47 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित पुल का लोकार्पण कर क्षेत्र को बड़ी सौगात दी। पुल के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री द्वारकाधीश मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे कृषि उपज मंडी परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां आमसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने जिले के लिए कुल 532 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 47 करोड़ रुपए की लागत से बने सिंध नदी पुल का लोकार्पण, 30 करोड़ रुपए की जल आवर्धन योजना का शुभारंभ, तथा 233 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित 21 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

## ग्राम संपर्क एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**आगर मालवा।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन ग्राम संपर्क कार्यक्रम एवं कैरियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। विशेष शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने ग्राम भ्रमण कर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित कीं। इस दौरान ग्रामीणों को आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया तथा इसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही कॉलेज चलो अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया तथा शिक्षा से जुड़ने के महत्व पर विस्तार से समझाया गया। ग्राम संपर्क कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों तक पहुँचाई, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने स्वयंसेवकों की पहल की सराहना करते हुए सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की। इसी क्रम में आयोजित बौद्धिक सत्र के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रामकुमार अंजोरिया ने विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, महत्व पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया।

# खेतों में नरवाई न जलाएं किसान, उन्नत कृषि यंत्रों का करें उपयोग-कृषि विभाग

**शाजापुर।** रबी फसलों विशेषकर गेहूं की कटाई का समय नजदीक आने के साथ ही कृषि विभाग ने किसानों से फसल अवशेष यानी नरवाई न जलाने की अपील की है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक आर.एल. जामरे ने किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करने की सलाह दी है। वर्तमान में रबी की फसलें परिपक्वता की ओर हैं। आगामी मार्च, अप्रैल, मई और जून माह में गेहूं की कटाई का कार्य व्यापक स्तर पर किया जाना है। कटाई के बाद खेतों में बचने वाले फसल अवशेषों नरवाई का प्रबंधन किसानों के लिए एक बड़ी चुनौती होता है। अक्सर देखने में आता है कि किसान इन अवशेषों को नष्ट करने के लिए खेतों में आग लगा देते हैं, जो कि पर्यावरण और खेती दोनों के लिए अत्यंत नुकसानदायक है।

### नरवाई जलाने के नुकसान

उप संचालक जामरे ने बताया कि खेतों में आग लगाना कदापि उचित नहीं है। इसके कई गंभीर नुकसान हैं और नरवाई जलाने से भूमि की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति नष्ट हो जाती है। मिट्टी की गुणवत्ता खराब होने से फसलों की उत्पादन क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। आग लगने से मिट्टी में पाए जाने वाले लाभदायक और मित्र जीवाणुओं की संख्या में भारी कमी आती है।

### क्या है सही समाधान?

कृषि विभाग ने अपील की है कि किसान फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए उन्नत कृषि यंत्रों का ही सहारा लें। फसल की कटाई कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम और स्ट्रॉ रीपर लगी मशीनों से ही की जानी चाहिए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में बाहर से आने वाले कम्बाईन हार्वेस्टर्स से कटाई तभी करवाई जाए जब उनमें स्ट्रॉ रीपर अटैचमेंट लगा हो।

### पशुपालन को मिलेगा बढ़ावा

नरवाई न जलाकर उसका उचित प्रबंधन करने से जिले के पशुधन के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा और भूसा उपलब्ध हो सकेगा। इससे न केवल पर्यावरण और भूमि की सुरक्षा होगी, बल्कि किसानों में पशुपालन के प्रति जागरूकता और रूझान भी बढ़ेगा।

कृषि विभाग ने सभी संबंधित विभागों और किसानों से अपील की है कि वे पर्यावरण, किसान और भूमि के व्यापक हित में अपना योगदान दें और नरवाई मुक्त कृषि की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# आला-उमरोद में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य व रक्त परीक्षण शिविर

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय शाजापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम आला-उमरोद में उत्साहपूर्वक जारी है।

शिविर के चौथे दिन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने सेवा, स्वास्थ्य और जागरूकता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। बौद्धिक सत्र के दौरान जिला चिकित्सालय शाजापुर के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य व रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. कृपेश कछाड़िया ने मौजूद लोगों को मौसमी बीमारियों, व्यक्तिगत स्वच्छता और शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक किया। वहीं, नर्सिंग ऑफिसर रामबिलास लववंशी ने रक्त समूह, सीबीसी, बीपी और शुगर की जांच की। उन्होंने आपात स्थिति (दिल का दौरा पड़ने या सांस रुकने) में गोल्डन ऑवर में जान बचाने के लिए सीपीआर का व्यावहारिक डेमो दिया। स्वयंसेवकों ने इस जीवन रक्षक तकनीक का गहन अभ्यास भी किया। इस दौरान मंच पर डॉ. निलेश महाजन, डॉ. सुनील आडवाणी एवं डॉ. प्रवीण कुमार सोनी मंचासीन रहे।

### प्रभात फेरी और जुम्बा से हुई दिन की शुरुआत

इससे पूर्व शिविर के चौथे दिन की शुरुआत भजनों और प्रभात फेरी के साथ हुई, जिसका ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। वरिष्ठ नागरिकों के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने ग्राम के ऐतिहासिक मंदिरों का भ्रमण किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने जुम्बा नृत्य और आधुनिक योगाभ्यास के माध्यम से ग्रामीणों को शारीरिक फिटनेस का संदेश दिया।

### विद्यालय में बनाया सोखता गड्ढा

शिविर नायक शिवम परिहार एवं शिविर नायिका कौशल्या पुष्पद के नेतृत्व में परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर में श्रमदान किया। युवाओं ने हैंडपंप के पास जमा गंदगी को साफ कर नाली का निर्माण किया और जल संरक्षण के लिए सोखता गड्ढा तैयार किया। इकाई एंबेसडर रवि कुमार ने बताया कि इस सोखता गड्ढे का मुख्य उद्देश्य भू-जल स्तर में सुधार करना और विद्यालय के छोटे बच्चों को जलभराव के कारण मच्छरों से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रखना है। इससे पूर्व संध्या पर भी स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों से जनसंपर्क कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया था। कायक्रम का सफल संचालन नीलम कुशवाह एवं पवन मालवीय ने किया तथा आभार प्रो. प्रकाश बर्फा ने माना।

## न्यूज-कॉलम

### युवक ने खाया जहर, उपचार जारी

**नीमच।** नीमच जिले के सागरग्राम निवासी युवक ने रिलेशनशिप के विवाद में जहर गटक लिया द्य जानकारी अनुसार युवती के सामने उसके पति व अन्य साथियों ने सगयाम निवासी त्रऋषिकेश के साथ मारपीट की तो उसने आक्रोश मे जहरीला पदार्थ खा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। सगरग्राम निवासी ऋषिकेश चौहान उम्र 22 वर्ष ने बताया कि उसने सपना मालवीय के साथ मंदिर में शादी की थी तथा 3 माह से वह उसके साथ लीवइन रिलेशनशिप में घर बाइक से मिलने गया तब एस पी ऑफिस के सामने राजा यादव अन्य साथियों ने उसके साथ मारपीट की द्य तब उसने कहा कि वह जहर खाकर जान देगा फिलहाल युवक का अस्पताल मे उपचार चल रहा है।

### ट्रेक्टर की टक्कर से राहगीर की मृत्यु

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के रोज्या-मानपुरा मोड़ ग्राम बामनी पर एक ट्रेक्टर की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक बालूसिंह निवासी बामनी के खिलाफ मामला दर्ज किया। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना शुक्रवार की दोपहर की है। जिसकी रिपोर्ट बामनी निवासी गोविन्द पिता दाणीसिंह सोंधिया राजपूत ने की है कि घटना दिनांक को फरियादी के बड़े पापा का लड़का पैदल जा रहा था तो आरोपी ट्रेक्टर चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर दशरथ को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसे गंभीर चोटें आई जिसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया।

### 23 को योग भवन में होगा नि:शुल्क जलनेति व रबरनेति शिविर

**मंदसौर।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आगामी २३ फरवरी, सोमवार को नूतन स्टेडियम परिसर स्थित योग भवन में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के सचिव लोकेन्द्र जैन ने बताया कि प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में योग गुरु सुरेंद्र जैन द्वारा जलनेति, रबरनेति और कुंजल क्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन क्रियाओं के माध्यम से श्वसन तंत्र की शुद्धि और स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। संस्थान ने इच्छुक नागरिकों से अपील की है कि वे अपने साथ नेपकिन और यदि उपलब्ध हो तो जलनेति का पात्र (लोटा) साथ लेकर आएं।

### प्रशासन ने ग्राम पंचायत स्तर पर चलाया स्वच्छता अभियान

**नीमच।** जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में शनिवार को जिले की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शनिवार मनाया गया।स्वच्छता शनिवार के तहत ग्राम पंचायत द्वारा अपने क्षेत्र के प्रमुख स्थानों, सार्वजनिक स्थलों, मार्गो, पर ग्राम पंचायत द्वारा जन सहयोग से स्वच्छता के लिए श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। स्वच्छता शनिवार के तहतग्राम पंचायत रूपपुरा, निलिया, मोरवन, जवासा, महागढ़ एवं भदाना सहित जनपद नीमच, जावद एवं मनासा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायत में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाए गए जन सहयोग से स्वच्छता के कार्य किए गए।

### मादक पदार्थ की तस्करी करते युवक गिरफ्तार

**रतलाम।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रिंगनोद पुलिस ने माननखेड़ा के आम चौराहे पर घेराबंदी कर बाइक पर मादक पदार्थ लेकर जा रहे आरोपी 22 वर्षीय फैजान खान पिता रफीक खान निवासी ग्राम रिंगनोद एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 200 ग्राम एमडीएमए ड्रग जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार एसपी अमित कुमार के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने व तस्करी करने वालों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रिंगनोद पुलिस थाने की माननखेड़ा चौकी की पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक पर एमडीएमए ड्रग लेकर आ रहा है।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वर्ल्ड ए आई समिट में घुसकर टॉपलेस प्रदर्शन किये जाने को सही ठहराया

- रतलाम में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएं
- इंदौर के भागीरथपुरा जैसा हादसा होने से रोकने की व्यवस्था करें
- मावठे से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई कराई जाए



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा दिल्ली के भारत मंडप में आयोजित वर्ल्ड ए आई समिट में घुसकर टॉपलेस प्रदर्शन किये जाने को सही ठहराया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद विदेशो में जाकर भारत को अपमानित करते है ऐसे में युवा कांग्रेसियो के विदेशियों के सामने विरोध प्रदर्शन में कुछ भी गलत नहीं है। अन्य विपक्षी दलों द्वारा इस प्रदर्शन के विरोध पर उनका कहना था कि अलग अलग पार्टियों की अपनी नीति होती है। लेकिन युवा कांग्रेसियो ने कुछ भी गलत नहीं किया।

सुश्री रीना बौरासी सेतिया आज स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा कर रही थी। रतलाम के स्थानीय मुद्दों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि रतलाम में नागरिकों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रबंध किया जाना चाहिए। रतलाम में भी इंदौर के भागीरथपुरा के जैसा हादसा होने का इंतजार नहीं करना चाहिए। पिछले दो दिन में हुई बे मौसम की बारिश से किसानों की करोड़ों रुपए की फसल नष्ट हो गई है। इन किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने के लिए तत्काल सर्वे शुरू किया जाएं।

रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि रतलाम के ग्रामीण क्षेत्र में सरकार की नल जल योजना के अंतर्गत ग्रामीण को पीने के लिए जो जल उपलब्ध कराया जा रहा है उसकी जांच करना जरूरी है। मुझे यह जानकारी है कि कई गांव में इस योजना के तहत जो पानी उपलब्ध कराया जा रहा है वह दुषित है। रतलाम नगर में भी ड्रेनेज की लाइन का चौक होना एक आम बात बना हुआ है। इंदौर के भागीरथपुरा के जैसा हादसा होने से रतलाम में रोकने के लिए अभी से कड़े प्रबंध किए जाने की आवश्यकता है। यह ध्यान देना चाहिए कि इंदौर के भागीरथपुरा में जब हादसा हुआ तो उसमें अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन सरकार 20 मौत से ज्यादा मानने को तैयार नहीं है। कांग्रेस के द्वारा विधानसभा में नागरिकों के हित में आवाज उठाने के बाद भी सरकार ना तो इस मामले की चर्चा करना चाहती है और ना ही अब तक यह निश्चित हो सका है कि इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है। ऐसे में रतलाम के लोगों को भी यह समझ लेना चाहिए कि प्रदेश की सरकार उन्हें शुद्ध जल देने के लिए आगे नहीं आएगी। उन्हें खुद ही शुद्ध पीने का पानी प्राप्त करने के लिए नगर निगम पर दबाव बनाना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा जावरा फाटक अंडर ब्रिज से जो चार लाइन सड़क का निर्माण किया गया है, उसने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार कंपनी इंदौर की पृथ्वी इंफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा मिलकर 17 करोड़ की राशि से घटिया निर्माण किया गया है। सेंट्रल लाइट की अंडरग्राउंड केबल लाइन को ऊपर से डालकर उस पर सीमेंट भर देना भ्रष्टाचार का जीता जागता प्रमाण है। बहुत जरूरी है कि यह पूरा मामला जांच के लिए लोकायुक्त को सौपा जाएं।

रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि रतलाम और उसके आसपास के क्षेत्र में उद्योगों के द्वारा केमिकल वेस्ट फैला दिए जाने के कारण भूमिगत जल दूषित हो रहा है। इसे रोकने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पिछले 2 दिन से बिना मौसम की बारिश हो रही है। इस बारिश के कारण किसानों की करोड़ों रुपए की फसल नष्ट हो गई है। जिला प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल सर्वे करा कर किसानों को राहत दिलाने की दिशा में प्रयास करें।

दिल्ली की घटना का मंदसौर में विरोध

# गांधी चौराहे पर भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने, पुलिस ने संभाला मोर्चा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर




नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस की युवा इकाई द्वारा किए गए कथित हंगामे और अमर्यादित आचरण के विरोध में मंदसौर में राजनीतिक पारा चढ़ गया है। शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मंदसौर के गांधी चौराहा स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया।

भाजपा कार्यालय से रैली के रूप में निकले कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला दहन किया और जलते पुतले पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो कार्यकताओं ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर में कांग्रेस नेताओं के फोटों पर काली पेंसिल भी चलाई जिससे भी माहौल गरमा गया। घटनाक्रम के बाद युवक कांग्रेस द्वारा गंगा जल छिड़ककर कांग्रेस कार्यालय का शुद्धिकरण किया गया।

भाजयुमो नेताओं ने इस दौरान कहा कि जब देश तकनीक और नवाचार के वैश्विक मंच पर अपनी धाक जमा रहा है, तब अंतरराष्ट्रीय मेहमानों की उपस्थिति में शर्ट उतारकर प्रदर्शन करना न केवल अलोकतांत्रिक है, बल्कि राष्ट्र की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने वाला कृत्य है। प्रदर्शन के दौरान तनाव उस समय बढ़ गया जब युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे बोर्ड पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के चित्रों पर कालिख पोत दी।

इस घटना के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भी कार्यालय से बाहर निकल आए, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और आमने-सामने नारेबाजी शुरू हो गई। स्थिति को बिगड़ते देख और बढ़ते तनाव के बीच एक कांग्रेस नेत्री द्वारा चप्पल लेकर विरोध जताने का दृश्य भी सामने आया। मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए दोनों गुटों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस प्रशासन के अनुसार, विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के दौरान अप्रिय स्थिति को टालने के लिए दोनों पक्षों को समझाइश देकर शांत कराया गया है। भाजयुमो ने चेतावनी दी है कि राष्ट्रहित के साथ खिलवाड़ करने वाली राजनीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### ब्लॉक कांग्रेस संजीत बूढ़ा के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम

**पिपलिया मंडी।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देशक अनुसार आज ब्लॉक कांग्रेस संजीत बूढ़ा के नेतृत्व में पुतला दहन कार्यक्रम बुढा बस स्टैंड पर संपन्न हुआ जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री मोहन यादव,कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान,नगरी प.मंत्रीकैलाश विजयवर्गीय के पुतले दहन किए गए सरकार ने अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता किया वो किसान विरोधी है और मोहन यादव की सरकार के मंत्री नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा लोकतंत्र के खिलाफ एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग इस को लेकर पुतला दहन किया गया इस अवसर पर विधानसभा प्रत्याशी रहे परशुराम सिसोदिया जिला पंचायत सदस्य भोपाल सिंह जी सोलंकी सत्यनारायण पाटीदार बूढ़ा संजीत ब्लॉक अध्यक्ष विजेश मालेचा मल्हारगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष धुंधधका ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल शर्मा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शीतल सिंह बोराणा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा किसान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन जी गुर्जर समरथ गुर्जर अनिल शर्मा उदय सिंह जी बापू सिंह जी श्याम लाल की चावली सतीश जी परिहार राइस मंसूरी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष विजय इंडियन डाबला अरबाज मंसूरी नरेंद्र सिंह मंगल सिंह जितेंद्र सिंह राकेश पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## सिंगोली पुलिस ने 5 साल से गुमशदा व्यक्ति की तलाश कर परिवार को किया सुपुर्द

**नीमच।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के दिशा-निदेर्शानुसार गुमशुदा व्यक्तियों के दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच अंकित जायसवाल द्वारा जिले में गुमशुदा व्यक्तियों को दस्तयाब करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच नवलसिंह सिसोदिया व श्रीमान एसडीओपी रोहित राठोर जावद के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी सिंगोली श्री जितेन्द्र वर्मा व थाना सिंगोली टीम द्वारा एक 5 साल से गुमशुदा व्यक्ति को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 2.8.2021 को सूचनाकर्ता ने बताया की उसका पुत्र जगदीश पिता माधु भील उम्र 35 साल निवासी ग्राम राजपुरा झंवर थाना सिंगोली घर से बिना बताए कही चला गया है जिस पर से थाना सिंगोली पर गुमशुदगी क्र. 22/2021 दर्ज की गई थी दौराने गुमशुदगी की तलाश मे गठित टीम द्वारा कड़ी मेहनत व लगन से कार्यवाही करते हुए एवं मुखबिर की मदद से 5 वर्ष से गुमशुदा व्यक्ति को राजस्थान के हिंडोन सिटी जिला करौली से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की तथा गुमशुदा व्यक्ति को सकुशल उसके परिवार के सुपूर्द किया गया। सराहनीय कार्य-उक्त कार्य मे थाना प्रभारी श्री जितेन्द्र वर्मा व आर 613 सुनील डिण्डोर, आर 413 रिंकू डांगी की सराहनीय भूमिका रही।

## होलिका दहन, धुलेण्डी विषय पर विप्र परिषद व सर्वसमाज की बैठक 22 को होगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

इस वर्ष होलिका दहन व धुलेण्डी पर्व के विषय में भद्रा व चन्द्रग्रहण, सूतक की विषम स्थिति के कारण विभिन्न पंचांगो मे एवं केलेण्डरों मे एवं मीडिया मे अभूतपूर्व विरोधाभास होने से जनमानस में संशय की स्थिति चिंता का कारण है। इसलिए कर्मकाण्डीय विप्र परिषद नीमच इस विषय पर सर्वसमाज की बैठक में सबको विश्वास में लेकर होलिका दहन एवं धुलेण्डी पर्व कब मनाया जावें ताकि यह सनातन धर्म का उत्सव शास्त्र सम्मत जनहितकारी व सभी के लिए शुभ फल कारक हो। तथा नीमच शहर में सभी सनातनी लोग एक दिन व एक समय पर पर्व को धूमधाम से मनावे, इस हेतु अवगत कराया जाएगा।

विदित हो की गतवर्ष दीपावली पर्व पर बने विरोधाभास होने के चलते विप्र परिषद के आहवान पर सर्वसमाज की बैठक आयोजित करके सभी ने एक मत होकर दीपावली पर्व मनाने का निर्णय लिया था जिसकी सभी ने प्रशंसा की थी। इसलिए होलिका दहन व धुलेण्डी पर्व को मनाने के विषय में सर्वसमाज के अध्यक्ष, सचिव,एवं प्रतिनिधि एवं गेर समिति के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक कल 22 फरवरी 2026 रविवार को दिन में 3 बजे श्री बिचला गोपाल मंदिर, तिलक मार्ग घंटाघर के पास रखी गई है।

### दशहरा मैदान में होली के मधुर गीतो के साथ होगा होलिका दहन

**नीमच।** सांस्कृतिक उत्सव समिति नीमच के द्वारा बीते 11 वर्षो अधिक से होलिका दहन का आयोजन किया जाता आ रहा है। नीमच सांस्कृतिक उत्सव समिति हर वर्ष पारंपरिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शहर के दशहरा मैदान में होली का पर्व को लेकर एक बड़ा आयोजन करती है जिसमें सांस्कृतिक आयोजन भी होते हैं उसी के अंतर्गत प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी होलिका पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस हेतु तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु एक बैठक 21 फरवरी शनिवार को गांधी भवन परिसर में रखी गई। जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप देकर समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभी ने एक मत से निर्णय लिया कि पारंपरिक होली का पर्व होली के मधुर गीतों के साथ पारिवारिक माहौल में संपन्न होगा।

# पानी की टंकी पर चढ़कर 45 वर्षीय अधेड़ ने किया सुसाइड

### सरपंच और पुलिस कर्मियो पर लगे गंभीर आरोप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

जिले की पिपलोदा तहसील में आज सुबह एक 45 वर्षीय अधेड़ ने पानी की टंकी पर चढ़कर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने फांसी लगाने से पूर्व टंकी की दीवार पर सरपंच का नाम भी लिखा। मृतक के पास सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमे उसने अपने गाँव के सरपंच, सरपंच के पिता और भाई सहित जावरा आइ ए थाने के पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए है। आक्रोशित परिजनों ने शव पिपलोदा रोड पर रखकर चक्काजाम किया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जावरा के पिपलोदा तहसील स्थित हरियाखेड़ा ग्राम में आज लक्ष्मीचंद पिता कनीराम 45 वर्षीय ने ग्राम में बनी पानी की टंकी पर चढ़कर फांसी का फंदा लगा लिया। फांसी लगाने से पूर्व मृतक टंकी पर सरपंच का नाम लिखकर गया। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने सरपंच जितेंद्र पिता पुरुषोत्तम, सरपंच के पिता पुरुषोत्तम पाटीदार और भाई लोकेश सहित औद्योगिक थाना जावरा के पुलिसकर्मियों पर मारपीट एवं झूठी शिकायत में फसाने का गंभीर आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार मृतक लक्ष्मीचंद ने पुलिस अधीक्षक के नाम नौ दिन पूर्व 12 फरवरी शिकायत का आवेदन दिया था। आवेदन में बताया था कि 11 फरवरी की मध्य रात करीब 1 बजे वह खेत में फसल को पानी पिलाने का काम कर रहा था तभी अज्ञात चोर आए और खेत में लगी झटका मशीन से करंट की चपेट में आ गए। मेने जाकर तुरंत बटन दबाकर मशीन को बंद किया, तभी अचानक 8 से 10 युवकों ने मारपीट शुरू कर दी और खेत में लगी मशीने को कुएं में फेंक दिया।

वही, मौजूद सरपंच, सरपंच के पिता एवं भाई साथियों के साथ मुझे थाने पर लेकर आए और मुझ पर मशीनों को फेंकने का झूठा आरोप लगाकर पुलिस को शिकायत करने लगे। सरपंच द्वारा की गई शिकायत पर मेरी किसी ने बात नहीं सुनी और मुझे लॉकअप में बंद कर बहुत मारा और जाती सूचक शब्दों से अपमानित किया। सरपंच के कहने पर एक स्टार पुलिस जो कि विकलांग था और एक अन्य पुलिस दोनों ने मिलकर बहुत मारा और प्रताड़ित किया। जिससे मुझे छाती पर गंभीर चोटे आई है।शनिवार की सुबह करीब 6 बजे मृतक के बाद भाई मांगीलाल पवार जैसे पानी की टंकी पर पहुंचा तो छोटा भाई को फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनों को सूचित किया। आक्रोशित परिजनों ने पिपलोदा रोड स्थित ओवर ब्रिज पर शव को रखकर चक्का जाम कर दिया। मृतक के परिजन सरपंच के अवैध मकान को तोडने, प्रकरण दर्ज करने और मामले में मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी को सस्पेंड करने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार, तहसीलदार और सीएसपी भी मौके पर पहुंचे।



### वात्सल्य धाम में वृद्धजनों को मिली थेरेपी रूम की सौगात

**मंदसौर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वात्सल्यधाम (वृद्धाश्रम) में वृद्धजनों की सुविधा हेतु सर्वाइकल व स्पाइन थेरेपी चेयर एवं थेरेपी रूम का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी और सचिव कपिल भंडारी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में यह सेवा कार्य समर्पित किया गया। इस दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में रोटरी क्लब की भूमिका को अनुकरणीय बताते हुए वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश सिसोदिया ने कहा है कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही समाज को एकता के सूत्र में पिरोती है। रेडक्रॉस के पूर्व चेयरमैन प्रीतेश चावला ने इस सौगात को वृद्धजनों के स्वास्थ्य के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम के दौरान वात्सल्य धाम की प्रबंधक और सह-प्रबंधक का सम्मान भी किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ने विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी इसी तरह टीम वर्क के साथ मानवता की सेवा में जुटे रहेंगे।कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंघवी, डॉ.कमलेश कुमावत, सुरेंद्र जैन योग गुरु, समाजसेवी संजय मुरडिया व विजय शर्मा (पोपट) भी मंचासिन थे। क्लब के पूर्व अध्यक्ष कनक पंचोली ने किया व आभार क्लब सचिव कपिल भंडारी ने माना।

### अमेरिकी ट्रेड डील के विरोध में 24 फरवरी को विधानसभा घेरेगी कांग्रेस




**मंदसौर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने प्रेस वार्ता में कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी आगामी 24 फरवरी को भोपाल में विधानसभा का घेराव करेगी। यह आंदोलन विशेष रूप से भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में आयोजित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के सोयाबीन, कपास और मक्का उत्पादक किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। श्री गुर्जर ने कहा कि अमेरिकी उत्पादों के आयात से स्थानीय मंडियों में दाम गिरेंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। इसके साथ ही कांग्रेस ने राज्य सरकार के तीन मंत्रियों कैलाश विजयवर्गीय, विजय शाह और राजेंद्र शुक्ला से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की है। कांग्रेस की मुख्य मांगों में ट्रेड डील पर श्वेतपत्र जारी करना और किसानों के लिए मूल्य सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन और महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी भी मौजूद रही।

### सरदार पटेल चौराहे पर रोटरी निर्माण कार्य रोकने के लिए पूर्व विधायक सिसौदिया ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**मंदसौर।** पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे के रोटरी निर्माण कार्य को फिलहाल रोकने की मांग को लेकर कलेक्टर अदिति गर्ग को पत्र लिखा है। श्री सिसौदिया ने तर्क दिया है कि प्रदेश शासन द्वारा रतलाम-नसीराबाद मार्ग के शहरी हिस्से के लिए 7 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन सीमेंट कंक्रीट रोड की स्वीकृति दी जा चुकी है। चूंकि यह नई सड़क जिला जेल तक चौड़ीकरण के साथ बनेगी, इसलिए वर्तमान में चल रहा निर्माण कार्य व्यर्थ जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया है कि नई सड़क की कार्ययोजना में इस चौराहे को शहर के सबसे सुंदर और आकर्षक चौराहे के रूप में डिजाइन किया जाए और सरदार पटेल की प्रतिमा को सर्कल के बिल्कुल मध्य में स्थापित किया जाए। उन्होंने अस्पताल, शुक्ला कॉलोनी और गोल चौराहे की तरफ से आने वाले मार्गों को भी व्यवस्थित तरीके से सर्कल से जोड़ने की बात कही है ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।

### हरिया खेड़ा में युवक ने की आत्महत्या, सरपंच गिरफ्तार ए एस आई लाइन अटैच

**जावरा ।** समीप ग्राम हरिया खेड़ा के एक युवक द्वारा शनिवार को गांव में ही बनी पेयजल टंकी पर चढ़कर आत्महत्या कर किए जाने से सनसनी फैल गई। मृतक लक्ष्मी चंद भिल जो कि गांव में ही एक पाटीदार परिवार के यहां खेत पर कार्य करता था ।उन्होंने ही विगत दोनों झूठे विवाद में फंसा कर जबरन मारपीट कर जबरन जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर औद्योगिक क्षेत्र थाने पर पुलिस से बुरी तरह पिटवाया गया। मृतक ने ऐसी लिखित शिकायत 12 फरवरी को जिलाधीश एवं एसपी को की थी। उक्त घटना के पश्चात ग्रामीणों ने सिटी औव्हर बीच पर चक्का जाम कर दिया ।सूचना मिलते ही सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार भी जावरा पहुंचे तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल सीएसपी यशपाल सिंह औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी विक्रम सिंह तहसीलदार एवं अन्य मौके पर पहुंचे। चर्चा के पश्चात औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गांव के सरपंच जितेंद्र पाटीदार सहित तीन आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद किया घटना के पूर्व मारपीट के मामले में औद्योगिक क्षेत्र थाने पर पदस्थ सहायक उप निरीक्षक आशीष मगरिया को एसपी अमित कुमार ने तुरंत लाइन हाजिर कर दिया। घटना में फरार दो अन्य आरोपियों की पुलिस सर गर्मी से तलाश कर रही है पुलिस ने सरपंच जितेन पाटीदार को गिरफ्तार कर लिया।

### तीन दिवसीय नाहर सैय्यद मेला 28 से, मेला सभापति बब्बन युसुफ गौरी को बनाया

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा आगामी 28 फरवरी से आयोजित होने वाले सुप्रसिद्ध 49वें राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सीएमओ प्रेमकुमार सुमन ने बताया कि नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन के लिए मेला समिति का गठन किया है। वार्ड क्रमांक 30 की पार्षद श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी को समिति का सभापति मनोनीत किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में पार्षद आशीष गौड़, श्रीमती खेरून बी, शेहजाद पटेल, श्रीमती मंजू अनिल मालवीय और श्रीमती रफत पयामी को शामिल किया गया है। यह समिति मेले के सफल और भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार करेगी। इस मेले में 28 फरवरी को सुफियाना कव्वाली, 1 मार्च को अ.भा. मुशायरा व कवि सम्मेलन और 2 मार्च को महफिले कव्वाली का आयोजन होगा।

## शुजालपुर में युवक का शव मिलने से सनसनी जहरीला पदार्थ सेवन की आशंका

**शुजालपुर।** सिटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कड़वाला में शुक्रवार अल सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कडवाला गांव निवासी धारा सिंह पिता रामचरण करंजिया 21 वर्ष के रूप में हुई है। वह अविवाहित था तथा एक हार्डवेयर दुकान पर कार्य करता था। परिजनों के अनुसार धारा सिंह गुरुवार शाम करीब पांच बजे अपनी बहन के गांव सकेंड़ी जाने की बात कहकर घर से निकला था। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने उसे चौकी शाहपुर मार्ग पर अचेत अवस्था में पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को शव के पास सल्फ ास की दो खाली पुडिया मिलीं। प्रारंभिक रूप से जहरीला पदार्थ सेवन करने की आशंका जताई जा रही है। रात भर हुई बारिश के कारण शव पूरी तरह भीगा हुआ मिला। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत प्री-सिटिंग बैठकों में दिए दिशा-निर्देश



**शुजालपुर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निदेर्शानुसार वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च 2026 को जिला न्यायालय शाजापुर एवं सिविल न्यायालय शुजालपुर में किया जाएगा। लोक अदालत को सफ ल बनाने तथा अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्री-सिटिंग बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। तहसील शुजालपुर अंतर्गत अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं तृतीय जिला न्यायाधीश सपना पोर्ते की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में संबंधित पक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में तहसील न्यायालय के न्यायाधीशगण, अभिभाषक संघ शुजालपुर के पदाधिकारी व अधिवक्ता तथा बीमा कंपनियों के अधिवक्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिकतम निराकरण पर जोर दिया गया। विशेष रूप से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मामलों एवं धारा 138 एन आई एक्ट के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर चर्चा की गई। लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, वैवाहिक, धन वसूली तथा मोटर दुर्घटना दावा संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोक अदालत का लाभ उठाएं।

## मंत्रियों की टिप्पणी के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन लोकतांत्रिक मयार्दा के विपरित बताया



**शुजालपुर।** ब्लॉक कांग्रेस ने शुक्रवार दोपहर 3 बजे शुजालपुर सिटी स्थित अंबेडकर पार्क में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विधानसभा सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी तथा मंत्री करण सिंह वर्मा के अपमानजनक शब्दों पर नाराजगी जताई। कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादा के विपरीत बताते हुए दोनों मंत्रियों की सद्बुद्धि की कामना की। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 5वीं-8वीं की परीक्षाओं में नियम ताक पर, अपने ही स्कूल के शिक्षकों ने करवाई परीक्षा



**शाजापुर।** जिले में चल रही कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाओं में शिक्षा विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के नियमों को दरकिनार करते हुए कई केंद्रों पर उन्हीं शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है, जो उन बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के आला उमरोद, खेड़ा पहाड़, सांप खेड़ा और पिपल्या गोपाल सहित कुल 5 स्कूलों के विद्यार्थी कक्षा 5 और 8 की परीक्षा दे रहे थे। जब परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया, तो यह चौंकाने वाली बात सामने आई कि परीक्षा कक्ष में जो शिक्षक पर्यवेक्षक की भूमिका निभा रहे थे, वे कोई और नहीं बल्कि उन्हीं स्कूलों और कक्षाओं के शिक्षक थे। सूत्रों के अनुसार शिक्षा विभाग के स्पष्ट नियमानुसार, बोर्ड पैटर्न पर आधारित इन परीक्षाओं में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए क्रॉस-ड्यूटी लगाई जाती है। यानी जिस स्कूल के बच्चे परीक्षा दे रहे हों, वहां पर्यवेक्षक के रूप में अनिवार्यतः किसी अन्य स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए, लेकिन नियमों की इस तरह से अनदेखी ने परीक्षा व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अपने ही स्कूल के शिक्षकों द्वारा परीक्षा करवाने से नकल और पक्षपात की संभावना बनी रहती है। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस लापरवाही का संज्ञान लेकर केंद्र प्रभारियों और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई करते हैं।

### आष्टा मार्ग पर दो चार पहिया वाहन टकराए तो तलेन रोड पर स्कूटी को मारी टक्कर

# नेशनल हाईवे पर हुए दो सड़क हादसे, दो की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



नेशनल हाईवे 752 सी पर क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटना हुई। एक दुर्घटना तलेन मार्ग पर हुई, जिसमें स्कूटी पर सवार महिला की मृत्यू हो गई, उधर आष्टा मार्ग पर होटल तनिषी के समीप शुक्रवार की सुबह दो चार पहिया वाहन आमने सामने टकरा गए। इस दुर्घटना में एक 77 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई साथ ही चार घायल हो गए, जिसमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

**बहन की शादी के लिए आई थी**

पचोर शुजालपुर मार्ग पर एक्टीवा को एक कार ने गुरूवार की शाम को टक्कर मारी, मिली जानकारी अनुसार लक्ष्मी पत्नी संतोष मीणा निवासी पांगरी जिला सीहोर अपनी छोटी बहन के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए तलेन के समीप धुंआखेडी गांव आई थी, जहां से अपनी बहन के साथ शुजालपुर खरीदारी करने के बाद एक्टीवा से वापस गांव जा रही थी इसी दरमियान तलेन मार्ग पर कार ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में लक्ष्मी को गंभीर चोट आने से मृत्यू हो गई, साथ ही बहन भी गंभीर रूप से घायल हुई।

**कांच टूटने के बाद बाहर गिरा चालक**

आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर शुक्रवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ, बता दे इस हाईवे पर किशोनी जोड के समीप मार्ग की चौड़ाई कम हो जाती है, जहां पर अक्सर हादसे होते है। आष्टा तहसील के गोंदी गांव से विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ग्रामीण शुजालपुर आ रहे थे, सुबह लगभग 8 बजे वेगनॉर में सवार इन ग्रामीणों का वाहन सामने आ रही मारूति वेन से सीधे टकराया, इस दुर्घटना में बद्रीप्रसाद परमार पिता बावलजी परमार 77 वर्ष निवासी गोंदी की मृत्यू हो गई, उधर मुकेश परमार, देवीलाल परमार व ज्ञान सिंह घायल हो गए, जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में मुकेश परमार को पैरों में गंभीर चोटे आई। वेगनॉर से टकराने वाली मारूति वेन को कृष्णानगर कॉलोनी शुजालपुर निवासी दुध व्यवसायी मजहर लाला पिता मसूद चला रहा था और शुजालपुर से गांवों में दुध लेने के लिए जा रहा था, दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मजहर लाल कार के सामने के शीशे टूटने के बाद सड़क काफी दुर तक घिसटाता रहा। दुध व्यवसायी मजहर लाल के दोनों पैर में गंभीर चोट होने के साथ ही हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में दुर्घटना का मामला दर्ज किया।



# बारिश से फसलों को भारी नुकसान

### किसान चिंतित, सर्वे कर मुआवजा देने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी गेहूं, चना, सरसों सहित अन्य रबी फसलों को नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर फ सलें जमीन पर गिर गईं, जिससे उत्पादन घटने की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि फ सल कटाई की तैयारी चल रही थी, लेकिन अचानक बदले मौसम ने चिंता बढ़ा दी। जिन खेतों में गेहूं पककर तैयार था, वहां बारिश के कारण दाने काले पड़ने और अंकुरित होने का खतरा है। वहीं चना और सरसों की फसल में नमी बढ़ने से गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तेज हवा के साथ हुई बारिश से फ सलें अधिक प्रभावित हुई हैं। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों तक मौसम साफ नहीं हुआ तो नुकसान और बढ़ सकता है।

किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन कराने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि बढ़ती लागत और बाजार में अनिश्चित दाम के बीच यह प्राकृतिक मार आर्थिक संकट को और गहरा कर सकती है। क्षेत्र में बुधवार की शाम से बदले इस मौसम के कारण तापमान में भी गिरावट हुई है, शुक्रवार की सुबह जहां तेज बारिश हुई वही दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और बुंदाबांदी का दौर चलता रहा।

## 22 फरवरी अति-विष्णु यज्ञ एवं वसन्तोत्सव मेला

**खिलचीपुर।** राजगढ़ रोड स्थित बड़ा मेला ग्राउंड पर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर होने जा रहा है। कैवल्य योग आश्रम न्यास (दोलाज-खिलचीपुर) के तत्वावधान में और वाचस्पति डॉ. स्वामी रघुनाथानंदजी श्री 'अवधूत' की प्रेरणा से इस वर्ष भी भव्य 'अति-विष्णु यज्ञ एवं वसन्तोत्सव मेला' का आयोजन 22 फरवरी 2026 से शुरू होकर 3 अप्रैल 2026 तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 फरवरी (रविवार) को फाल्गुन पंचमी के शुभ अवसर में सुबह 10:30 से 11:30 बजे के बीच वृषभ लग्न में विधि-विधान से ध्वजारोपण शुरू होगा। वहीं 22 फरवरी से 6 मार्च तक नवग्रह शांति अनुष्ठान संपन्न होंगे।शोभायात्रा और यज्ञ की प्रमुख तिथियाँ ,7 मार्चः भव्य जल यात्रा (शोभा यात्रा) मार्च चैत्र कृष्ण चतुर्थी शनिवार समय 10:45 से निकाली जाएगी। 8 मार्चः मण्डल निर्माण का कार्य होगा, 9 मार्चः दोपहर 3:15 बजे अरणी मंथन के साथ अग्नि प्रज्वलित की जाएगी,10 मार्च से 2 अप्रैलः प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 और दोपहर 1 बजे से यज्ञ-हवन की आहुतियाँ डाली जाएंगी। 3 अप्रैलः शुक्रवार को चित्रा नक्षत्र में महायज्ञ की पूणार्हुति होगी।गाड़गंगा में अमृत स्नान का महत्व महोत्सव के दौरान पुण्य सलिला गाड़गंगा में पवित्र स्नान के तीन विशेष योग बन रहे हैं,मीन संक्रांतिः 14 मार्च (शनिवार) वारुणी पर्वयोगः 17 मार्च (मंगलवार),चैत्र पूर्णिमाः 2 अप्रैल (गुरुवार) न्यास द्वारा समस्त धर्मप्रेमी जनता को इस दिव्य आयोजन में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का करबद्ध निवेदन किया गया है।

## इमली स्टैंड नाले को बनाया कूड़ा घर, रहवासियों ने जताई बीमारी की आशंका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर शहर के इमली स्टैंड स्थित डेडा पुलिया के नाम से पहचाना जाने वाला गन्दा नाला इन दिनों नाले के पास स्थित मकानों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी ने स्थानीय लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इमली स्टैंड नाले के पास बने घरों से भारी मात्रा में कचरा सीधे नाले में फेंका जा रहा है, जिससे नाला पूरी तरह जाम होने की कगार पर है।



**गंदगी से बढ़ रहा बीमारियों का खतरा**

स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले के किनारे बने मकानों के लोग सारा कचरा और गंदगी सीधे पानी में डाल रहे हैं। इसके चलते पूरे क्षेत्र में भीषण दुर्गंध फैल रही है और मच्छर पनप रहे हैं। रहवासियों को डर है कि इस गंदगी की वजह से क्षेत्र में कभी भी कोई बड़ी बीमारी या महामारी फैल सकती है। लोगों ने कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

**नगर परिषद की चेतावनी**

इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए नगर परिषद सीएमओ देवनारायण दांगी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि नाले में कचरा फेंकना पूरी तरह अवैध है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जाएगी, ताकि स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे।

### अशोभनीय और अमर्यादित भाषा के विरोध में पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# अनर्गल बयानबाजी करने और वैमनस्यता फैलाने वाले मंडल की पार्षद रामवीर ने की घोर निंदा

### प्रेस कांफ्रेंस में पार्षद जाटव ने कहा दामोदर यादव मंडल माफी मांगे या अपने बयान वापस लें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



जिले की विधानसभा राघौगढ़ और आरोन में आयोजित सभा के दौरान भीम आर्मी/आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर यादव मण्डल के भाषणों को लेकर शहर में सियासी हलचल तेज हो गई हैं। 17 फरवरी को आयोजित एक कार्यक्रम में आपत्तिजनक बयानबाजी का आरोप लगाते हुए वार्ड 21 के कांग्रेस पार्षद रामवीर जाटव ने अपने लेटरपेड पर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में संबंधित नेता के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है और अशोभनीय तथा अमर्यादित भाषा का उपयोग करने पर कड़े शब्दों में निंदा की है। इसके साथ ही पार्षद ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यादव मंडल सार्वजनिक रूप से माफी मांगे या अपने बयान वापस लें।

ज्ञापन कार्यक्रम के बाद आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्षद रामवीर ने कहा कि इस तरह के भडकाऊ बयान सामाजिक सौहार्द्र और कानून-व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। उनकी भाषा शैली ठीक नही है उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह और मध्यप्रदेश के भावी भविष्य राघौगढ़ विधायक जयवर्धनसिंह के बारे में अनर्गल बयानबाजी करके वैमनस्यता फैलाने का काम किया है। पार्षद श्री जाटव का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह राजनीति में उनके आदर्श हैं वे दिलों पर राज करने वाले राजा हैं। उनके पुत्र युवराज जयवर्धनसिंह उनके नक्शे कदम पर चल रहे हैं इसलिए ऐसी बयानबाजी से उनके आत्मसम्मान को ठेंस पहुंचाना यानि उनके कार्यकर्ता को ठेंस पहुंचाना है। कांग्रेस पार्षद रामवीर जाटव ने कहा कि यह अपमान वे हरगिज नही सहेंगे चाहे उन्हे आंदोलन ही क्यों न करना पड़े। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि भीम आर्मी/आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर यादव की आमसभा/रैली पर रोक लगाई जाए और उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

**भडकाऊ भाषण देना अत्यंत दुर्भाग्य एवं निंदनीय**

प्रेस कॉन्फ्रेंस के उन्होंने कहा कि मैं स्वयं अनुसूचित जाति जाटव समाज से संबंध रखता हूँ एवं वर्तमान में वार्ड क्र.21 से पार्षद हूँ। और यह स्पष्ट करना चाहता हूँ कि किसी भी जाति, वर्ग और नाम पर समाज में भडकाऊ भाषण देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक एवं सामान्य सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है। व्यक्तिगत रूप से भी जब मैं कठिन परिस्थितियों में था तब उन्होंने मेरा सहयोग किया, जबकि तथाकथित सामाजिक संगठन के नेता अनुपस्थित रहे। दिग्विजय सिंह द्वारा एससी/एसटी महिलाओं एवं वंचित वर्गों के लिये प्रमुख कार्य मुख्यमंत्री कार्यकाल वर्ष 1993 से 2003 तक किए गए। वे आज भी हर वर्ग विशेष के संकट में साथ खड़े दिखाई देते हैं। ऐसे हमारे आदर्श राष्ट्रीय नेता को सार्वजनिक मंचों से असंवैधानिक भाषा से कोसना घोर निंदनीय कृत्य है।



## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्र वितरित

**सुसनेर।** सांदीपनि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह परीक्षा 21 नवंबर 2025 को गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। विद्यालय स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में कक्षा 5वीं से 12वीं तक कुल 279 विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ था. जिनमें से 269 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में सादगीपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न हुआ। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मार्गदर्शक शिक्षक शिवलाल दाँगी के सानिध्य में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सहयोगी शिक्षक कमलेश राठौर, अभिषेक पांडे, संतोष जादमे, कुलदीप जैन, पंकज जोनवाल, शफीक काजी, चेतना शर्मा, राजश्री देवड़ा एवं कविता सोलंकी ने प्रमाण पत्र वितरण में विशेष भूमिका निभाई। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## बे मौसम बरसात से सड़कों पर आ गया कीचड़ रहवासीगण परेशान



**खाचरौद।** नगर में बेमौसम बरसात होने से दैनिक जीवन अस्त पस्त हो गया। शादीयो के सीजन और अचानक बरसात होने पर ठण्ड ने पुरे शहर को आगोश मे ले लिया। पुरा नगर तरबतर हो गया बेमौसम बरसात से किसान के चेहरे पर चिंता की लकीर आ गई।खड़ी फसलो को नुक्सान हो रहा हे। ठण्डीशीतलहर से फसले चैपट होगई। गणेश देवली पर चंद मिनट में नाली का गंदा पानी से सड़के पट गई। नगरपालिका की पोले पुनः खुल गई। नालीयो की सफाई नही होने से ये हालात हो गये। सड़क पर गंदा कीचड़ हो गया। गणेशदेवली के आसपास सभी धर्मशाला में शादीयॉ होने से रिश्तेदारो को गंदे कीचड से होकर गुजरना पड़ रहा है। सभीजन परेशान हो रहे है। नगरीय प्रशासन ध्यान नही दे रहा है रहवासीयो मे आक्रोश बढ़ रहा है।

## निजी व्यय से शासकीय विद्यालय निर्माण में सहयोग



**राजगढ़-ब्यावरा।** समाज में शिक्षा के प्रति समर्पण और जनभागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नरसिंहगढ़ क्षेत्र के ग्राम बाड़ी ग्राम पंचायत चैनपुरकलां में शासकीय प्राथमिक विद्यालय के निर्माण में निजी व्यय से विशेष सहयोग प्रदान किया। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने देवेंद्र सिंह राठौड़ को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जब समाज के सजग नागरिक शिक्षा जैसे पवित्र कार्य में आगे आते हैं, तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। विद्यालय निर्माण में दिए गए सहयोग से विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा, जो उनके सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की आधारशिला है। ऐसे प्रयास न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देते हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में प्रेरणा का संचार करते हैं। साथ ही विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने भी योगदान के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से बच्चों को सुरक्षित, सुविधा जनक और प्रेरक शिक्षण वातावरण मिलेगा। जिला प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि समाज के अन्य नागरिक भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में इसी प्रकार आगे आकर सहभागिता निभाएँगे, ताकि जिले को प्रगति की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके।

## विप्र सेना के शुजालपुर विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त



**शुजालपुर।** विप्र सेना मध्य प्रदेश ने संगठन विस्तार के तहत एडवोकेट पं. दीपक शर्मा को शुजालपुर विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति प्रदेश प्रभारी पं. सुनील शर्मा एवं जिलाध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा कालापीपल की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष पं. रोहित नागर द्वारा राष्ट्रीय प्रमुख पं. सुनील तिवारी की सहमति से की गई। संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में समाजहित के कार्यों को गति मिलेगी। नियुक्ति पर समाजजनों ने बधाई दी।

## 'कमाल से भी बढ़कर', अनुपम खेर ने दिया अनिल कपूर की 'सूबेदार' के ट्रेलर पर रिएक्शन



अनिल कपूर अपनी आगामी फिल्म 'सूबेदार' को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिनों रिलीज हुए इसके टीजर को अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। अब दर्शक फिल्म के ट्रेलर का इंतजार कर रहे हैं। आधिकारिक रूप से ट्रेलर अभी रिलीज नहीं हुआ है। मगर, अनिल कपूर ने अपने जिगरी दोस्त और एक्टर अनुपम खेर को ट्रेलर हाल ही में दिखाया। इसे देख अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर रिएक्शन शेयर किया है।

### 'आपने जो किया, वह कमाल से भी बढ़कर'

अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अनिल कपूर के अभिनय की जमकर तारीफ की है। मगर, बाद में वे माफी मांगते दिखे हैं। 69 वर्षीय अनिल कपूर का काम देख अनुपम खेर हैरान रह गए हैं। उन्होंने लिखा है, 'मेरे प्यारे अनिल। आपने मुझे अपनी फिल्म 'सूबेदार' का ट्रेलर दिखाया, जो अभी आधिकारिक तौर पर रिलीज भी नहीं हुआ है। इसे देख मैं इतना चौंक गया हूं कि, मुझे तुरंत अपना रिएक्शन कैमरे पर दिखाना पड़ा। आपने एक बार फिर जो किया है, वह कमाल से भी बढ़कर है'।

### 'आप हमेशा चौंकाते हैं'


अनुपम खेर ने आगे लिखा है, 'हर फिल्म के साथ आपको खुद को नए तरीके से पेश करते देखना बहुत इंस्पायरिंग लगता है। जब हमें लगता है कि हमने अनिल कपूर का बेस्ट देख लिया है, तो आप एक नए शेड, एक नई रिदम, अपनी आंखों में एक नई आग के साथ आते हैं। ट्रेलर शानदार है। पावरफुल। लेयर्ड और आपकी परफॉर्मेंस में वह अनोखी इंटेंसिटी है। एक न्यूकमर की भूख और एक मास्टर का क्राफ्ट। यह कॉम्बिनेशन दुर्लभ है'।

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी को लेकर लगातार खबरें सामने आ रही हैं। इस बीच अब कपल का एयरपोर्ट से एक वीडियो सामने आया है। जानिए क्या उदयपुर के लिए रवाना हो गए दोनों सितारे...

# शादी की खबरों के बीच उदयपुर के लिए रवाना हुए विजय-रश्मिका?

## इस अंदाज में एयरपोर्ट पर आए नजर








रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी की खबरें इन दिनों बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनी हुई हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों 26 फरवरी को उदयपुर में एक प्राइवेट सेरेमनी में शादी करने वाले हैं। दोनों के इन्विटेशन कार्ड की एक फोटो भी सोशल मीडिया पर फैल रही है। हालांकि, अभी तक कपल की ओर से शादी को लेकर कोई कंफर्मेशन सामने नहीं आई है। इस बीच अब ये जोड़ा एयरपोर्ट पर नजर आया है। हालांकि, दोनों अलग-अलग दिखे, लेकिन इनके एयरपोर्ट पर नजर आते ही ये कयास लगाए जाने लगे कि दोनों उदयपुर के लिए रवाना हो रहे हैं।

### कैजुअल लुक में एयरपोर्ट पर दिखा कपल

आज सुबह यानी शनिवार 21 फरवरी को शादी की चचाओं के बीच रश्मिका और विजय देवरकोंडा को एयरपोर्ट पर देखा गया है। इसके बाद ये अटकलें लगाई गईं कि दोनों शादी के लिए उदयपुर रवाना हो रहे हैं।

हालांकि, अभी तक ये कंफर्म नहीं है कि दोनों कहां के लिए रवाना हुए हैं। लेकिन दोनों सेलेब्स एयरपोर्ट पर कैजुअल अंदाज में नजर आए। इस दौरान विजय देवरकोंडा जहां ओपन ब्लैक शर्ट और ब्लैक पैंट में नजर आए। वहीं रश्मिका ग्रे स्लीवलेस टी-शर्ट और ब्लैक लोअर में नजर आईं।

इस दौरान रश्मिका के माथे पर छोटी सी बिंदी भी नजर आई। दोनों ही सेलेब्स इस दौरान चेहरे पर मास्क लगाए हुए थे। गाड़ी से उतरते समये रश्मिका फोन में व्यस्त दिखीं। हालांकि, पैपराजी को देखकर उन्होंने हाय किया। इस दौरान दोनों साथ में नहीं बल्कि अलग-अलग नजर आए।

### सजे हुए विजय के घर का वीडियो और कार्ड की तस्वीरें वायरल

बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें विजय देवरकोंडा का घर झालरों से सजा हुआ नजर आ रहा था। इस वीडियो के सामने आने के बाद दोनों की शादी को लेकर चर्चाएं और भी तेज हो गईं। वहीं दोनों के इन्विटेशन कार्ड की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। इनमें शादी की तारीख 26 फरवरी बताई जा रही है, जबकि 4 मार्च को हैदराबाद में रिसेप्शन बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक कपल या उनके परिवार की ओर से शादी को लेकर को आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### शादी में होगी नो फोन पॉलिसी

बीते दिनों कई मीडिया रिपोट्स में दावा किया गया कि रश्मिका और विजय ने शादी के कार्यक्रम में नो फोन पॉलिसी को लागू किया है। यानी कोई भी गेस्ट फोन लेकर फंक्शन में शामिल नहीं हो सकेगा। यहां तक कि शादी को शूट करने वाली टीम ने भी एनडीए (गैर-खुलासा समझौता) पर हस्ताक्षर किए हैं। वहीं रिपोट्र्स में ये भी दावा किया जा रहा है कि दोनों ने शादी की सिक्योरिटी के लिए विदेशी कंपनी से डील की है।

# कन्फर्म हुआ यश का डबल रोल

## 'टॉक्सिक' की दुनिया में 'राया' ही नहीं 'टिकिट' का भी होगा बोलबाला



शुक्रवार को निर्देशक गीतू मोहनदास की फिल्म 'टॉक्सिक' का एक और टीजर रिलीज हुआ था। इसके सामने आने के बाद से ही फैंस में फिल्म को लेकर काफी जोश देखा जा रहा है। वहीं इस टीजर के आखिरी सीन में दिखने वाले मिस्ट्री मैन के लेकर भी दर्शकों के मन में कई सवाल थे। अब इस सवाल से खुद फिल्म के लीड एक्टर यश ने ही पर्दा उठा दिया है।

### कौन है 'टॉक्सिक' का मिस्ट्री मैन?

यश ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस को इस सवाल का जवाब दिया। इस पोस्ट में एक्टर यश खुद एक अलग लुक में नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है रॉकिंग स्टार यश एज टिकिट। वहीं इसे शेयर करते हुए यश ने लिखा- 'नर्क के लिए आपकी टिकिट'।

### डबल रोल या पास्ट? क्या होगी कहानी?

इस पोस्ट के साथ ही मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर यह घोषणा तो कर दी कि फिल्म में यश डबल रोल में होंगे पर दर्शकों के लिए एक नई पहेली सुलझाने को छोड़ दी है। टीजर में दिखाए गए सीन और अब पोस्टर से यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि टिकिट का किरदार 'राया' का बेटा है? या फिर खुद 'राया' के अतीत का कोई किस्सा है?

### 'धुरंधर' से होगा टॉक्सिक का सामना

फिल्म 'टॉक्सिक' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसी दिन रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' भी रिलीज होगी। दोनों फिल्मों को लेकर फैंस उत्साहित हैं और इनके बीच बॉक्स ऑफिस पर कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

बात करें यश की फिल्म की तो हिंदी भाषी दर्शकों को भी इस फिल्म का इंतजार है। फिल्म के टीजर ने देखते ही देखते मिलियन व्यूज पार कर लिए हैं। गीतू मोहनदास निर्देशित 'टॉक्सिक' में यश के अलावा कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मणी वसंत भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी।



भारतीय बेटियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में 17 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टीम इंडिया ने पहली बार टी20 सीरीज जीती है।

# पहली बार ऑस्ट्रेलिया में जीती टी20 सीरीज; 2-1 से जमाया कब्जा



**एडिलेड।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में 17 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टीम इंडिया ने पहली बार टी20 सीरीज जीती है। शनिवार को एडिलेड में खेले गए तीसरे मुकाबले में भारत ने स्मृति मंधाना (82) और जेमिमा रोड्रिग्स (59) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर सिर्फ 159 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में भारत के लिए श्री चरणी और श्रेयंका पाटिल ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि अरुंधति रेड्डी ने दो सफलताएं अपने नाम कीं। वहीं, रेणुका सिंह ने एक विकेट झटका।

### ऑस्ट्रेलिया की पारी

177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरूआत ही खराब हुई। श्रेयंका पाटिल ने जॉर्जिया वॉल को रेणुका के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 10 रन बना पाईं। दूसरा विकेट रेणुका ने नाम किया। उन्होंने बेथ मूनी को पवेलियन भेजा। वह सिर्फ छह रन बना सकीं। भारत के खिलाफ निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर ने सर्वाधिक 57 रनों की पारी खेली जबकि छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इस मैच में एलिस पेरी ने एक, ग्रेस हैरिस ने एक और कप्तान सोफी मोलिनेक्स ने छह रन बनाए। वहीं, किम गार्थ और डार्सी ब्राउन क्रमशः सात और आठ रन बनाकर नाबाद रहीं।

### शुरूआती झटके के बाद संभली टीम

भारत के लिए इस मैच में स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने पारी की शुरूआत की। शेफाली हालांकि, ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सकीं और किम गार्थ ने उन्हें अपना शिकार बनाया। शेफाली सात रन बनाकर आउट हुईं। इसे बाद मंधाना और जेमिमा रॉड्रिग्स ने मोर्चा संभाला और शानदार साझेदारी निभाई। इन दोनों ने भारतीय पारी को संभाला। इस दौरान मंधाना ने छक्के के साथ अर्धशतक भी पूरा किया। वहीं, जेमिमा भी पचासा लगाने में सफल रहीं।

### मंधाना-जेमिमा के अलावा अन्य बल्लेबाज रहे फ्लॉप

मंधाना और जेमिमा के अलावा भारतीय महिला टीम के अन्य बल्लेबाज फ्लॉप रहे और बड़ी पारी नहीं खेल सके। भारत के लिए मंधाना ने सबसे ज्यादा 55 गेंदों पर आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 82 रन बनाए। वहीं, जेमिमा 46 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 59 रन बनाकर आउट हुईं। ऋचा घोष सात गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 18 रन, अमनजोत कौर एक और दीप्ति शर्मा एक रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर दो रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया के लिए एनाबेल सदरलैंड को दो विकेट मिले, जबकि किम गार्थ और मोलिन्यूक्स को एक-एक सफलता मिली।

### भारत ने प्लेइंग-11 में किया एक बदलाव

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया। क्रांति गौड़ की जगह श्रेयंका पाटिल को मौका मिला। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने भी एक बदलाव करते हुए निक कैरी की जगह ग्रेस हैरिस को एकादश में शामिल किया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत:** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, रेणुका सिंह ठाकुर।

**ऑस्ट्रेलिया:** बेथ मूनी (विकेटकीपर), जॉर्जिया वोल, फोएबे लीचफील्ड, एलिस पेरी, एश्ले गार्डनर, जॉर्जिया वारेहम, एनाबेल सदरलैंड, ग्रेस हैरिस, किम गार्थ, सोफी मोलिन्यूक्स (कप्तान), डार्सी ब्राउन।

# बांग्लादेश के विश्वकप बहिष्कार पर फूटा कोच का गुस्सा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट में इस वक्त सियासी भूचाल मचा हुआ है। टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने पूर्व खेल सलाहकार आसिफ नजरुल पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि गलत फैसलों और यू-टर्न ने खिलाड़ियों के सपनों को चकनाचूर कर दिया।

टी20 विश्व कप में नहीं खेलने के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सलाहुद्दीन ने कहा कि युवा खिलाड़ियों का जीवनभर का सपना एक झटके में तोड़ दिया गया। उन्होंने खुलासा किया कि दो खिलाड़ी तो मानसिक कोमा जैसी स्थिति में चले गए थे। उन्होंने कहा, 'जब कोई लड़का विश्व कप खेलने आता है, वह अपने 27 साल का सपना लेकर आता है। आप एक सेकंड में वह सपना तोड़ देते हैं। अगर यह देशहित का फैसला है तो खिलाड़ी कुबार्नी देंगे, लेकिन निजी नुकसान की बात तो करनी पड़ेगी।'

मामला तब और गरमाया जब आसिफ नजरुल के बयानों में विरोधाभास सामने आया। पहले उन्होंने कहा था कि भारत में मैच नहीं खेलने का फैसला सरकार का है। बाद में उन्होंने दावा किया कि यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों के साथ मिलकर लिया गया था ताकि राष्ट्रीय गरिमा बची रहे। इस पर सलाहुद्दीन ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'उन्होंने खुलेआम झूठ बोला। मैं खुद शिक्षक हूं, शिक्षक आम तौर पर कम झूठ बोलते हैं। ढाका यूनिवर्सिटी जैसे शीर्ष संस्थान का व्यक्ति ऐसे बयान दे, यह हम स्वीकार नहीं कर सकते।'

# बांग्लादेश दौरे पर जाएगा पाकिस्तान, खेलेगा वनडे सीरीज

अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप से पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। पीसीबी ने बताया कि पाकिस्तान की टीम अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी।



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम 2027 वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए अगले महीने बांग्लादेश में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की है कि मैच 11, 13 और 15 मार्च को ढाका के शेरे बांग्ला स्टेडियम पर खेले जाएंगे। पाकिस्तानी टीम ने जुलाई 2025 में टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा किया था जिसमें उसे पराजय मिली थी।

पाकिस्तान को इस साल दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भी बांग्लादेश दौरा करना है। ये टेस्ट आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। मालूम हो कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को टी20 विश्व कप से बाहर करने को लेकर निराशा जताई थी और आईसीसी के फैसले की आलोचना की थी।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस,
हार फूल की गली,
फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147,
9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से
15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले
कारीगरों की व शर्ट व
सफारी बनाने वाले
कारीगरों की
आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी,
थोक रेट में टनों से
10-10 किलो के बंडल
में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज
मंडी के सामने 2400 स्क्वे.
फीट का शोरूम रेंट पर देना
है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व
सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और
विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### पेमेंट के लिए लगाया फोन, युवक के साथ की मारपीट, जान से मारने की भी धमकी दी

**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक युवक को पेमेंट के लिए कॉल करना महंगा पड़ गया। कॉल करने के बाद कुछ लोग उसके घर पहुंच गए और उसके साथ मारपीट कर दी। युवक ने मामले की शिकायत थाने में की। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक छोगालाल पिता गुलाब सिंह बघेल निवासी ग्राम रालामंडल की शिकायत पर सुशील पिता प्रकाश शिंदे और आरती निवासी हनुमान टेकरी असरावद खुर्द के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना शुक्रवार को फरियादी के घर के बाहर की है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने ठेकेदार राजू शिंदे को पेमेंट के लिए कॉल किया था। मगर राजू के भाई ने कॉल पर बात की। इसके कुछ देर बाद मेरे घर के सामने सुशील और आरती दोनों आए और कहने लगे कि तुने कोई काम नहीं किया है तेरा कोई पेमेंट बाकी नहीं है। भईया को कॉल क्यों लगाता है। इसी बात को लेकर उन्होंने गाली-ग्लौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सुशील ने डंडे से मारा, जिससे फरियादी के गर्दन के पास चोट आई। इस बीच फरियादी का बेटा बीच-बचाव करने आया तो सुशील और आरती ने उसके साथ भी गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे उसके सीने में चोट आई। यहां से जाते वक्त दोनों ने जान से मारने की भी धमकी दी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिलॉन्ग में हत्या करना चाहती थी पत्नी 42 लाख का सोना लेकर प्रेमी संग भागी

**इंदौर।** इंदौर के वकील को पत्नी ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर शिलॉन्ग ट्रिप में जहर दे दिया। ट्रिप के दौरान पति को पहाड़ पर ले गई। पहाड़ से धक्का देकर मारने की कोशिश की। शिलॉन्ग ट्रिप से लौटकर घर से 42 तोला सोना (कीमत करीब 40 लाख) और कैश लेकर भाग गई। इंदौर के पीड़ित वकील भूपेंद्र ने खुडैल थाने में अपनी पत्नी नीलिमा और उसके बॉयफ्रेंड शुभम गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक पत्नी ने जिसे भाई बताया था, वही उसका बॉयफ्रेंड था। पत्नी उससे चैटिंग करती थी। घर में बुलाकर रखती थी। सूचना है कि पुलिस ने शुभम गुप्ता को अरेस्ट कर लिया है। पीड़ित वकील भूपेंद्र के अनुसार, उनकी मुलाकात नीलिमा से एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट के माध्यम से हुई थी। उस समय महिला ने खुद को तलाकशुदा बताया था। पहचान बढ़ने के बाद नवंबर 2024 में दोनों ने शादी कर ली थी। शादी के कुछ समय बाद नीलिमा ने शुभम गुप्ता को अपना भाई बताया। नीलिमा ने अपने पति को बताया था कि शुभम मौसा का बेटा है। भाई बताने पर वकील ने शुभम को अपने घर आने-जाने दिया। वकील की गैरमौजूदगी में भी शुभग आते-जाते रहता था। घर में रहता था और लगातार बातचीत करते थे। चैटिंग भी करते थे। वकील का आरोप है कि शादी के बाद पति-पत्नी शिलॉन्ग घूमने गए थे। वहां एक दिन पत्नी ने खाने में जहर मिला दिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद पहाड़ी पर ले जाकर धक्का देने की कोशिश की, हालांकि वह किसी तरह बच गया।

दस्तावेजों की जांच के बाद अवैध कब्जा हटाने के आदेश


# 300 वर्ग फीट की मस्जिद निर्माण की अनुमति लेकिन तीस हजार वर्ग फीट में निर्मित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एमवायएच और सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल के पास मस्जिद को लेकर तहसीलदार कोर्ट ने माना कि वर्ष 1985 में जिस मस्जिद को अनुमति दी गई थी, उसका क्षेत्रफल 300 वर्ग फीट था। बाद में करीब 30 हजार वर्ग फीट सरकारी जमीन पर अन्य निर्माण कर लिया गया।

तहसीलदार कमलेश कुशवाह ने आदेश में कहा कि अनसर्वेड रेसीडेंसी एरिया के ब्लॉक 11 और 12 में मस्जिद और मुसाफिरखाने के अलावा किया गया निर्माण अनधिकृत कब्जा है। मस्जिद की मूल संरचना को छोड़ बाउंड्रीवाल और अन्य अवैध निर्माण तीन दिन में स्वयं हटाएं और नहीं हटाए जाने पर आरआई और पटवारी को बेदखली कराने के निर्देश दिए हैं।

**नजूल रिकॉर्ड में दर्ज जमीन-** एसडीएम प्रदीप सोनी के मुताबिक जूनी इंदौर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक नंबर 12 (नए सर्वे में ब्लॉक नंबर 38) में यह जमीन 0.70 एकड़ क्षेत्रफल की है। यह नजूल रिकॉर्ड में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। तहसीलदार ने नगर निगम से इस संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि 9 सितंबर 1985 को 300 वर्गफीट पर निर्माण की अनुमति दी गई थी।



#### सीआरपी लाइन शब्द जोड़ा

कोर्ट ने निगम, पटवारी रिपोर्ट व उपलब्ध दस्तावेजों की जांच कराई। इसमें सामने आया कि 9 सितंबर 1985 को दी गई अनुमति में मस्जिद का निर्माण 300 वर्ग फीट क्षेत्र में स्वीकृत था। गूगल सैटेलाइट इमेज से भी पुष्टि होती है कि प्रारंभिक निर्माण छोटा था।

### कार पलटने से तीन घायल

**इंदौर।** पीथमपुर सेक्टर-1 थाना क्षेत्र के आयशर चौराहे पर तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे सांड को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार में सवार तीन लोग घायल हो गए। चौराहे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के समय वहीं से गुजर रहे सेक्टर एक थाने में पदस्थ आरक्षक ने आसपास के दुकानदारों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

### अश्लील क्लिप भेजकर पैसे मांगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक एडवोकेट से व्हाट्सऐप वीडियो कॉल के जरिए ठगी और ब्लैकमेलिंग का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। वीडियो कॉल के बाद आरोपी ने अश्लील क्लिप भेजकर पैसों की मांग की। मामले में पीड़ित एडवोकेट ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दो अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एमआईजी थाना पुलिस के अनुसार, एडवोकेट राहुल की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को एक अनजान नंबर से व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल आया था। कॉल पर एक युवती की आवाज थी, जिसने खुद को किसी मामले में कानूनी सलाह लेने की बात कहते हुए उनसे बातचीत शुरू की। वीडियो कॉल के दौरान स्क्रीन पूरी तरह धुंधली थी और सामने वाला व्यक्ति दिखाई नहीं दे रहा था।

### एसवीआईएमएस में प्रबंधोत्सव का समापन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस, इंदौर में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव प्रबंधोत्सव 2026 का भव्य समापन समारोह उत्साह एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस महोत्सव में इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के 25 से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लेकर प्रतियोगिताओं को यादगार बना दिया।

KALIDAS MONTESSORI SENIOR SECONDARY SCHOOL
In Front of SBI Budhwariya, Ujjain (M.P.)
REQUIRED TEACHERS
- Principal: Candidate should be post graduate with B.Ed./M.Ed., 5 years teaching experience in Senior classes (CBSE) and Must have excellent academic and supervision talent.
- P.G.T: Hindi, Geography, History, Physics, Applied Maths. (Post Graduate in concerned stream with B.Ed.)
- T.G.T.: Maths, Hindi, English, Social Science (Post Graduation/ Graduation with B.Ed.)
- P.R.T.: English and Meths with B.Ed.
- P.T.I.: (B.P.Ed. / Diploma in Physical Education / Trained
- Librarian: B.Lib.
- Painting: Master in Arts, B.Ed.
Proficiency in English is must. Teaching experience will be preferred for all the posts. Please apply in your own hand writing giving all the details of experience and education qualifications Apply Upto 28-02-2026
ADMISSIONS OPEN ENROLL NOW Class Nursery to XI

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाड़ी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्नें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरूआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME
आवश्यकता है
अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक)
शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन
गृहिणी/कामकाजी
बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है
ROLES
- Marketing Manager
- Merketing Executive
- Sales Executive
- Team Leader
- Telecaller
WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारूती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com